खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 14°C

मेरठ, शुक्रवार 6 मार्च 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 274 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



राष्ट्रीय हितों की उपेक्षा कर रही मोदी सरकार : खड़गे — पेज 2



न्यूजीलैंड के ओपनर फिन एलन का फोकस अब फाइनल पर — खेल टाइम्स



कैरियर पिजन सर्विस : संचार का प्राचीन तरीका — सम्पादकीय



अमेरिका को होगा डेना पर हमले का पछतावा : अराघची — पेज 12

# ईरान ने दी इजरायल को परमाणु केंद्र पर हमले की धमकी

**तेहरान।** ईरान ने गुरुवार को इजरायल की डिमोना परमाणु स्थल को निशाना बनाने की धमकी दी है। ईरान ने कहा कि अगर इजरायल और अमेरिका ने उसकी सरकार को गिराने की कोशिश की, तो वह इस परमाणु केंद्र को निशाना बनाएंगे। यह धमकी इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज के बयान के बाद आई है।

काट्ज ने कहा था कि ईरान की सरकार जो भी नया नेता लाएगी, वह इजरायल के लिए एक टारगेट होगा। इजरायल की सेना ने बताया कि ईरान ने एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। इसके कारण यरुशलम, सेंट्रल इजरायल और वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों में खतरे के सायरन बजने लगे। ईरान की आईआरजीसी ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 के तहत मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। इस ऑपरेशन को 'या हसन इब्न अली' नाम के कोड से शुरू किया गया। आईआरजीसी का दावा है कि उन्होंने इजरायल और अमेरिका के सात से ज्यादा आधुनिक रडार सिस्टम नष्ट कर दिए हैं। ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर प्रेस टीवी के अनुसार, उनकी मिसाइलों ने इजरायल के 'थाड' डिफेंस सिस्टम को भी चकमा दे दिया।



आईआरजीसी ने दावा किया कि उन्होंने तेल अवीव में इजरायली रक्षा मंत्रालय और देश के मुख्य एयरपोर्ट बेन गुरियन सहित कई जगहों पर हमला किया है। इन हमलों की वजह से इजरायल के कई इलाकों में घंटों तक सायरन बजते रहे और लोगों को बंकरों में शरण लेनी पड़ी। आईआरजीसी ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में ये हमले और भी तेज और बड़े पैमाने पर होंगे। अमेरिका का कहना है कि उसका ऑपरेशन अभी शुरू ही हुआ है। इससे संकेत मिलते हैं कि यह युद्ध उम्मीद से ज्यादा लंबा खिंच सकता है। वहीं अमेरिका- इजरायल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के निधन के बाद देश में शोक की लहर दौड़ गई है। सरकारी मीडिया ने जानकारी दी है कि मरहूम अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के शव को तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला में रखने की तैयारी चल रही है। ग्रैंड मोसल्ला एक बड़ा प्रार्थना स्थल है, जिसका इस्तेमाल शहर के सबसे खास सरकारी और धार्मिक आयोजनों के लिए होता है। यह मरहूम सुप्रीम लीडर के लिए आयोजित तीन दिन के विदाई समारोह का हिस्सा है। मोसल्ला में हजारों शोक मनाने वालों के इकट्ठा होने की उम्मीद है। इस विदाई समारोह के बाद अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**कहा: अगर इजरायल और अमेरिका ने उसकी सरकार को गिराने की कोशिश की, तो वह इस परमाणु केंद्र को निशाना बनाएंगे**

**ईरान का बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला, इजरायल और अमेरिका के सात से ज्यादा आधुनिक रडार सिस्टम नष्ट किए**

# बिहार को मिलेगा नया सीएम नीतीश कुमार राज्यसभा जाएंगे



शाह टाइम्स ब्यूरो

**राज्यसभा के लिए किया नामांकन पांच दशक बाद चौथे सदन पहुंचेंगे नीतीश**

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही अब नीतीश की राजनीतिक पारी में एक और उपलब्धि जुड़ने जा रही है। वह अब अपने पांच दशक से ज्यादा लंबे चुनावी करियर में चौथे सदन के लिए दावेदार बन गए हैं।

नीतीश कुमार बिहार में बीते 21 साल से सत्ता का पर्याय बने हुए हैं। साल 2000 में भी नीतीश महज सात दिन के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे थे। वो वक्त हो या आज का वक्त नीतीश इन 25 वर्षों में कभी भी विधानसभा का चुनाव नहीं लड़े। हर बार विधान परिषद सदस्य के रूप में ही उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली। हालांकि, ऐसा भी नहीं है कि नीतीश कुमार सिर्फ विधान परिषद तक ही सीमित रहे।

## बंगाल के राज्यपाल और लद्दाख के एलजी का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल चुनाव से एक महीने पहले राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को बंगाल की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। उधर, लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने भी इस्तीफा दे दिया है। बोस ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा भेज दिया है। फिलहाल वे दिल्ली में मौजूद हैं। बोस 23 नवम्बर 2022 को बंगाल के राज्यपाल बने थे। वहीं, गुप्ता ने 18 जुलाई 2025 को कार्यभार संभाला था।

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607,9389076177

**16वां रोज़ा**

## अल्लाह पर ईमान और मगफिरत का रोशनदान है रोज़ा

इबादत इमारत की तरह है, ईमान बुनियाद की मानिन्द है। इस्लाम मजहब अल्लाह पर ईमान लाना और अल्लाह के पैगंबर के अहकामे शरीअत को दिल से तस्लीम करना, दरअसल मगफिरत का सिलसिला मानता है। रोज़ा भी इसी की एक कड़ी है। चूंकि रमज़ानुल-मुबारक के बयान की यह तहरीर सोलहवें रोज़े तक अल्लाह की मेहरबानी से पहुंच गई है। लिहाज़ा रोज़े की फज़ीलत के मद्देनज़र यह नुमायां हो जाता है कि रोज़ा अल्लाह पर ईमान है और मगफिरत का रोशनदान है।

# सैन्य संघर्ष किसी समस्या का समाधान नहीं: मोदी

**पीएम बोले: इजरायल- ईरान जंग जल्द खत्म हो, मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की**

**प्रधानमंत्री ने कहा: भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैन्य संघर्ष से कोई भी मसला हल नहीं हो सकता। भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा।

पीएम ने यह बात फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कही। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि सिर्फ सैन्य संघर्ष से कोई भी समस्या हल नहीं हो सकती। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब बुधवार को चार दिवसीय भारत दौरे पर आए हैं। इस दौरे का उद्देश्य व्यापार, निवेश और उभरती प्रौद्योगिकियों सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाना है। बैठक में दोनों देशों ने डिजिटलाइजेशन और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। दोनों पक्षों ने भारत-फिनलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक आगे बढ़ाने पर चर्चा की। मोदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 6जी टेलीकॉम, स्वच्छ ऊर्जा और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे हाई-टेक क्षेत्रों में सहयोग से दोनों देश आगे बढ़ेंगे। भारत-यूरोपीय फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग को और मजबूत करेगा। राष्ट्रपति स्टब ने आयरनमैन ट्रायथलान पूरा किया है, जो बेहद कठिन प्रतियोगिता मानी जाती है।

## अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर भारत ने जताई संवेदना

**नई दिल्ली।** भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नई दिल्ली स्थित ईरान के दूतावास पहुंचकर ईरान के मारे गए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के प्रति शोक व्यक्त किया।

इस दौरान उन्होंने दूतावास में रखी शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर कर अपनी संवेदनाएं दर्ज कीं। विक्रम मिस्री ने खामेनेई के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए ईरान की सरकार और वहां के लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की। भारत ने इस कठिन समय में ईरान के साथ एकजुटता और सहानुभूति व्यक्त की है। इसके साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने ईरान के राजनयिक प्रतिनिधियों से मुलाकात कर भारत की ओर से शोक संदेश दर्ज कराया। उन्होंने खामेनेई के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईरान की सरकार और वहां के लोगों के प्रति सहानुभूति जताई। भारत लंबे समय से ईरान के साथ कूटनीतिक और आर्थिक संबंध बनाए हुए है। ऐसे में इस घटना के बाद भारत की प्रतिक्रिया को क्षेत्रीय कूटनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत ने इस संकट के बीच संतुलित और सावधानी भरा रुख अपनाया है।

## भारत-फिनलैंड ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दिया दर्जा

**नई दिल्ली।** भारत और फिनलैंड ने प्रौद्योगिकी से लेकर रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिए अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने कहा है कि केवल सैन्य टकरावों से विवादों का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक सभी सैन्य टकरावों को जल्द रोकने पर भी जोर दिया है।

दोनों देशों ने कानून के शासन में विश्वास व्यक्त करते हुए वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की वकालत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत यात्रा पर आए फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ गुरुवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद



संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह बात कही। दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए। श्री मोदी ने कहा कि हम भारत-फिनलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं।




# भारत चौथी बार टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में

**इंग्लैंड को 7 रन से हराया, सैमसन ने 89 रन बनाए, बेकार साबित हुआ बेथेल का शतक**

**मुंबई।** भारत ने चौथी बार टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड को 7 रन से हराया। टीम 2007, 2014, 2024 में भी फाइनल तक पहुंच चुकी है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 253 रन बनाए। 254 रन चेज कर रही इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 246 रन ही बना सकी। जैकब बेथेल ने 48 बाल पर 105 रन की पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को फाइनल में नहीं पहुंचा सके। भारत की ओर से संजू सैमसन ने 89 रन की पारी खेली, जबकि शिवम दुबे ने 43 रन बनाए। ईशान किशन ने 39, हार्दिक पांड्या ने 27 और तिलक वर्मा ने 21 रन का योगदान दिया। भारत ने टी-20 वर्ल्डकप में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना लिया। टीम इंडिया का सबसे बड़ा स्कोर रिकॉर्ड 256 रन है। 254 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। टीम ने पावरप्ले में 68 रन बनाने में टॉप-3 विकेट गंवा दिए थे। वरुण चक्रवर्ती ने जोस बटलर (25 रन), बुमराह ने हैरी ब्रूक (7 रन) और हार्दिक पांड्या ने फिल साल्ट (5 रन) को पवेलियन की राह दिखाई। शिवम दुबे ने आखिरी ओवर डाला। इंग्लैंड को जीत के लिए 6 गेंद पर 30 रन चाहिए थे। पहली गेंद पर बेथेल ने दो रन लेकर स्ट्राइक लेने की कोशिश की, पर हार्दिक ने विकेटकीपर सैमसन के पास थ्रो फेंका, सैमसन ने गिल्लियां बिखेर दी, बेथल क्रीज से दूर रह गए।



## संक्षिप्त समाचार

### ईरान में अमेरिका इजरायल हमलों फारूक चिंतित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष पर चिंता व्यक्त की है और गंभीर वैश्विक परिणामों की चेतावनी दी। अब्दुल्ला ने गुरुवार को रियासी जिले के कात्रा कस्बे में पत्रकारों से कहा कि अगर स्थिति को सावधानीपूर्वक नहीं संभाला गया, तो बढ़ते तनाव से एक व्यापक वैश्विक संघर्ष भी शुरू हो सकता है। उन्होंने केन्द्र सरकार से इस मामले पर अपना रुख स्पष्ट करने का आग्रह भी किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को इस मुद्दे पर अपना आधिकारिक रुख स्पष्ट करना चाहिए क्योंकि इसी तरह के हस्तक्षेप अन्य देशों में भी हो चुके हैं। वैश्विक स्तर पर वर्तमान संघर्ष के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और अगर तनाव बढ़ता रहा तो यह एक और विश्व युद्ध का कारण बन सकता है।

### होलिका भस्म की पूजा कर योगी ने मनाई होली

**गोरखपुर।** होली के पावन महापर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में होलि. का भस्म की पूजा कर होली मनाने का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में फाग गीतों का आनंद लिया और गोवंश को भस्म व गुलाल लगाया और गुड़ खिलाकर गोसेवा की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गोरक्षपीठाधीश्वर के संग जमकर रंगों और फूलों की होली खेली। बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर होलिका भस्म की पूजा से हुई। मंदिर परिसर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास जाकर योगी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका भस्म की पूजा की और आरती उतारी, भस्म का तिलक लगाया।

# राष्ट्रीय हितों की उपेक्षा कर रही मोदी सरकार: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि हिंद महासागर में अमेरिकी हमले में ईरानी जहाज के डूबने की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की चुप्पी से साफ है कि देश के रणनीतिक और राष्ट्रीय हितों की घोर उपेक्षा की जा रही है।

खड़गे ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान का जो जहाज टारपीडो की चपेट में आने से डूबा है यह जहाज बिना सैन्य साजो सामान के था और भारत में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा 2026 से लौट रहा था। ईरानी नौसेना का जहाज ईरिस डेना भारत का आमंत्रित अतिथि था और यह विशाखापत्तनम में 15 से 26 फरवरी तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू 2026 में शामिल हुआ था। इस आयोजन में 70 से ज्यादा देशों की नौसेनाएं शामिल हुई थीं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि इस अतिथि के डूबने पर भारत की तरफ से कोई चिंता या संवे. दना व्यक्त नहीं की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर चुप हैं। मोदी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि जब आप अपने ही आंगन में हो रही घटनाओं पर प्रतिक्रिया नहीं दे सकते हैं तो हमें महासागर सिद्धांतों और हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के 'नेट सिक्योरिटी प्रोवाइडर' होने के सिद्धांतों पर उपदेश क्यों दे रहे हैं। उन्होंने इस घटना का विवरण देते हुए कहा कि होर्मुज की खाड़ी में 38 भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज और 1100 नाविक फंसे हुए हैं। कैप्टन आशीष कुमार समेत दो भारतीय नाविकों की कथित तौर पर मौत हो गई है। समुद्री बचाव या राहत अभियान क्यों नहीं चलाया जा रहा है। मोदी कहते हैं कि कच्चे तेल और अन्य तेल का भंडार केवल 25 दिनों के लिए बचा है। तेल की बढ़ती कीमतों के बीच, हमारी ऊर्जा संबंधी आपातक. ालीन योजना क्या है, खासकर भारत सरकार द्वारा रूसी तेल का आयात रो. कने की मांग को लगभग स्वीकार करने के बाद। खाड़ी देशों के साथ अन्य प्रमुख वस्तुओं के व्यापार का क्या होगा। उन्होंने सरकार की विदेश नीति पर भी सवाल उठाए और कहा कि विदेश मंत्रालय के 3 मार्च के बयान के अनुसार कुछ भारतीय नागरिकों की जान चली गई है या वे लापता हैं।

# जन समस्याओं के निस्तारण में शिथिलता अक्षम्य: योगी

## हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए

**गोरखपुर, वार्ता**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में जनता के साथ बुधवार दिनभर होली की खुशियां साझा करने के बाद गुरूवार को आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं को सुनने के बाद अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान तत्परता और संवेदनशील तरीके से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही अक्षम्य होगी।

मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 150 लोगों से मुलाक. ात करने के बाद कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीघ्ति की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। योगी ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए।

हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाघ्ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

## आम आदमी पार्टी ने प्रधानमंत्री को कठघरे में खड़ा किया

# अमेरिका-ईरान युद्ध पर मोदी की चुप्पी खतरनाक संकेत

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ अमेरिका ने व्यापार समझौता के जरिये भारत को रूस से तेल नहीं लेने के लिए मना लिया: सिसोदिया

आम आदमी पार्टी ने अमे. रिका-ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि यह देश के लिए खतरनाक संकेत है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने आज कहा कि प्रधानमंत्री की यह चुप्पी भारत के लिए खतरनाक संकेत है।

अमेरिका इस युद्ध की तैयारी कई महीने से कर रहा था। उसे पता था कि युद्ध शुरू होने के बाद तेल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है फिर भी अमेरिका ने व्यापार समझौता के जरिए भारत को रूस से तेल नहीं लेने के लिए मना लिया। ऐसे में देशवासी जानना चाहते हैं कि क्या अमेरिका ने हमारे प्रधानमंत्री को गुमराह किया या फिर खुद प्रधानमंत्री अमेरिका को खुश रखने के लिए भारत के हितों से समझौता किया? उन्होंने कहा कि आज एक भारतीय होने के नाते मन में कुछ बेहद गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

ठीक एक महीने पहले मोदी अमेरिका के साथ एक ट्रेड डील करते हैं। उस डील में अमेरिका की एक अहम शर्त मान ली जाती है कि भारत रूस से तेल आयात नहीं करेगा। हम रोघना इस्तेमाल होने वाले तेल का बड़ा हिस्सा विदेशों से खरीदते हैं इसलिए किसी एक या दो स्रोत को बंद कर देना सिर्फ एक कूटनीतिक फैसला नहीं होता। यह सीधे इस बात से जुघ होता है कि देश में तेल की आपूर्ती स्थिर रहेगी या नहीं, कीमतें नियंत्रित रहेंगी या नहीं और संकट के समय देश के पास विकल्प बचेंगे या नहीं। इसी को ऊर्जा सुरक्षा कहा जाता है। आप नेता ने कहा कि इस फैसले के सिर्फ 20 दिन बाद अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध शुरू हो जाता है। खुद अमेरिका की सरकार कह रही है कि इस युद्ध की तैयारी कई महीनों से चल रही थी। मतलब उन्हें पहले से पता था कि युद्ध होने वाला है। उन्हें यह भी पता था कि इससे तेल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसके बावजूद भारत से रूस का तेल छोघ्ने का फैसला करवा लिया गया। उन्होंने कहा कि कल अमेरिका ने इस युद्ध को लगभग भारत के दरवाजे तक ला खड़ा किया। 24 घंटे बीत गए, लेकिन प्रधानमंत्री के मुंह से एक शब्द तक नहीं निकला। यह चुप्पी सिर्फ चुप्पी नहीं है, बल्कि यह एक खतरनाक संकेत है। दुनिया में क्या संदेश जा रहा है कि भारत की सीमाओं के पास कोई भी आकर युद्ध कर सकता है और भारत का प्रधानमंत्री चुप बैठा रहेगा? यह सवाल उठना स्वाभाविक है। यह चुप्पी आखिर किसके हित में है? सिसोदिया ने कहा कि भारत के बुलावे पर 'मिलन युद्धाभ्यास 2026' में शामिल होने के लिए ईरान ने अपना जहाज भेजा था।

### दिल्ली सरकार को समस्याओं से कोई मतलब नहीं: आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने आरा. ेप लगाया कि दिल्ली की भाजपा सरकार को यहां की समस्याओं से कोई लेनादेना नहीं है बल्कि वह तो सिर्फ पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल को गाली देने में व्यस्त है। सुश्री आतिशी ने एक्स पर गुरुवार को कहा कि दिल्ली की जनता प्रदूषण, गंदे पानी, टूटी सड़कों, कूड़े के पहाड़ और अस्पतालों में दवाइयों की कमी से जूझ रही है। लेकिन भाजपा सरकार को जनता की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल को ष्फांसी घरष पर सवाल पूछने के लिए बुलाया है। उन्होंने कहा कि हम भाजपा को चुनौती देते हैं। जैसे विधानसभा की कार्यवाही प्रसारित होती है ठीक उसी तरह इस विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही का भी सीधा प्रसारण कराइए। दिल्ली की जनता भी देखे कि कैसे उनके असली मुद्दों और परेशानियों से भागकर भाजपा सिर्फ अरविद केजरीवाल को गालियां देने में व्यस्त है।

# अंतर्राष्ट्रीय हालात पर केंद्र का मौन चिंताजनक: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अमे. रिकी-इजराइली हमलों और उससे पैदा हुए अंतरराष्ट्रीय हालात को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इन हमलों का प्रभाव हिंद महासागर और भारत की सीमाओं के करीब तक पहुंचना देशवासियों के लिए चिंता का विषय है, लेकिन इस गंभीर मुद्दे पर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने अभूतपूर्व चुप्पी साध रखी है।

यादव ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, स्पष्ट किया जाए कि इसे 'चुप्पी' माना जाए या किसी विशेष भय के कारण इसे 'घिग्घी बंधना' माना जाए। भाजपा सरकार की ऐसी क्या मजबूरी है कि उनके होंठ किसी ने सिल दिए हैं। जनता पूछ रही है कि आपका कौन सा पत्ता दबा है। उन्होंने कहा कि एक अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा होने के नाते ए देश की सरकार, विदेश मंत्रालय डिफेंस मिनिस्टरी का संयुक्त दायित्व बनता है कि उसे अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए, परंतु कई दिनों की प्रतीक्षा के बाद भी सरकार द्वारा मुंह न खोलने पर, इस वैश्विक मुद्दे पर विपक्ष को मजबूर होकर बोलना पड़ रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि इस संकटकाल में सरकार आगे आए और देश की जल, थल, वायु सीमाओं की रक्षा सुनिश्चित करे। जो भाजपा सरकार कुछ कह भी नहीं रही है, वो करेगी क्या, ये सोचकर देशवासी परेशान हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 80015.90
निफ्टी 24765.90



सोना 166000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 287000
प्रति किलो



# गिरावट से उबरे शेयर बाजार सेंसेक्स 900 अंक उछला

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आई और बीएसई का सेंसेक्स 900 अंक की बढ़त में बंद हुआ।

सेंसेक्स सुबह 414 अंक की बढ़त में खुला था और लगभग पूरे दिन 300 से 400 अंक की तेजी में रहा। हालांकि आखिरी घंटे में लिवाली तेज होने से इसका ग्राफ सीधे ऊपर की ओर चढ़ा। अंत में सेंसेक्स 899.71 अंक (1.14 प्रतिशत) उछलकर 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 285.40 अंक यानी 1.17 फीसदी चढ़कर 24,765.90 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले पिछले तीन कारोबारी दिवसों में बाजार में बड़ी गिरावट रही थी। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.58 प्रतिशत चढ़ गया। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, ऑटो, धातु, मीडिया, फार्मा, बैंकिंग, रियलटी, एफएमसीजी और रसायन सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर साढ़े चार प्रतिशत चढ़ा। एलएंडटी, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर तीन से चार प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। बीईएल, इंडिगो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, मारुति सुजुकी और टाटा स्टील के शेयरों में दो से तीन प्रतिशत के बीच तेजी रही। बजाज फाइनेंस, सनफार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। टेक महिंद्रा का शेयर सवा फीसदी टूट गया। एचसीएल टेक्नोलोजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर और आईसीआईसीआई के शेयर भी लाल निशान में रहे।

### होली के बाद सोने चांदी में भारी गिरावट

**नई दिल्ली।** होली की छुट्टियों के बाद सर्राफा बाजार खुलते ही बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा है। गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। सुरक्षित निवेश माने जाने वाले इन कीमती धातुओं में अचानक आई इस नरमी ने बाजार का ध्यान खींचा है। नई दिल्ली के सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने की कीमत में 7,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के बाद 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है, जो पिछले कारोबारी सत्र में 1,72,800 रुपये पर था। वहीं, चांदी की कीमतों में और भी बड़ा झटका लगा है, यह 27,700 रुपये या 9.23 प्रतिशत टूटकर 2,72,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई है। गौरतलब है कि मंगलवार और बुधवार को होली के कारण सर्राफा बाजार बंद थे। इस भारी गिरावट का सबसे बड़ा कारण हालिया तेजी के बाद निवेशकों द्वारा की गई तीव्र मुनाफावसूली है।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी महंगी, खाद्य तेलों, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव टूट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी की कीमतों में तेजी देखी गई, जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 170 रुपये टूटकर 3,863 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं का भाव भी 41 रुपये उतरकर 2,822 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटा 26 रुपये सस्ता हुआ। दाल.दलहनों में मिश्रित रुख रहा। उड़द दाल की औसत कीमत 146 रुपये गिर गई। तुअर दाल 125 रुपये और मूंग दाल 78 रुपये सस्ती हुई। चना दाल में 67 रुपये की गिरावट रही। मसूर दाल की कीमत आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 26 रिंगिट चढ़कर 4,205 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.85 प्रतिशत की बढ़त में 64.13 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल 121 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। पाम ऑयल 90 रुपये और वनस्पति 48 रुपये फिसल गया। सरसों तेल 126 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 20 रुपये और सूरजमुखी तेल 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 84 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। वहीं, चीनी 36 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7746.99 रुपये, मसूर काली 8105.90 रुपये, मूंग दाल 10151.58 रुपये, उड़द दाल 10743.65 रुपये, तुअर दाल 11210.63 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2822.39 रुपये और चावल 3863.03 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3286. 06 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी. गुड़ : चीनी एस 4304.42 रुपये और गुड़ 4984.26 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# मातुआ समुदाय के अधिकारों को छीनने की कोशिश: ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार मातुआ समुदाय के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने देगी और उनके अधिकारों को छीनने की कोशिशों के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी।

सुश्री बनर्जी ने मातुआ समुदाय की आध्यात्मिक नेता बीणापाणि देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए यह आश्वासन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार विशेष गहन पुनरीक्षण द्धएसआईआरऋ के दौरान मतदाता सूची से नाम हटाकर मातुआ समुदाय के मतदाताओं के बीच भ्रम और असुरक्षा पैदा कर रही है। हाल ही में जारी अंतिम मतदाता सूची से करीब 63 लाख नाम हटाए जाने के आरोपों के बीच यह मुद्दा सामने आया है। उत्तर 24 परगना और नदिया जैसे जिलों में मातुआ समुदाय के कई लोगों के नाम प्रभावित होने की खबरें हैं। साथ ही कई नामों को ष्विचाराधीनष श्रेणी में भी रखा गया है, जिससे समुदाय के बीच नागरिकता को लेकर चिंता बढ़ गई है। सुश्री ममता बनर्जी ने कहा कि बड़ो मां ने जीवन भर इन आदर्शों को संजोए रखा और उनके नेतृत्व में मातुआ महासंघ सामाजिक समानता और भाईचारे का मजबूत स्तंभ बना। उन्होंने बड़ो मां के साथ अपने व्यक्तिगत संबंध का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें उनका मातृस्नेह प्राप्त हुआ, जो उनके जीवन का बड़ा आशीर्वाद है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने बड़ो मां को उनके सामाजिक योगदान के लिए राज्य के सर्वोच्च सम्मान 'बंग विभूषण' से सम्मानित किया था। मुख्यमंत्री ने मातुआ महासंघ के सामाजिक सुधार में योगदान का उल्लेख करते हुए श्री हरिचंद ठाकुर और गुरुचंद ठाकुर की विरासत को याद किया। उन्होंने कहा कि इन नेताओं के नेतृत्व में चला आंदोलन दलितों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा और शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण रहा है।

# भारत वैश्विक कौशल राजधानी बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर: जयंत चौधरी

**नई दिल्ली, वार्ता**



केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के तहत भारत विश्व की वैश्विक कौशल राजधानी बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

चौधरी ने गुरुवार को फिनलैंड सरकार के रोजगार मंत्री मटियास मार्टिनेन के साथ कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और कार्यबल गतिशीलता के क्षेत्रों में भारत और फिनलैंड के बीच सहयोग को मजबूत करने के अवसरों का पता लगाने के लिए द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने और कुशल कार्यबल की गतिशीलता के लिए मार्ग प्रशस्त करने हेतु संस्थानों, उद्योग और प्रशिक्षण प्रणालियों के बीच सहयोग को गहरा करने के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के तहत, भारत विश्व की वैश्विक कौशल राजधानी बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। भारत वैश्विक उद्योगों में कुशल प्रतिभाओं का योगदान देने के लिए अच्छी स्थिति में है। भारत की जनसांख्यिकीय शक्ति और फिनलैंड की तकनीकी एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता कौशल के क्षेत्र में एक स्वाभाविक साझेदारी का निर्माण करती है। हमारी चर्चा प्रशिक्षण तंत्रों के बीच व्यावहारिक सेतु बनाने, संस्थागत सहयोग को मजबूत करने व उच्च प्रशिक्षण और गतिशीलता मानकों को बनाए रखते हुए कुशल युवाओं के लिए वैश्विक अवसरों तक पहुंच के मार्ग प्रशस्त करने पर केंद्रित थी। मार्टिनेन ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा और कार्यबल विकास के क्षेत्र में भारत के साथ बढ़ती साझेदारी को फिनलैंड महत्व देता है। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत और हमारे कार्यबल को मजबूत कर रहे उच्च कुशल भारतीय पेशेवरों के योगदान की हम तहे दिल से सराहना करते हैं। भारत का मजबूत कौशल विकास तंत्र और युवा प्रतिभा आगे सहयोग के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। अपने संस्थानों और उद्योगों के बीच सहयोग को मजबूत करके, हम नवाचार, कौशल विकास और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हुए कार्यबल संबंधी चुनौतियों का समाधान कर सकते हैं। इस चर्चा में दोनों देशों के संस्थानों और उद्योग जगत के हितधारकों के बीच घनिष्ठ सहयोग की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला गया, ताकि कौशल मानकों को उभरती वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जा सके। दोनों पक्षों ने व्यावसायिक योग्यताओं की सुगम मान्यता सुनिश्चित करने और कार्यबल की कमी का सामना कर रहे क्षेत्रों में कुशल पेशेवरों की आवाजाही को प्रोत्साहित करने वाले तंत्रों की खोज में रुचि व्यक्त की।

# नीतीश का कार्यकाल हमेशा याद रखा जाएगा: अमित शाह



**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार का कार्यकाल राज्य में विकास को गति देने और विभिन्न क्षेत्रों में उनके ऐतिहासिक कार्यों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। शाह ने गुरुवार को कुमार के राज्यसभा के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा कि पिछले 20 वर्षों के दौरान मुख्यमंत्री के रूप में कुमार ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि 1990 से 2005 तक चलने वाले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 'जंगल राज' से प्रदेश को बाहर निकालने का श्रेय कुमार को जाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब श्री कुमार ने राज्य की बागडोर संभाली थी, तब सड़क, बिजली और कानून-व्यवस्था सहित लगभग सभी क्षेत्रों में पूरी तरह अव्यवस्था थी। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों के हित में अपनी ईमानदार कोशिशों और प्रतिबद्धता के कारण कुमार राज्य के सभी गांवों तक बिजली और सघ्क पहुंचाने में सफल रहे। उनकी सरकार ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मूलभूत अवसंरचना में व्यापक सुधार किया। शाह ने कहा कि श्री कुमार जेपी आंदोलन की उपज हैं और वह वरिष्ठ नेता जयप्रकाश नारायण की विचारधारा के सच्चे अनुयाई साबित हुए। उन्होंने लंबे राजनीतिक जीवन में कभी अपने मूल सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री कुमार की छवि हमेशा

# गणेशपुर गांव में भतीजे ने चाची को मारी गोली, मौत

## गुरूवार सुबह 9 बजे दिया घटना को अंजाम, तमंचा लेकर थाना मवाना में किया सरेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना/हस्तिनापुर।** थाना हस्तिनापुर के गणेशपुर गांव में गुरूवार सुबह किशोर ने अपनी चाची की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी फरार होकर सीधे थाना मवाना पहुंचा और वहां पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया है। घटना के पीछे का कारण आए दिन दोनों के बीच विवाद होना बताया गया है। होली पर भी दोनों के बीच खूब झगड़ा हुआ था।



गणेशपुर गांव में किसान धर्मेंद्र त्यागी व उसके भाई का परिवार संयुक्त रूप से रहता है। धर्मेंद्र त्यागी के परिवार में उसकी पत्नी पूजा (32) व छह महीने का बेटा और सेना में तैनात उसके भाई गणेश त्यागी के परिवार में 17 वर्षीय पुत्र शिवा व उसका बड़ा भाई हिमांशू था। गणेश त्यागी बीती 2 तारीख को छुट्टी खत्म होने पर ड्यूटी के रवाना हो गया था। गणेश की पत्नी की मौत करीब 8 महीने पहले हो चुकी है। धर्मेंद्र त्यागी के मुताबिक गुरूवार सुबह करीब सवा नौ बजे शिवा तमंचा लेकर अपनी चाची पूजा के कमरे में पहुंचा और उसे गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे तो कमरे में पूजा लहुलुहान हालत में फर्श पर पड़ी थी और शिवा हाथ में तमंचा लहराता हुआ वहां से फरार हो गया। कुछ ही देर में पूजा ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर थाना पुलिस के अलावा सीओ मवाना पंकज लवानिया मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि शिवा आए दिन अपनी चाची पूजा से झगड़ा करता था और होली के दिन भी दोनों के बीच खूब तकरार हुई थी।



### थाना मवाना में किया सरेंडर

अपनी चाची को मौत के घाट उतारने के बाद शिवा सीधा थाना मवाना पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा व एक कारत.ूस का खोखा बरामद किया है।

सीओ मवाना के निर्देश पर हस्तिनापुर पुलिस आरोपी शिवा को अपने साथ ले गई और उससे थाने लाकर पूछताछ की। धर्मेंद्र त्यागी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने द वन एंड ओनली किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, जिसने कई पीढ़ियों से सफलता के मायने को नई ऊंचाई दी है, अपना नया कैंपेन 'द वन एंड ओनली' लेकर आया है। सफलता की एक नई और प्रभावशाली कहानी। आज के समय में, जब सफलता के कई रूप दिखाई देते हैं और प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है, तब ब्रांड एक सरल सच सामने लाता है। असली सफलता अलग पहचान में होती है। जो लोगों की प्रशंसा पाती है और व्यक्ति को दूसरों से अलग बनाती है। देबाश्री दासगुप्ता, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने कहा, ब्लेंडर्स प्राइड हमेशा स्टाइल और प्रतिष्ठा के साथ सफलता की ताकत पर विश्वास करता रहा है। 'द वन एंड ओनली' सफलता की एक नई सोच पेश करता है, जो अलग पहचान से प्रेरित है। यह उस सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को उजागर करता है कि आज भारत का महत्वाकांक्षी युवा केवल सफल होना ही नहीं चाहता।

# किठौर में होली पर्व पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 200 से अधिक लोगों की हुई जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** होली के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत किठौर देहात में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ग्राम प्रधान परवेज दिलशाद की पहल पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।

शिविर के दौरान 200 से अधिक लोगों के एक्स-रे किए गए तथा टीबी (टयूबरकुलोसिस) की जांच भी की गई। जांच के दौरान जिन लोगों में टीबी के लक्षण पाए गए, उन्हें आगे के उपचार और आवश्यक दवाइयों के लिए चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में सभी प्रकार की जांच और स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क रखी गई, जिससे क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद लोगों को विशेष लाभ मिला। इस अवसर पर ग्राम प्रधान परवेज दिलशाद ने ग्रामीणों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दीं। उपस्थित लोगों ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर हर्षोल्लास के साथ होली का पर्व मनाया और आपसी भाईचारे तथा एकता का संदेश दिया। ग्राम प्रधान दिलशाद अहमद ने कहा कि गांव के स्वास्थ्य, शिक्षा और समग्र विकास के लिए इस प्रकार के जनहितकारी कार्य आगे भी लगातार किए जाते रहेंगे, ताकि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक आवश्यक सुविधाएं पहुंच सकें। ग्राम पंचायत किठौर देहात में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर और होली मिलन कार्यक्रम से पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला।



# नौचंदी मेला: आयोजन के लिए हुई बैठक

## प्रांतीयकृत नौचंदी मेले की गरिमा के अनुरूप की जाये समस्त व्यवस्थाएं: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में नौचंदी मेला तैयारियों के संबंध में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। नौचंदी मेला को परम्परागत भव्यता के साथ मनाए जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी द्वारा तैयारी के संबंध में अवगत कराया गया।



डीएम ने नौचंदी मेले की समस्त कमेटियो के गठन हेतु संशोधित नामो पर विस्तार से चर्चा करते हुये समितियो को अंतिम रूप देकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। नौचंदी मेला के उद्घाटन के संबंध में निर्देशित किया गया कि कमेटी सदस्य एवं अन्य गणमान्यजनो को आमंत्रण पत्र समय से उपलब्ध कराये जाये तथा उद्घाटन की समस्त तैयारियो को यथासमय सुनिश्चित करें। नौचंदी मेले में विभिन्न समितियो द्वारा कराये जाने वाले कार्यों यथा पटेल मंडप की समस्त व्यवस्थाएं, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, वाहन पार्किंग, दुकानो के आवंटन, सुरक्षा व्यवस्था, टेंडर प्रक्रिया, स्मारिका, प्रचार-प्रसार, शौचालय, मोबाईल टॉयलेट, विद्युत सुरक्षा, प्रदर्शनी, स्टॉलो का आवंटन, झूलो की व्यवस्था, स्वास्थ्य कैम्प, पटेल मंडप में सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि समस्त बिन्दुओ पर विस्तार से चर्चा सुझाव प्राप्त करते हुये सभी तैयारियो को यथासमय पूर्ण करने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि नौचंदी मेला प्रांतीयकृत मेला है। मेले की गरिमा के अनुरूप समस्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि नौचंदी मेला की समिति उप समिति को अंतिम रूप देते हुये नियमित तौर पर बैठक कराई जाये। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, मेला समिति सदस्यगण प्रितीश ठाकुर, संजय जैन, सरबजीत कपूर, संजीव महेश्वरी, नासिर सैफी, नरेन्द्र राष्ट्रवादी, अंकुर गोयल, पंडित संजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# बंदरों के हमले में विकलांग युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

- मुल्हेड़ा गांव का है मामला, परिवार में मचा कोहराम
- ग्रामीणों ने प्रशासन से बंदरों को पकड़ने की रखी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव मुल्हेड़ा में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में विकलांग युवक की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से बंदरों का आतंक बना हुआ है, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

गांव मुल्हेड़ा निवासी सोमपाल पुत्र उदय सिंह अपने घर की छत पर बंदरों को भगाने के लिए गया था। बताया जाता है कि पिछले कुछ दिनों से गांव में बंदरों का झुंड लगातार घरों की छतों और आंगनों में घुसकर नुकसान पहुंचा रहा था। इसी कारण सोमपाल भी उन्हें भगाने के लिए छत पर पहुंचा था। इसी दौरान बंदरों के झुंड ने अचानक उस पर हमला कर दिया। बंदरों के हमले से घबराकर सोनवीर का संतुलन बिगड़ गया और वह सीढ़ियों से नीचे गिर पड़ा। गिरने से उसके सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजन तुरंत उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। मुल्हैड़ा गांव में पहले भी बंदरों के हमले की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई थी, ग्रामीणों ने प्रशासन से बंदरों के आंतक से निजात दिलाने की मांग की है।



# भारत और फिनलैंड ने वर्क फोर्स मोबिलिटी में सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने फिनलैंड सरकार के रोजगार मंत्री मटियासमार्टिनेन के साथ एक द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और वर्क फोर्समोबिलिटी के क्षेत्रों में भारत और फिनलैंड के बीच सहयोग को मजबूत करने के नए रास्तों को बढ़ावा देना था। भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने कहा प्रधानमंत्री के विजन के तहत, भारत दुनिया की ग्लोबल स्किल कैपिटल बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सबसे युवा और सबसे डायनामिक वर्क फोर्स में से एक के साथ, तेजी से बढ़ते स्किलिंग इकोसिस्टम द्वारा समर्थित, कुशल टैलेंट का योगदान करने के लिए सबसे मजबूत स्थिति में है।

## एक नजर

### झगड़े में फायर करने वाले दो को जेल तो दो लोगों का शांतिभंग में चालान


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव समसपुर में होली के समय शराब पीकर हुड़दंग मचाते हुए गाली गलौज करते हुए देशी तमंचे से हवाई फायरिंग हो गई फायरिंग की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाला तमंचे में गोली लोड करने का दावा पुलिस कर रही है। पुलिस ने दो लोगों से एक देशी तमंचा खोखा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस ने पीड़ित की दी तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को तमंचे में तथा दो लोगों को शांति भंग में चालान कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने बताया कि क्षेत्र के गांव समसपुर में दुल्हेडी के अवसर पर डीजे की धुन पर डांस कर रहे मानवेंद्र सिंह अंकुर एवं उमेश पुत्र बालवीर के बीच कहासुनी के बाद जमकर गाली गलौज हो गई। नशे की हालत में मानवेंद्र व अंकुर में देशी तमंचा लोड करते हुए हवाई फायर कर दिया जबकि अवनीश एवं कविंदर ने गाली गलौज कर्जन से मारने की धमकी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो तमंचा लोड करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने मानवेंद्र अंकुर को तमंचा एवं खोखा तथा दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि अविनाश एवं कविंद्र को शांति भंग में चालान कर दिया है। पुलिस ने तमंचा एवं एक खोखा दो कारतूस आरोपियों के पास से बरामद किये हैं।

### अम्बेडकर भवन की अचानक गिरी छत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** ब्लॉक जानी के ग्राम बहरामपुर मोरना के अंबेडकर भवन में उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब अंबेडकर भवन की छत अचानक नीचे खड़े लोगों पर गिर गई। जिसमें दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए अंबेडकर भवन में जिस समय छत गिरी उस समय गांव के मनोज और नरेश नाम के युवक ताश खेल रहे थे लोगों ने बताया कि एक बड़ा हिस्सा अचानक नीचे आ गिरा। गिरने के बाद आसपास के लोगों ने घायलों को बाहर निकाला दोनों के चोट आई और दोनों को पास के अस्पताल में भेजा गया लोगों का कहना है कि अंबेडकर भवन की हालत काफी दिनों से खराब है मगर किसी का ध्यान इस और ध्यान नहीं था लोगों ने कहा कि जल्द से जल्द ग्राम पंचायत द्वारा इसकी मरम्मत कराई जाए ताकि आगे हादसे से बचा जा सके।



### अक्षरधाम कालोनी में गुलाल और टिशु के रंगों से खेली गई होली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रंगो के पर्व होली पर इस बार अक्षरधाम कालोनी में प्रकृति के संग मनाने की अनूठी तैयारी की गई थी यहां पर पक्के रासायनिक रंगों की जगह गुलाल और टिशु के फूलों की होली खेली गई। समीक्षा परंपरा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी उत्साह के संग मनाया गया सुंदरकांड ग्रुप के द्वारा पार्क में सामूहिक होली खेलने का आयोजन किया गया था सरिता सेंगर ने बताया कि इस बार होली पर रासायनिक रंगों से दूरी बनाकर पर्यावरण और त्वचा दोनों को सुरक्षा की दृष्टि से होली खेली गई और रंग लगाकर शुभकामनाएं दी।

# अचानक मकान में लगी आग

## रोजा इफ्तार के लिए पकोड़ी बना रही थी महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में एक मकान में उस वक्त आग लग गई जब 35 लोग बच्चों सहित रोज इफ्तारी के लिए बैठे थे तभी किचन में घर की महिलाएं पकौड़ी बना रही थी इसी दौरान गैस लीकेज हो गया और मकान में आग फैल गई। जिससे मकान में मौजूद 30 से 35 लोग फंस गए और चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और मकान में फंसे लोगों को बाहर निकाला जिसमें परिवार के कई लोग मामूली रूप से झुलस गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं आग लगने से मकान में रखा लाखों का सामान जल कर राख हो गया।

थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के श्याम नगर हरी मस्जिद के पास शाहिद पुत्र हामिद अपने परिवार के साथ किराए के मकान रहता हैं और खाना बनाने का काम करते हैं। बताया जा रहा है कि शाहिद के बेटे अयान की देहली गेट क्षेत्र के कोटला बाजार ससुराल से ईदी देने मेहमान आए थे इसी दौरान साहिल की पत्नी रूबी किचन में मेहमानों के लिए पकौड़ी बना रही थी अचानक गैस लीकेज हो गया और मकान में आग फैल गई जिसके चलते चीख पुकार मच गई बताया गया कि जब मकान में आग लगी उसे समय मकान में 30 से 35 लोग मौजूद थे। पुकार सुनने के बाद मोहल्ले के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया बताया गया कि जिसमें पांच लोग मामूली रूप से झुलस गए जिसमें पत्नी गुलाब्शा और शाहिद की पत्नी रूबी, साली फरहा और उसका भांजा आजाद मामूली रूप से झुलस गए। वहीं पड़ोस की रहने वाली सुहाना मामूली रूप से झुलस गई जिनको सांस लेने में दिक्कत हो गई वहीं उन्हें आनन-फानन में हापुड़ रोड स्थित राजधानी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है बता दें आग लगने से मकान में खड़ी एक बाइक साइकिल, फ्रिज, वाशिंग मशीन, इनवर्टर, बैट्री जल कर राख हो गया जिनकी कीमत करीब पांच लाख रुपए की बताई जा रही है।

# सुभारती लॉ कॉलेज में वार्षिकोत्सव प्रवाह द फ्लो का आयोजन

- लॉ कॉलेज के निदेशक राजेश चंद्र के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम का आयोजन
- छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम का उठाया लुत्फ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में वार्षिकोत्सव प्रवाह द फ्लो 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस वार्षिकोत्सव का आयोजन सुभारती लॉ कॉलेज के निदेशक राजेश चंद्र पूर्व न्यायमूर्ति, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में तथा प्रो. डॉ. रीना बिश्नोई, संकाय अध्यक्ष, सुभारती लॉ कॉलेज के संरक्षण में संपन्न हुआ। वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया गया।

क्रीड़ा क्लब की शिक्षक समन्वयक डॉ. सारिका त्यागी ने बताया कि बाह्य खेल क्रिकेट में विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। वहीं सुभारती लॉ कॉलेज के आइडिया एवं इनोवेशन क्लब के शिक्षक समन्वयक अरशद आलम ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए 2 एवं 3 मॉडल निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय सतत् भविष्य के लिए नवाचार विधिक समाधान रखा गया था।

इसके अतिरिक्त स्लोगन राइटिंग एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों को सरकार की विभिन्न सम सामयिक योजनाओं के आधार पर पोस्टर एवं स्लोगन तैयार करने थे। साथ ही क्लब द्वारा रील मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसका विषय संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य रहा। साहित्यिक क्लब की शिक्षक समन्वयक मुस्कान श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थियों से पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थीं, जिसका विषय आज ही संसाधन बचाएं भविष्य सुरक्षित बनाएं रखा गया। इस प्रतियोगिता में भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। सांस्कृतिक क्लब की शिक्षक समन्वयक सोनल जैन ने बताया कि दूसरे दिन विद्यार्थियों के लिए ट्रेजर हंट, एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य तथा फैशन शो जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एकल गायन एवं एकल नृत्य के लिए बॉलीवुड डायरीज आधारित थीम दी गई, जबकि समूह नृत्य एवं समूह गायन के लिए हार्मनी बॉलीवुड मेलोडीज विषय निर्धारित किया गया। वहीं फैशन शो में प्रतिभागियों को भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा प्रस्तुत करनी थी, जिसमें बी.ए. एल.एल.बी. के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में अधिवक्ता अनम विधिक विभाग, सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ एवं अनुराग शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन बी.ए. एलएल.बी. की छात्राओं कसक, अंकिता, सृष्टि एवं विख्यात सिंह ने कुशलता पूर्वक किया। इसके अतिरिक्त ट्रेजर हंट प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों से विभिन्न रोचक पहेलियां पूछी गई, जिसमें जिया शर्मा एवं तनुश्री ने प्रतिभागियों को उत्साहित किया। आयोजन की सफलता में ओम ठाकुर एवं सिद्धांत सिंह की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में प्रो. डॉ. रीना बिश्नोई, प्रो. डॉ. सरताज अहमद, प्रो. डॉ. प्रेमचंद, डॉ. आफरीन अलमास, पार्थ मल्होत्रा, प्रो. डॉ. टी. एन. प्रसाद, आशुतोष देशवाल, हर्षित सहित अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बहसूमा में होली का त्यौहार धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर व क्षेत्र में होलि.का दहन के बाद दुल्हेडी का रंगो भरा त्यौहार बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। तीन मार्च को चंद्र ग्रहण होने के कारण होली नहीं खेली गई थी। जिसमें 4 मार्च को सुबह से ही युवाओं की टोलियां अपने हाथों में रंग-बिरंगे अबीर गुलाल लेकर एक दूसरे को लगाते हुए नजर आये और डीजे की धुन पर नृत्य भी किया। दुल्हेडी के त्यौहार को शांतिपूर्ण बनाने के लिए पुलिसफोर्स गांव-गांव सरकारी गाड़ी से घूमती रही। वहीं तिलहेडी के अवसर पर थाना परिसर में पुलिसकर्मियों ने जमकर होली खेली गई। पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी।

वहीं गुरुवार की सुबह से ही महिलाओं ने पूजा अर्चना कर परिवार की लंबी आयु की कामना की। वहीं दूसरी ओर हर साल की भांति इस वर्ष भी नगरवासियों ने ढोल नगाड़ों के साथ होली के गीत गाकर पूरे कस्बे में भ्रमण कर पूजा अर्चना की। बताते चले कि दुल्हेडी का त्यौहार बड़े धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। जिसमें गांव-गांव में युवाओं एवं महिलाओं ने टोलिया बनाकर एक दूसरे को रंग-बिरंगे गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं दूसरी और तिलहेडी के अवसर पर थाना परिसर में पुलिसकर्मियों ने जमकर होली खेली और एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। तिलहेडी के अवसर पर महिलाओं एवं बच्चों ने माता पर जाकर पूजा अर्चना की और परिवार की लंबी आयु की कामना की। नगर वासियों ने पूर्व की भांति इस वर्ष भी ढोल नगाड़े बजाकर होली के गीत गाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। होली का त्यौहार शांतिपूर्ण होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली।

# मस्जिदों के इमामों को हो रही परेशानी पर किया मंथन

- भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य काजी शादाब ने इमामों की परेशानियों को किया उजागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य काजी शादाब तथा नायब शहर काजी जैनुल राशिदीन ने ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के चीफ इमाम डॉ. इमाम उमेर अहमद इलियासी से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर खुस.ूसी मुलाकात की।

इस दौरान मस्जिदों के इमामों की कई परेशानियों को लेकर उन से चर्चा भी हुई। उन्होंने कहा कि इमामों को काफी समय से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही कुद मस्जिदों में इमामों की तनख्वा काफी कम है। जबकि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। इस मौके पर अजहर भारती, फैसल मलिक ऐड, हाफिज इमरान, फिरोज हबीब अंसारी आदि मौजूद रहे।



# जानी पुलिस के उत्पीड़न से परेशान महिला ने कप्तान से लगाई गुहार

## सुभारती चौकी के पास से लापता हो गया था पुत्र

- टैंपों चलाने का करता था काम, चार लोगों को पीड़िता ने किया नामजद
- पुलिस ने महिला को चौकी से टरकाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के गोविंदपुरी निवासी उषा ने जानी थाना पुलिस के खिलाफ कप्तान से गुहार लगाई है उनका कहना था कि पुलिस उनके बेटे को तलाश करने में नाकाम साबित हो रही है।

पत्रकारों के पूछने पर पीड़िता उषा ने बताया कि उसका बेटा आक.ाश 17 फरवरी से गायब है वह कंकर खेड़ा बाईपास से सुभारती बाईपास तक टेंपो चलाने का काम करता है 17 फरवरी को उसके बेटे का फोन आया और वह अपनी माता को बता रहा था कि उसकी लड़ाई साथ में टेंपो चलाने वाले वाहिद शिव मनीष उर्फ काले से हुई है उन्होंने उसे जबरन कुछ खिला दिया है जिससे उसका बोल पाना भी मुश्किल हो रहा है यह सुनकर उषा आनन फानन में सुभारती चौकी के पास पहुंची लेकिन वहां उसके बेटे का कोई पता नहीं था उसने सुभारती चौकी पर घटना की जानक.ारी दी तो पुलिस ने उसकी मदद करने के बजाय उसे आगे की बातें बताना शुरू कर दी। गुरुवार को पुलिस की होली कार्यक्रम था पीड़िता कप्तान ऑफिस पहुंची और उसने जानी थाना पुलिस के खिलाफ कप्तान से कार्रवाई की गुहार लगाई है उसका कहना है कि पुलिस टेंपो प्रधान के दबाव में आकर चारों आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है उसके बेटे का अभी तक कुछ पता नहीं है फिलहाल पीड़िता ने बेटे की बरामदगी की मांग की है। उसने मीडिया के समक्ष रो-रोकर कहा कि उसके बेटे को खोजने के बजाय पुलिस खानापूर्ति कर रही है।



# गंगनहर में बहता मिला अज्ञात बालिका का शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** दौराला गंगनहर क्षेत्र में बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब गंगनहर में एक बालिका का शव बहता हुआ दिखाई दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया।

बुधवार को गंगनहर में सर्च अभियान के दौरान गोताखोरों और आसपास मौजूद लोगों की नजर नहर में बह रहे एक शव पर पड़ी। करीब जाकर देखने पर पता चला कि वह किसी बालिका का शव है। इसके बाद गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को नहर से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेते हुए पंचनामा भरने की कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया। बताया जा रहा है कि बरामद शव किसी बच्ची का है, जिसकी उम्र लगभग 10 से 12 वर्ष के आसपास प्रतीत हो रही है। शव मिलने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गईं। पुलिस ने आसपास के जिलों को अज्ञात शव मिलने की सूचना भेज दी है ताकि बच्ची की



शिनाख्त कराई जा सके। थाना पुलिस का कहना है कि शव की पहचान कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही बच्ची की शिनाख्त कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## मेरठ-गढ़ मार्ग पर दो कारों की जोरदार टक्कर, चार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर** थाना क्षेत्र के कस्बा शाहजहांपुर में मेरठ-गढ़ मार्ग पर गुरुवार शाम दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें चार युवक घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार खिलवाई निवासी मोईन, मोहसिन और नौबहार अपनी कार से वापस गांव लौट रहे थे। जब उनकी कार शाहजहांपुर स्थित कंठी माता मंदिर के पास पहुंची, तभी गढ़ की ओर से आ रही दूसरी कार से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दूसरी कार में सवार एक युवक और नौबहार घायल हो गए, जबकि मोईन और मोहसिन को भी चोटें आईं। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही शाहजहांपुर चौकी इंचार्ज दीपक जायसवाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को तुरंत उपचार के लिए भिजवाया और घटना की जानकारी जुटाई।

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाई गई होली, पुलिस रही मुस्तैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र में बुधवार को होली का पर्व बड़े हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांवों और कस्बों में रंग- गुलाल उड़ता रहा तथा लोगों ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर शुभकामनाएं दीं। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला, जबकि बुजुर्गों ने भी पारंपरिक ढंग से त्योहार का आनंद लिया।

थाना प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस पूरे दिन क्षेत्र में भ्रमण करती रही। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई और पुलिसकर्मी लगातार गश्त पर तैनात रहे। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सतर्कता और क्षेत्रवासियों के सहयोग से कहीं भी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई। शाम के समय होली का उत्साह शांत होने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। थाना प्रभारी ने सभी नागरिकों का शांति एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह सहयोग बनाए रखने की अपील की जाती है, ताकि क्षेत्र में सदैव अमन-चैन कायम रहे।



## शोभित विवि में पाँच दिवसीय ऑनलाइन शिक्षक विकास कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय के नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज द्वारा 'डिजिटल युग में अनुसंधान पद्धति: उपकरण, तकनीक एवं व्यवहार' विषय पर पांच दिवसीय ऑनलाइन शिक्षक विकास कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र द्वारा प्रो. (डॉ.) एम. एल. सिंगला (सलाहकार) एवं प्रो. (डॉ.) जयानंद (प्रो-वाइस चांसलर) की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों की अनुसंधान क्षमताओं को सुदृढ़ करना तथा उन्हें आधुनिक डिजिटल उपकरणों, समकालीन अनुसंधान पद्धतियों और संपूर्ण शोध प्रक्रिया से परिचित कराना था। साथ ही शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं नैतिक अनुसंधान मूल्यों को भी प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए गए। प्रो. (डॉ.) ए.के. घोष ने 'व्यवहारिक अनुसंधान पद्धति: आरंभ से निष्कर्ष तक' विषय पर शोध की प्रारंभिक रूपरेखा एवं पद्धति पर प्रकाश डाला। प्रो. (डॉ.) परेश शाह ने 'परिकल्पना परीक्षण: पैरामीट्रिक एवं नॉन-पैरामीट्रिक परीक्षण' विषय पर सांख्यिकीय विश्लेषण की महत्वपूर्ण अवधारणाएँ साझा कीं। प्रो. (डॉ.) राज के. कोविद ने 'अनुसंधान रूपरेखा: वैचारिक ढाँचे का विकास' विषय पर व्याख्यान देते हुए शोध उद्देश्यों एवं चर के समन्वय के महत्व को स्पष्ट किया। इसके अतिरिक्त डॉ. विष्णु नाथ ने 'संरचनात्मक समीकरण प्रतिरूपण (एस.ई.एम.) के माध्यम से पथ प्रतिरूपण विषय पर उन्नत विश्लेषणात्मक सत्र प्रस्तुत किया, जबकि डॉ. ऋचा जोशी ने 'आंकड़ा संग्रहण की विधियाँ एवं प्रश्नावली निर्माण' विषय पर व्यवस्थित डेटा संग्रहण और प्रभावी प्रश्नावली निर्माण के व्यावहारिक पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का समापन प्रेरणादायी समापन सत्र के साथ हुआ। इस कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. (डॉ.) विकास गुप्ता, निदेशक, नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज के मार्गदर्शन में प्रो. अनुज गोयल (संयोजक), सह-संयोजक डॉ. नेहा यजुर्वेदी तथा एवं डॉ. प्रीति गर्ग के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

# परीक्षितगढ़ में धूमधाम से मनाया गया होली पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर व देहात क्षेत्र में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। होलिका दहन के बाद 4 मार्च बुधवार को रंगों का त्यौहार मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई दी। वहीं 5 मार्च को गुरुवार को पुलिस कर्मियों ने थाने में होली मनाई। 2 मार्च सोमवार को महिलाओं ने होली का पूजन किया। वहीं शाम को होलिका दहन हुआ नगर में जगह-जगह होली का दाहिना कार्यक्रम हुआ। नगर की त्यागी धर्मशाला में स्वामी विद्यानंद सरस्वती ने हवन यज्ञ का आयोजन किया जिसमें देश की खुशहाली व शांति की कामना की। वहीं 3 मार्च को चंद्र ग्रहण पड़ने व भद्रा होने के कारण रंगों का त्यौहार नहीं मनाया गया जो 4 मार्च बुधवार को मनाया गया। जगह-जगह युवाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एक दूसरे को रंगों से सरोवार कर दिया। इस मौके पर नगर के पूर्व चेयरमैन अमित मोहन टीपू, भाजपा नेता गगन त्यागी, चेयरमैन हिटलर त्यागी, सचिन त्यागी, अनुज त्यागी पिंटू, अतुल त्यागी, विक्की त्यागी चेयरमैन सहकारी समिति, डॉक्टर राकेश शर्मा, डॉक्टर शमसुद्दीन, संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, महामंत्री शुभम् वशिष्ठ,अयूब खान, अहसान मलिक, मदन गुर्जर, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष सुधीर गर्ग, केपी खूंटी पूर्व प्रमुख, बरहसिह ब्लाक प्रमुख सहित अनेक लोगों ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।



वहीं ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेंद्र त्यागी, प्रदेश सचिव उस्मान अली, जिला सचिव विवेक त्यागी, जिला उपाध्यक्ष मुनतिताज अली, जिला सचिव अनमोल गर्ग ने भी संयुक्त रूप से होली खेलते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। वहीं 5 मार्च गुरुवार को थाना परिसर में पुलिसकर्मियों ने जमकर होली खेली तथा एक दूसरे के ऊपर रंग डालकर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर थानाध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही सभी पुलिसकर्मियों व क्षेत्र के लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने पर शुभकामनाएं दी।

वहीं ग्राम आसिफाबाद में पूर्व प्रधान श्रीचंद गिरी के आवास पर सपेरों की बीन पर युवा जमकर थिरके। युवा नेता सचिन गोस्वामी ने सभी ग्रामवा. सियों को शुभकामनाएं दी। ग्राम राजपुर में प्रधान पद के संभावित दावेदार सोनू त्यागी के आवास पर होली धूमधाम से मनाई गई। वहीं हस्तिनापुर के विधायक व जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने भी सभी क्षेत्र वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

## पांच दिन बाद गंगनहर से मिला युवक का शव, गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के दौराला गंगनहर पुल से कूदे युवक का शव पांच दिन बाद बुधवार को बरामद हो गया। युवक के शव के मिलने से परि. जनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने गमगीन माहौल में शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

नगर के गोमती नगर निवासी मोहसिन फेरी लगाकर कास्मेटिक का सामान बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसका 22 वर्षीय पुत्र अजीम भी पिता के काम में हाथ बंटाता था। बीते शनिवार को अजीम दौराला गंगनहर पुल के पास पहुंचा और कुछ देर तक घाट के आसपास टहलता रहा। इसके बाद वह पुल पर चढ़ गया और अचानक गंगनहर में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने युवक को गंगनहर में कूदते देख शोर मचाया और उसे बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन नहर में तेज बहाव होने के कारण युवक देखते ही देखते पानी में बह गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से



मृतक अजीम का फाइल फोटो।

युवक की तलाश शुरू कर दी थी। लगातार पांच दिन तक तलाश अभियान चलने के बाद बुधवार को युवक का शव गंगनहर से बरामद हो गया। शव मिलने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना देते हुए बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को अपने कब्जे में लेकर गमगीन माहौल में अजीम को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। युवक की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

# जानी थाना परिसर में होली पर हुई जमकर मस्ती, डीजे की धुन पर थिरके पुलिसकर्मी

### एक दूसरे के गले मिलकर दी होली की बधाई, एक पुलिसकर्मी ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** आम जनता के त्यौहार सकुशल संपन्न करने के बाद और होली का त्यौहार बड़ी शांति से जानी थाना पुलिस ने संपन्न कराया। वहीं गुरुवार को जानी थाना परिसर में होली का त्यौहार पुलिस कर्मियों की होली खूब मौज मस्ती से खेली गई जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा ने सभी पुलिसकर्मियों को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पुलिसकर्मियों ने भी थाना प्रभारी निरीक्षक को गुलाल लगाकर उनके साथ खूब मस्ती से होली खेली। वहीं हेड कांस्टेबल जितेंद्र यादव ने होली के दिन रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदान भी किया। वहीं सुबह से ही ढोलक की थाप से थाना प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मी सहित होली के रंग जब मिल जाते हैं खूब नाचे और होली का त्यौहार मनाया गया। उस दौरान सिवालखास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार एसएस आई कपिल देव, शिवकुमार शर्मा, शैलेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, जितेंद्र यादव, भूपेंद्र सिंह आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।




## जंगल में आवारा पशुओं का आतंक फसलों को कर रहे बर्बाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में आवारा पशुओं का आतंक मचा हुआ है। आवारा पशु सबसे ज्यादा गेहूं की फसल को खराब कर रहे हैं। इस समय गेहूं की फसल पर बालों के अंदर दाना निकलने लगा है वहीं आवारा पशु खेतों में घुसकर गेहूं की फसल खा रहे हैं जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। महीनों को मेहनत से तैयार की जा रही फसल को आवारा पशुओं ने बर्बाद किया हुआ है जिससे किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए रात दिन खेतों पर पहरा दे रहे हैं। बीते सप्ताह भी एक आवारा पशु ने महलका समसपुर मार्ग पर किसान पर हमला कर दिया था जिसमें किसान ने भागकर अपनी जान बचाई थी। बुधवार को मवी मीरा मार्ग के पास दो तीन आवारा पशुओं ने एक किसान के खेत में घुसकर उनकी फसल खराब कर दी। वहीं कुछ किसानों ने कहा कि कस्बे में चिंदौड़ी मार्ग पर नगर पंचायत लावड़ द्वारा करोड़ों की लागत से गौशाला का निर्माण कराया गया था जिसका कुछ माह पहले उद्घाटन भी कर दिया गया लेकिन अभी भी कस्बे के जंगलों में आवारा पशुओं ने आतंक मचाया हुआ है। पशु कभी हमला करते हैं तो कभी खेतों में घुसकर उनकी फसल नष्ट कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि वह त्यौहार के बाद उच्च अधिकारियों से मिलकर शिकायत करेंगे।

# लावड़ में प्राचीन काली माता मंदिर में मेले का पूर्व विधायक संगीत सोम ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में सैनी चौराहे के निकट प्राचीन काली माता मंदिर पर होली के उपलक्ष्य में हर वर्ष की तरह बृहस्पतिवार को भव्य मेले का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ पूर्व भाजपा विधायक संगीत सोम ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात उन्होंने माता काली के चरणों में माता टेककर आशीर्वाद लिया और सुख समृद्धि व प्रगति की कामना करते हुए प्रार्थना की।इस दौरान कफी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु मौके पर उपस्थित रहे। वहीं देर शाम श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी जिससे भक्ति का माहौल बना रहा। मेले में आए सभी श्रद्धालुओं ने माता रानी के समकक्ष प्रसाद चढ़ाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भाजपा नेता मोहन सैनी, सुभाष सैनी, ऋतिक सैनी, कपिल, प्रवीण आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।




## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, जानी खुर्द (मेरठ)

पत्रांक: 1937/लेखा/राज्य वित्त/केन्द्रीय 15वां वित्त/निविदा आमंत्रण/2025-26 दिनांक: 05.03.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा केन्द्रीय 15वां वित्त/पंचम राज्य वित्त के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त कार्यों की निविदा प्रपत्र दिनांक 16.03.2026 तक अपरान्ह 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा दिनांक 16.03.2026 को ही सांय 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित कमेटी द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. सं. | मद का नाम | कार्यों का विवरण | कार्य की लम्बाई (मी. में) /संख्या | अनुमानित लागत (लाख रु. में) | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी.एस.टी. (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | राज्य वित्त | ग्राम लहरा में शमशान घाट/अन्त्येष्ठी स्थल निर्माण | 01 | 8.00 | 16000 | 500+जी.एस.टी. | 03 माह |
| 2 | राज्य वित्त | ग्राम मुजक्कीपुर में ओमवीर के मकान से मेन रास्ते की ओर सी.सी. रोड निर्माण | 63मी. | 3.82 | 7000 | 500+जी.एस.टी. | 03 माह |
| 3 | राज्य वित्त | ग्राम मोहम्मदपुर धूमी में नरेन्द्र मास्टर जी के कोने से भोपाल पुत्र मुशी के मकान तक इन्टरलॉकिंग कार्य | 84मी. | 6.96 | 14000 | 500+जी.एस.टी. | 03 माह |
| 4 | राज्य वित्त | ग्राम खानपुर में संजय के मकान से तालाब तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 50मी. | 3.96 | 8000 | 500+जी.एस.टी. | 03 माह |
| 5 | राज्य वित्त | ग्राम अमानुल्लापुर में ओमपाल पुत्र शिवचरण के मकान से यशवीर पुत्र जगपाल के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 90मी. | 6.64 | 14000 | 500+जी.एस.टी. | 03 माह |
| 6 | टाईड | ग्राम जानी कलां में दिलशाद के मकान से यासीन के मकान की ओर नाला निर्माण कार्य। | 75मी. | 9.95 | 20000 | 500+जी.एस.टी. | 03 माह |
| 7 | टाईड | ग्राम जानी कलां में आसिफ के मकान से सिराज के मकान की ओर नाला निर्माण कार्य। | 75मी. | 9.95 | 20000 | 500+जी.एस.टी. | 03 माह |
| 8 | टाईड | ग्राम जानी कलां में मूला के मकान से आमिर के प्लाट की की ओर नाला निर्माण कार्य। | 71मी. | 9.97 | 20000 | 500+जी.एस.टी. | 03 माह |
| 9 | टाईड | ग्राम जानी कलां में नूरू प्रधान के घेर के सामने से ट्रांस्फार्मर की ओर नाला निर्माण कार्य। | 75मी. | 9.95 | 20000 | 500+जी.एस.टी. | 03 माह |
| 10 | टाईड | ग्राम जानी कलां में कब्रिस्तान के सामने से पूठरी की ओर नाला निर्माण कार्य। | 75मी. | 9.95 | 20000 | 500+जी.एस.टी. | 03 माह |
| 11 | टाईड | ग्राम खानपुर धौलडी सम्पर्क मार्ग पर रजवाहे के पास पुलिया निर्माण | 01 | 2.00 | 4000 | 500+जी.एस.टी. | 03 माह |

**नियम व शर्तें :-**

निविदा प्रपत्र के साथ फर्म/ठेकेदार का वैध पंजीयन प्रमाण-पत्र, पी.डब्लू.डी., आर.ई.डी.,जिला पंचायत, श्रम कार्यालय का पंजीयन प्रमाण-पत्र, पेन नम्बर, जीएसटी नम्बर, शपथ-पत्र/कोरा चैक, जिला अधिकारी द्वारा जारी हैसियत प्रमाण पत्र, (पी.डब्लू.डी. टी.-5) जो दो वर्ष से अधिक पुराना न हो, जिला अधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (पी.डब्लू.डी.टी.-4) जो दो वर्ष के अधिक पुराना न हो, सरकारी विभाग में कराये गये निर्माण कार्यो का अनुभव प्रमाण-पत्र, आयकर किल्यरेंस प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, अपराधी छवि के व्यक्ति न होने का नोटरी शपथ पत्र, क्षेत्र पंचायत के किसी सदस्य/अधिकारी/कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी न होने का नोटरी शपथ पत्र, सामान्य जमानत के रूप में जमा की गयी एफ.डी.आर./राष्ट्रीय बचत पत्र 2 प्रतिशत (खण्ड विकास अधिकारी जानीखुर्द के नाम बन्धक), साझेदारी फर्म की दशा में रजिस्टर्ड पार्टनरशिप डीड आदि। विगत तीन वर्षो की इंकम टैक्स रिर्टन, के साथ-साथ प्रत्येक कार्य का श्रम विभाग में पंजीकरण कर पंजीकरण रसीद संलग्न करना अनिवार्य है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि राष्ट्रीय बचतपत्र (खण्ड विकास अधिकारी दौराला के नाम बन्धक), जमा कराना अनिवार्य है। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे ठेकेदारों/उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा की अन्य शर्ते साथ दी जायेगी। सशर्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोई भी निविदा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। समस्त इच्छुक निविदादाता निम्न वर्णित स्थलीय कार्यो का निविदा डालने से पूर्व भली भांति परीक्षण/निरीक्षण कर लें। निविदित कार्य/धनराशि कम या अधिक हो सकती है। टेण्डर खुलने के दिनांक को अपरिहार्य स्थिति में सरकार द्वारा यदि कोई छुट्टी घोषित होती है तो टेण्डर अगले कार्य दिवस में खोले जायेंगे।

**अवर अभियंता (आर.ई.डी.)**
**जानीखुर्द (मेरठ)**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**जानीखुर्द (मेरठ)**

# चाकूओं से गोदकर बेरहमी से की युवक की हत्या

## दुकान पर हुई मामूली कहासुनी, कई युवकों ने चाकूओं से किया हमला, 5 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** तितरोदा गांव में होली के उत्सव के बीच एक मामूली विवाद खूनी वारदात में बदल गया। रंग और अबीर-गुलाल के माहौल में 17 वर्षीय युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक अमृत शर्मा अपने दोस्तों के साथ होली खेलने के लिए गांव आया था, लेकिन एक छोटी सी कहासुनी ने ऐसा रूप ले लिया कि कुछ ही देर में उस पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल अमृत को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।

मृतक अमृत शर्मा 17वर्षीय बड़ावद गांव का रहने वाला था। होली के मौके पर वह अपने भाई सागर शर्मा और दोस्तों कार्तिक व बॉबी के साथ तितरोदा गांव आया हुआ था। होली खेलते-खेलते अमृत अपने एक दोस्त के साथ गांव



मृतक का फाइल फोटो

में स्थित साजिद की दुकान पर सामान खरीदने पहुंचा। उस समय वहां कई युवक मौजूद थे और होली का उत्साह पूरे गांव में दिखाई दे रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दुकान पर मौजूद चीकू नामक युवक से अमृत की किसी बात को लेकर



मामूली कहासुनी हो गई। शुरू में लोगों ने इसे सामान्य झगड़ा समझकर नजरअंदाज किया, लेकिन कुछ ही देर में मामला तूल पकड़ गया। बताया जा रहा है कि चीकू ने अपने साथियों को बुला लिया। इसके बाद माहौल अचानक तनावपूर्ण

विवाद बढ़ने पर चीकू के साथ सोहेल, अनस, शौकीन और गांव के ही एक अन्य युवक सोहेल ने मिलकर अमृत पर हमला कर दिया। आरोप है कि इन लोगों ने चाकुओं से ताबड़तोड़ वार किए। हमले में अमृत गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोग घबरा गए और तुरंत उसे उठाकर बड़ौत के एक निजी



अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता राजकिशोर की तहरीर के आधार पर पांच युवकों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं और उनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। होली के त्योहार के दिन हुई इस वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## गन्ने से भरा ट्रक तालाब में पलटा, भारी नुकसान की आशंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाना क्षेत्र के मुबारिकपुर गांव में गन्ने से भरा एक ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित तालाब में पलट गया। इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत ट्रक चालक को खिड़की के रास्ते बाहर निकाल लिया, जिससे उसकी जान बच गई।

जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक फिरोजपुर गन्ना क्रय केंद्र से मिल के लिए गन्ना ले जा रहा था। बताया गया है कि ट्रक में निर्धारित क्षमता से अधिक गन्ना भरा था, जिसके कारण वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह तालाब में जा गिरा। ट्रक पलटने से उसमें भरा अधिकांश गन्ना तालाब के पानी में डूब गया, जिससे भारी नुकसान की आशंका है। घटना की सूचना मिलने पर मिल अधिकारियों ने दो हाइड्रा क्रेन मौके पर भेजीं। क्रेन की मदद से तालाब में पलटे ट्रक को बाहर निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन कई घंटों की मशक्कत के बाद भी ट्रक को बाहर नहीं निकाला जा सका। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। स्थानीय प्रशासन को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## होली खेलने के दौरान युवक ने की फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेड़की गांव में बुधवार शाम होली खेलने के दौरान एक युवक ने फायरिंग कर दी। इस घटना से मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, राहुल और अनुराग अपने घर के बाहर बैठे थे, जहां होली का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान अनुराग ने अचानक तमंचे से फायरिंग कर दी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग डर गए और मौके पर भगदड़ मच गई। फायरिंग के बाद अनुराग मौके से फरार हो गया। सूत्रों के मुताबिक, फायरिंग करने वाला युवक कथित तौर पर नशे की हालत में था। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर्ष फायरिंग से किसी को भी गोली लग सकती थी, इसलिए इस मामले में कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस ने फायरिंग कर फरार हुए अनुराग की तलाश शुरू कर दी है। बड़ौत कोतवाली



प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## दो युवकों को मामूली कहासुनी के बाद लाठी-डंडों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मांगरौली गांव के जंगल में स्थित तालाब पर बने ट्रैक पर दौड़ रहे रहतना गांव के दो युवकों को मामूली कहासुनी के बाद लाठी-डंडों से पीटा गया। उन्हें गंभीर चोटें आई हैं और उपचार के लिए टीकरी सीएचसी भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

यह घटना बुधवार शाम की है। रहतना गांव निवासी रवि पुत्र आजाद और विकास पुत्र जितेंद्र मांगरौली गांव के जंगल में स्थित तालाब पर बने ट्रैक पर दौड़ लगा रहे थे। इसी दौरान वहां खड़े कुछ युवकों से उनकी मामूली कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर उन युवकों ने मिलकर रवि और विकास पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया,



जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को टीकरी सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया। पीड़ित युवकों ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। दोघट थानाध्यक्ष सूर्य दीप सिंह ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए टीकरी सीएचसी भेजा गया है और मामले की जांच जारी है।

## एक नजर

### प्रस्तावित दिशा की बैठक के संबंध में जिलाधिकारी ने की संबंधितों के साथ बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सांसद राजकुमार सागवान की अध्यक्षता में 7 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली प्रस्तावित दिशा (जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति) की बैठक के संबंध में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि दिशा की बैठक में पूर्व में दिए गए निर्देशों का सभी विभागों द्वारा शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिशा की बैठक में उठाए जाने वाले सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए उनसे संबंधित प्रगति आख्या एवं आवश्यक अभिलेख पूर्ण रूप से तैयार रखें, ताकि बैठक में विकास कार्यों की प्रगति की प्रभावी समीक्षा की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए तथा जिन कार्यों में सुधार की आवश्यकता है, उनमें शीघ्र कार्रवाई कर प्रगति सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बृजेंद्र शुक्ला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तीरथ लाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कार की छत पर बैठकर फिल्मी स्टाइल में मारपीट करनें पहुंचे युवक, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव में फिल्मी स्टाइल में दर्जनों युवक एक कार मे सवार होकर एक युवक के साथ मारपीट करने पहुंचे जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस ने ऐसी किसी घटना से इंनकार किया है।

चांदीनगर थाना क्षेत्र के लहचौड़ा गांव में दबंगई की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। गांव का ही एक युवक कार्तिक पुत्र महेश घर के बाहर खड़ा था तभी आधा दर्जन से अधिक युवकों ने फिल्मी स्टाइल में हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावर गाड़ी पर स्टंट करते हुए मौके पर पहुंचे और सरेआम युवक की पिटाई कर दी। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका फुटेज अब सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में सफ़ देखा जा



सकता है कि कुछ युवक गाड़ी की छत पर बैठकर स्टंट कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने युवक के पास पहुंचकर पहले गाली-गलौज की और फिर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर युवक को हमलावरों से छुड़ाया और उसे उपचार के लिए भेजा बाद में दोनो पक्षों के बीच फैसला करा दिया गया। थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कोई तहरीर नहीं आई तहरीर आती है तो कार्रवाई की जायेगी।

## जनपद में लगातार हो रही नलकूपों से चोरी, पुलिस के हाथ खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** निरोजपुर मार्ग पर एक नलकूप पर अज्ञात चोरो ने धावा बोल हजारों का समान चोरी कर ले गये, जिससे किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पीड़ित किसान नें पुलिस को सूचना दी है।

रटौल निवासी इरफान पुत्र महफूज की निरोजपुर मार्ग पर नलकूप है, जहा रात्रि अज्ञात चोर छत के रास्ते उतर नलकूप में घुस गये और वहा के केवल, स्टार्टर सहित हजारो का समान चोरी कर ले गये। सुबह जब पीड़ित नलकूप पर पहुंचे तो चोरी की घटना का पता चला। पीड़ित ने पुलिस को सूचना थी है, इसके अलावा रटौल के ही यासीन पुत्र लतीफ के धलकूप से भी चोर हजारो का समान चोरी कर ले गये। एक सप्ताह पहले भी समीप ही हबीब के पोल्ट्री फार्म पर से मोटर व केवल अन्य हजारो का समान चोरी हुआ था। इसके अलावा नगलाबड़ी गांव के जगंल से चार नलकूपों में चोरी हुई थी जिससे किसान परेशान है। किसान हबीब खान, साहिल ने बताया कि पिछले दो वर्षो से चोर अलग अलग स्थान बदल खेतो में नलकूपों को निशाना बना रहे है, जिससे किसान परेशान है। किसानों ने बताया कि एक गैंग सक्रिय है जो नलकूपों पर चोरी की घटना को अंजाम देने मे लगी है। किसानों नें उच्च अधिकारियों से चोरी की घटनाओं पर अकुंश लगाने की मांग की है।

## सामान्य जाति संघर्ष समिती के अध्यक्ष बने दीपक शर्मा एडवोकेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित नवनिर्मित फार्म हाउस कार्यालय पर यूजीसी के खिलाफ विगुल फूंका गया दीपक शर्मा एडवोकेट ने कहा कि जब तक काले कानून



को वापस नहीं लिया जाता तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। आज यूजीसी एक्ट इक्विटी ग्रैन के ख़िलाफ़त में सभा बुलायी गई थी जिसमें सैकड़ों लोगों ने शिरकत किया। एक अध्यक्ष कमेटी का मंडल गठित किया गया जिसमें के बाद सदस्य अध्यक्ष कमेटी बनायी गई जिसमें राजेंद्र जैन सुरेंद्र मोगा सतीश त्यागी आदित्य भारद्वाज वीरेंद्र स्वामी ये निर्णय लिया। की 9 मार्च 2026 को बडौत तहसील में प्रधान मंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया जायँगा। दीपक शर्मा के नेतृत्व में सभी को तहसील मैं पहुँचने का आहवान किया गया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता राधेश्याम शर्मा एडवोकेट ने कहा कि जब तक की है काला कानून भाजपा वापस नहीं लेती तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। सभा में मनीष शर्मा व संचालन दिनेश शर्मा प्रिंसिपल ने किया। कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस से रिटायर उप निरीक्षक राधेश्याम शर्मा दरोगा। वरिष्ठ समाजसेवी विनीत शर्मा सक्षम पंडित नांगल राजकुमार शर्मा बबलू स्वामी हरिओम शर्मा रविन्द्र, लकी जैन, अंकुश अग्रवाल मनोज जैन मनीष शर्मा मलूक चंद शर्मा, पंकज शर्मा, विपिन स्वामी आदित्य भारद्वाज वीरेंद्र शर्मा आदि ने भाग लिया।

## महाराजा अग्रसेन भवन में होली मिलन समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। सभी लोगों ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया।

यह कार्यक्रम महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण ट्रस्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष हंसराज गुप्ता को प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय



अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष बागपत हंसराज गुप्ता ने कहा कि हम सब लोगों को एकजुट होकर महाराजा अग्रसेन के बताए मार्ग पर चलकर उनके द्वारा बताए गए आदर्श पर चलना है।

हम सब लोगों को एकजुट होकर समाज की ताकत को बढ़ाना है। गौरव सम्मान समारोह में पुर्व अग्रवाल महासंघ के जिलाध्यक्ष युगल किशोर गर्ग सचिन गुप्ता दीपक कुमार गुप्ता वरुण अग्रवाल संजय गुप्ता अर्चित गुप्ता योगेश जिदल प्रधान ब्रह्म सिंह गोयल दिनेश गुप्ता प्रदीप गुप्ता के अलावा भारी संख्या में अग्रवाल समाज के लोगों को समाज के सम्मानित लोगों ने सम्मानित किया।

## होली पर्व को लेकर एसपी ने किया जनपद में दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस अधीक्षक ने 4 मार्च को छपरौली कस्बे का व्यापक दौरा किया। यह दौरा होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से किया गया। त्योहार के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है और सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

निरीक्षण के दौरान, पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील स्थानों, प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का गहन जायजा लिया। उन्होंने मौके पर तैनात पुलिस बल से बातचीत की और डयूटी संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, साथ ही सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा भी की। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी पूरी मुस्तैदी के साथ अपने-अपने स्थानों पर तैनात रहें। उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर कड़ी



निगरानी रखने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति की सूचना मिलते ही त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके अतिरिक्त, स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। बाजारों में पैदल गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सक्रिय रखने और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के भी निर्देश दिए गए। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। छपरौली में पुलिस की लगातार मौजूदगी से आमजन में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

## बदमाशों ने मिष्ठान की दुकान में घुसकर हंगामा कर की तोड़फोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** निवासी टीपू कश्यप पुत्र रामपाल की रटौल बस स्टेंड पर कश्यप मिष्ठान भंडार के नाम से दुकान है। टीपू के पुत्र अनुज नें बताया होली के दिन वह अपने फास्ट फूड़ के स्टाल के समीप कुछ युवक शराब का सेवन कर रहे थे। उसने उनका विरोध किया और कही और शराब पीने को कहा जिससे दोनों में कहासुनी हुई जिसके बाद गुरूवार शाम बाईक पर सवार होकर दर्जनों युवक बस स्टेंड पर पहुंचे जिनके हाथों में लोहे की राड लाठी डंडे थे। उन्होंने आते ही गाली गलौच करते हुए तोड़ फोड़ शुरू कर दी ओर तोड़फोड़ के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये तभी आस पास के दुकानदार इखट्टा हो गये और जमकर हंगामा करते हुए रोड़ जाम कर दिया और पुलिस को सूचना दी जब पुलिस कर्मीयो नही पहुंचे तो व्यापारीयों से रटौल पुलिस चौकी पहुंच जमकर हंगामा किया और उच्च अधिकारियों को मौकें पर बुलाने की मांग पर अड़ गये बाद में पुलिस भी मौकें पर पहुंच गयी और व्यापारीयों को समझानें का प्रयास किया। व्यापारी ने बताया कि दो दिन से ये बदमाश दुकान पर चक्कर लगा रहे थे आज मोका मिलते ही बदमाशों ने दुकान का सभी सामान तोड़ दिया ओर गल्ले में रखे लाखो रुपए की नगदी लूटकर जानसे मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पीड़ित ने रटोल चोकी में बदमाशों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है रटोल चोकी इंचार्ज ने बदमाशों के खिलफ़ कड़ी कार्यवाही की बात की है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र कपिल व पुत्रवधू कविता व अपनी पुत्री बबीता से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

चम्पा पत्नि स्व.रामपाल निवासी ग्राम सरूरपुर कलॉ तहसील व जनपद बागपत।

## किसान की बुग्गी से गिरकर दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के किसान की बुग्गी से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। घर में होली के दिन मातम छा गया।

गांगनौली निवासी राजकुमार उर्फ मुन्नू पुत्र हरकेराम की भैंसा बुग्गी से गिरने के कारण मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि राजकुमार खेत से भैंसा बुग्गी को लेकर घर लौट रहे थे, रास्ते में अचानक संतुलन बिगड़ने से वह बुग्गी के नीचे गिर गए, तभी तुरंत यह हादसा हो गया। मृतक अपने पीछे तीन बेटों को छोड़कर गए हैं।

परिवार में भी पूरे गांव में भी शोक



मृतक का फाइल फोटो

की लहर दौड गई है।

## शॉर्ट सर्किट से फोम फैक्ट्री में लगी भयंकर आग, दमकल विभाग ने घंटों बाद आग पर पाया काबू





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के मसूरी गांव में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे किनारे स्थित एक फोम फैक्ट्री में आग लग गई। यह फैक्ट्री एनबीसी कॉलोनी के पास स्थित है। शॉर्ट सर्किट को आग लगने का संभावित कारण बताया जा रहा है। इस घटना में लाखों रुपये का फोम जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आग लगने के बाद फैक्ट्री से काले धुएं का गुबार आसमान में छा गया, जिससे स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग लगने के तुरंत बाद फैक्ट्री से तेज धुआं निकलने लगा था, जिसके बाद सभी मजदूर सुरक्षित बाहर आ गए। अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उन पर काबू पाने में कई घंटे लग गए। फिलहाल, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम राहत कार्य में जुटी हुई है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है। फैक्ट्री में रखा लाखों रुपये का फोम पूरी तरह जलकर खाक हो गया है।

# ग्रह क्लेश के चलते युवा इलेक्ट्रिक्शियन फांसी पर झूला

■ पेड़ से लटका मिला शव





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नजदीकी गांव याकूबपुर के रहने वाले नगर पालिका परिषद के सेवानिवृत कर्मी के इलेक्ट्रीशियन पुत्र ने घरेलू क्लेश के चलते आत्म हत्या कर ली। गुरुवार को उसका शव ग्राम सिजौलिया स्थित कोहली के बाग में आम के पेड़ से लटका मिला।

नजदीकी गांव याकूबपुर के रहने वाले होरी लाल 6 माह पूर्व नगर पालिका परिषद से सेवानिवृत्त हुए थे, उनके इलेक्ट्रीशियन पुत्र संतोष कश्यप (32) का किसी बात को लेकर अपनी पत्नी रचना कश्यप से विवाद हो गया था जिसे वह बर्दाश्त नहीं कर पाया। गुरुवार को उसका शव ग्राम सिजौलिया स्थित कोहली के बाग में आम के पेड़ से लटका मिला। शव लटके होने की खबर आग की तरह फैल गई, और उसे देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सूचना पर पहुंचे कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने लोगों से इसकी जानकारी ली। पुलिस ने शव की पहचान कराए जाने की कोशिश की, जिस पर उसकी शिनाख्त संतोष कश्यप के रूप में की गई। फिंगर यूनिट ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की, उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

मृतक चार भाइयों में दूसरे नम्बर का था। उसके बड़े भाई नरेश, छोटू और तेज वहादुर हैं। संतोष कश्यप के दो पुत्रियों एक तीन साल और एक डेढ़ साल की है। घटना स्थल पर पहुंची मां रामलली और उसके परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना को लेकर नगर पालिका कर्मी वरिष्ठ लिपिक डी के, सफाई प्रभारी अमर सिंह, लिपिक रघुवर यादव सहित अधिकतर कर्मी स्थल पर पहुंचे और घटना पर दु:ख जताया।

# शांतिपूर्ण त्योहार के बाद पुलिस महकमे ने खेली होली

■ एडीजी आवास पर अफसरों और पुलिसकर्मियों ने उड़ाया गुलाल, गीत-संगीत पर जमकर थिरके



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राम बरात और होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के बाद पुलिस महकमे ने बृहस्पतिवार को पूरे उत्साह के साथ होली मनाई। एडीजी आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर पुलिसकर्मियों तक ने रंग-गुलाल उड़ाया और गीत-संगीत के बीच जमकर उत्सव मनाया।

कार्यक्रम में एडीजी रमित शर्मा, डीआईजी अजय कुमार साहनी और एसएसपी अनुराग आर्य सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे। पंजाबी और होली गीतों की धुन पर एसएसपी अनुराग आर्य ने मंच पर पहुंचकर जोरदार डांस किया, जिसे देख अन्य अधिकारी और पुलिसकर्मी भी खुद को थिरकने से नहीं रोक सके। पुलिस लाइन से शुरू हुआ होली का उल्लास अफसरों के आवासों से होता हुआ एडीजी जोन के बंगले पर पहुंचा, जहां रंगों की बौछार और संगीत ने माहौल को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया। मुस्कान बैंड की धुन पर सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाया और होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा, एसपी यातायात अकमल खान सहित आईपीएस अधिकारी सोनाली मिश्रा और अंजना दहिया ने भी गीतों पर डांस कर उत्सव में चार चांद लगा दिए। जनता की सुरक्षा में मुस्तैद रहने वाली पुलिस ने त्योहार के बाद आपसी भाईचारे और टीम भावना के साथ होली मनाकर सकारात्मक संदेश दिया। रंगों और संगीत के बीच अफसरों और कर्मचारियों ने हंसी-खुशी के साथ यादगार पल साझा किए।

## देवरनियां कोतवाली में पुलिसकर्मियों ने जमकर खेली होली

होली पर्व के अवसर पर देवरनियां कोतवाली परिसर रंगों से सराबोर नजर आया। गुरुवार को पुलिसकर्मियों ने आपसी भाईचारे और उत्साह के साथ जमकर होली खेली। एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर सभी ने पर्व की खुशियां साझा कीं।

डीजे की धुन पर पुलिसकर्मी झूमते नजर आए और माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। होली का उल्लास देखने के लिए आसपास के लोग भी कोतवाली परिसर में पहुंच गए। अंत में कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने सभी पुलिसकर्मियों को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सौहार्द व शांति बनाए रखने का संदेश दिया।

## एक नजर

## मीरगंज में निकले चादरों के जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** कस्बा में गुरुवार को आस्था और श्रद्धा के साथ चादरों के जुलूस निकाले गए। जुलूस की शुरुआत धर्मशाला मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद हुई। इसके बाद श्रद्धालु चादर लेकर नगर की मुख्य मार्केट, शिवपुरी, मेवात और राजेंद्र नगर मोहल्लों से होते हुए लाइनपार स्थित बाईजी माई के प्राचीन सिद्ध पीठ पहुंचे।

यहां श्रद्धालुओं ने बाईजी मां की समाधि पर चादरें चढ़ाकर नगर को दैवी आपदाओं से सुरक्षित रखने और सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद जुलूस मढ़ी से पुरानी बाजार स्थित सीताराम की मढ़ी पर पहुंचा, जहां पूजा-अर्चना के बाद जुलूस का समापन हुआ। जुलूस में रामवीर पुरी, राजू गिरि, चंपतपुरी, राजेश गिरि, रोहित गिरि, विनोद रोहिला, सतीश चंद्र एडवोकेट, बब्लू ग्वाल, अशोक कुमार, दिनेश दिवाकर, अमित गिरी, सूरज पाठक समेत कई श्रद्धालु शामिल रहे। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दोनों जुलूसों के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## शांतिपूर्ण हुआ होलिका दहन, होली के जुलूसों में झूमे होलियारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के गांवों व नगर में कुल 84 स्थानों पर शांतिपूर्ण तरीके से होलिका दहन किया गया। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा।



एसडीएम आलोक कुमार सिंह, सीओ अजय कुमार तथा नायब तहसीलदार अरविंद कुमार ने मंगलवार रात्रि रसूलपुर, फिरोजपुर और कस्बा मीरगंज समेत कई स्थानों पर पहुंचकर होलिका दहन का निरीक्षण किया। इस दौरान तहसील परिसर में एसडीएम आलोक कुमार सिंह व ग्रामीणों ने जल रही होलिका में विधि-विधान से पूजन कर आखत डाले।बुधवार को थाना मीरगंज क्षेत्र में चार स्थानों से होली के जुलूस निकाले गए। जुलूस में शामिल हुर्रियारों ने फिल्मी और पारंपरिक लोकगीतों पर जमकर नृत्य किया। रास्ते में घरों की छतों से महिलाओं और बच्चों ने हुर्रियारों पर पिचकारियों से रंग डाला और गुलाल बरसाया। छोटे-बड़े सभी होली की मस्ती में रंगों से सराबोर नजर आए। होली के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर शुभकामनाएं दीं और आपसी गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया।

## रंजिशन धारदार हथियार से हमला महिला घायल, तीन पर प्राथमिकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** रंजिशन घर के दरवाजे पर गाली गलौज कर रहे दबंगों ने विरोध पर महिला के सिर में धारदार हथियार से हमला कर दिया। महिला के सिर में गंभीर चोट लगी है। बचाने आए दो युवकों को भी जमकर पीटा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर महिला को इलाज को अस्पताल भेज दिया।

घायल खुशनुमा निवासी लहसोई ने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर गाँव के कलीम रजा, नाजिम और इजहार अली उनके दरबाजे पर गाली गलौज कर रहे थे।उसने विरोध किया तो उपरोक्त ने सिर में धारदार चीज मार दी। सिर में जख्म बनने से वह लहूलुहान हो गई। आरोपितों ने इतना ही नहीं बल्कि बचाने आए गुलसाद व रहीस अहमद को भी पीटा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, भतीजा गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** नेशनल हाईवे पर धनेटा फाटक के पास बुधवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल को एंबुलेंस से बरेली जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, शाहजहांपुर जिले के थाना कटरा क्षेत्र के गांव जैतीपुर निवासी 40 बर्षीय कविता अपने पति राजकुमार के साथ दिल्ली के जसोला क्षेत्र में रहकर मजदूरी करती थीं। परिजनों के अनुसार वह अपने भतीजे सुनील के साथ बाइक से दिल्ली से अपने घर लौट रही थीं।

बुधवार सुबह धनेटा फाटक के पास एक होटल पर चाय पीने के बाद जैसे ही वे आगे बढ़े, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कविता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल बरेली भेजा गया। मृतका के देवर अंकुर ने दावा किया कि कविता अपने साथ बैग में करीब डेढ़ लाख रुपये और सोने की चेन लेकर आ रही थीं, जो घटना के बाद नहीं मिली।थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी इस संबंध में कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# कड़ी सुरक्षा में निकली ऐतिहासिक राम बारात

■ भगवामय हुई दुनका की गलियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के कस्बा दुनका में होलिका दहन के तीसरे दिन निकलने वाली ऐतिहासिक राम बारात (तिड़हाड़ी) कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच धूमधाम से निकाली गई। राम बारात निर्धारित समय पर अपने तय मार्गों से होती हुई नागा बाबा मंदिर पर सकुशल संपन्न हुई। बारात के दौरान पूरे कस्बे की गलियां भगवामय नजर आईं और हजारों की संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम का आनंद लेने पहुंचे।

राम बारात में विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, भगवान गणेश, साईं बाबा, महाकाली, अघोरी बाबा, महिषासुर मर्दिनी दुर्गा तथा लैला-मजनूं सहित कई आकर्षक झांकियां निकाली गईं। झांकियों के साथ डीजे की धुन पर युवक जमकर नाचते-झूमते रहे और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते रहे।

कार्यक्रम को देखने के लिए आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे पहुंचे। लोगों ने घरों की छतों से राम बारात और झांकियों का नजारा देखा। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर झांकियों और कलाकारों का स्वागत किया। आयोजक कपिल गंगवार, भरत शर्मा, रामकुमार, लक्ष्मी गंगवार, पप्पू रस्तोगी और बबलू गंगवार आदि ने छतों पर फूलों की विशेष व्यवस्था कराई थी, जिससे पूरे मार्ग में झांकियों पर फूल बरसाए गए।कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

उपजिलाधिकारी आलोक कुमार, सीओ मीरगंज अजय कुमार, नायब तहसीलदार अरविंद कुमार, थानाध्यक्ष राजेश कुमार वैंसला, चौकी इंचार्ज मुनेन्द्र पाल, कानूनगो संजेश उपाध्याय, लेखपाल लोकेंद्र सिंह और गिरेंद्र कुशवाह सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।राम बारात की सुरक्षा के लिए दो सेक्शन पीएसी के साथ इज्जतनगर, शेरगढ़, भुता, शीशगढ़ और शाही थानों की पुलिस तैनात की गई थी। सीओ मीरगंज अजय कुमार ने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।

यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए थे। शीशगढ़ की ओर से आने वाले वाहनों को सहोड़ा से मीरगंज मार्ग की ओर डायवर्ट किया गया, जबकि छोटे वाहन गांव की गलियों से होकर दुनका मार्ग से गुजरते रहे। कुल मिलाकर राम बारात का आयोजन भक्ति, उत्साह और भाईचारे के वातावरण में संपन्न हुआ।

## नवयुवक संघ के होली मिलाप में जनप्रतिनिधियों ने दिया सद्भाव का सन्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नवयुवक संघ के सौजन्य से आयोजित होली मिलाप समारोह में सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि सेंथल के युवाओं द्वारा यह आयोजन निश्चित रूप से गौरवान्वित करने वाला है, सनातन संस्कृति महोत्सव होली मिलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किये गये व कीर्तन मंडलियों को भी सम्मानित किया गया।

विधायक डॉ. एमपी आर्य ने सनातन पर्व और उसकी महत्त्वता व नवयुवक संघ के प्रयासों को सराहा व भगवत सरन गंगवार ने शान्ति व आध्यात्मिकता पर प्रकाश डाला। श्रुति गंगवार ने मातृशक्ति को सम्मानित किया व भुजेंद्र गंगवार ने सेंथल के सद्भाव की प्रशंसा की। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधायक डॉ. एमपी आर्य, श्रुति गंगवार, विशाल केसर सिंह गंगवार, डॉ. आशुतोष गंगवार, भुजेंद्र गंगवार, भगवत सरन गंगवार, राकेश गंगवार, बबलू गंगवार, सर्वेश गंगवार, प्रिया शंकर एड., नत्थू लाल आर्य, विनोद गुप्ता, केशव महाजन, श्याम स्वरूप गुप्ता, राजीव सक्सेना, अन्नू गुप्ता, नीरज गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, राहुल गुप्ता, राकेश चन्द्र गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, डॉ. लेखराज मौर्य, नगर अध्यक्ष कम्बर एजाज शानू, राजू हिंदुस्तानी, राजीव गंगवार आदि उपस्थित रहे। संचालन संजीव गुप्ता बंटू ने किया।

## शान्ति और भाईचारगी के साथ धूमधाम से मनाई होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बा व देहात क्षेत्र में बुधवार को रंगों का त्यौहार रंगोंत्सव शांतिपूर्ण व भाई चारे के साथ धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को जमकर रंग गुलाल लगाया। हुरियारों की टोली में युवक जगह-जगह डीजे पर जमकर नाचते गाते दिखाई दिए। जिससे माहौल एक दम सतरंगी हो गया।



ब्रह्ममुहूर्त में होलिका दहन होने पर लोगों ने जलती होलिका में गोला, कपूर, तिल, लौंग आदि के साथ जौ की बालियों को अर्पण कर होलिका मैया की जय, भक्त प्रहलाद की जय के साथ भगवान विष्णु के गगन चुम्भी नारे लगाए। तत्पश्चात रंगोंत्सव मनाया गया। शांतिव्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल चप्पे चप्पे पर मुस्तैद रहा। उधर कोतवाली परिसर में गुरुवार को पुलिस कर्मियों ने जमकर होली खेली। साथ ही पुलिस कर्मियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर जमकर होली मनाई। डीजे की धुन पर पुलिस कर्मी खूब थिरके। पुलिस कर्मियों की होली देखने के लिए आसपास के लोग भी परिसर में पहुंच गए। अंत में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने सभी पुलिस कर्मियों को गले लगाकर होली की मुबारकबाद भी दी।

## कस्बे व थाना क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र में होली का पर्व धूमधाम और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मनाया गया।



बुधवार को पूरे इलाके में लोग सुबह से ही अपने-अपने घरों और मोहल्लों में एक-दूसरे को रंग-बिरंगे गुलाल और पानी के गुब्बारों से होली खेलने में व्यस्त रहे। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने उत्साह और आनंद के साथ पर्व को मनाया। हर तरफ रंगों की बहार और होली की खुशियों का माहौल देखने को मिला। लोग एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए प्रेम और सौहार्द का संदेश भी साझा करते रहे। पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए प्रमुख चौक, बाजार, मंदिरों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात कर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरी सतर्कता बरती। मिश्रित आबादी में पुलिस टीम ने लगातार गश्त की और आवश्यकतानुसार लोगों को दिशा-निर्देश भी दिए। सुरक्षा के मद्देनजर थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह चौकी प्रभारी अनूप सिंह दल बल के साथ मुस्तैद रहे। स्थानीय लोगों ने पुलिस की सतर्कता की सराहना की। कस्बा व थाना क्षेत्र के गांवों में रंगों और भाईचारे का वातावरण बना रहा होली पर ना केवल खुशी और उमंग का संदेश दिया, बल्कि पुलिस और नागरिकों के सहयोग से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने का उदाहरण भी पेश किया।

# तरावीह में पचासवां खत्म शरीफ

■ हाफिज अनवार का ऐतिहासिक मुकाम
■ मोती मस्जिद में 27वीं शब को जश्ने कुरआन
■ मई में अजीमुश्शान सेमीनार की तैयारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कस्बे में इस वर्ष रमजान के मुकद्दस महीने में एक खास और यादगार मौका आने जा रहा है। हाफिज अनवार पिछले लगभग 50 वर्षों से लगातार तरावीह में कुरआन पाक सुना रहे हैं और इस बार उनकी पचासवीं मेहराब मुकम्मल हो रही है। इसे लेकर नगर में खुशी और अकीदत का माहौल है।

शाहजी अकादमी बहेड़ी के सदर दफ्तर में मेंबरान की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनवारे मिल्लत हजरत मौलाना हाफिज कारी अनवार अहमद शेरी के पचासवें खत्म शरीफ के सिलसिले में विस्तार से चर्चा की गई। तय किया गया कि रमजान की 27वीं शब को उनकी पचासवीं मेहराब मुकम्मल होने के मौके पर मोती मस्जिद की इंतजामिया कमेटी की ओर से "जश्ने कुरआने करीम" के नाम से एक शानदार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी मई माह के प्रारंभ में एक अजीमुश्शान सेमीनार और कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के बड़े-बड़े उलेमा शिरकत करेंगे। सेमीनार की रूपरेखा तैयार करने के लिए ईद के बाद एक विस्तृत बैठक बुलाई जाएगी।

इस अवसर को लेकर नगर के धार्मिक एवं सामाजिक लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। इस मौके पर हजरत नासिर मियां, मौलाना साबिर मियां, अजाज अहमद, शोएब शायरी, सलीम शेरी, मोहमद कैफ, मौलाना राशिद, सलीम चंदा आदि मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ निकला होली का जुलूस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** रंगों का पर्व होली नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गया। दोपहर को नगर से निकला जुलूस कस्बे के मार्गों से होकर गुजरा।

नगर के बाबू राम धर्मशाला से दोपहर को हुरियारों का जुलूस शुरू हुआ, जो कस्बे के मुख्य मार्ग, एसडीएम रोड, खघरिजा रोड होता हुआ धर्मशाला पर जाकर इसका समापन हुआ। होली समिति के अध्यक्ष राजीव गुप्ता की अगुआई में निकले होली के इस जुलूस में युवक रंग गुलाल उड़ाते चल रहे थे। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौर, भाजपा नेता राजकुमार गुप्ता, व्यापारी नेता विनोद गुप्ता, एशियन लॉ कॉलेज के एमडी एड नंदकिशोर सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव, चौकी इंचार्ज सुनील कुमार भारी पुलिस वल के साथ जुलूस में शामिल रहे। शान्ति पूर्ण तरीके से होली का पर्व सम्पन्न होने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

## गुरुवार को पुलिस ने जमकर खेली होली, किया खूब डांस

बुधवार को होली का पर्व शान्ति पूर्ण तरीके से सम्पन्न होने के बाद गुरुवार को कोतवाली में पुलिस कर्मियों ने जमकर होली खेली। इस अवसर पर कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव के साथ ही सभी उपनिरीक्षकों, कर्मियों ने जमकर डांस किया। देर तक चली पुलिस कर्मियों की इस होली को देखने के लिए लोगों का हुजूम लग गया।

## होली समिति अध्यक्ष ने दिया त्याग पत्र

होली समिति के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बुधवार को निकले होली के जुलूस के बाद आज गुरुवार को अपने पद से त्याग पत्र दे दिया। उनका यह इस्तीफा सोशल मीडिया पर जैसे ही पोस्ट हुआ लोगों ने इस पर तरह तरह की प्रतिक्रियाएं वयक्त की।

# युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया युवक, प्राथमिकी दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** परिजनों की गैर मौजूदगी में युवक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया। युवती की माँ की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित जीशान निवासी मोहल्ला गढ़ी कस्बा शीशगढ़ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। युवती की मां ने पुलिस को बताया कि 2 मार्च को वह जंगल में घास काटने गई थी। शाम को लौटी तो 18 वर्षीय बेटी गायब थी। आसपास पड़ोसियों से पूछने पर उपरोक्त युवक के बारे में जानकारी हुई।

# पांच वर्ष की खदीजा ने रखा पहला रोजा, घर में खुशी का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** रमजान के मुबारक महीने में नजदीकी गांव रिछोला किफायतुल्ला के रहने वाले अब्दुल सत्तार उर्फ मुन्ना भाई मुखिया के घर उस वक्त खुशियों की रौनक बढ़ गई, जब उनकी महज पांच वर्ष की बेटी खदीजा नूर ने अपना पहला रोजा रखा। नन्ही सी उम्र में इबादत की इस खूबसूरत शुरुआत ने पूरे परिवार को गर्व और खुशी से भर दिया।



सुबह से ही घर में दुआओं और मुबारकबाद का सिलसिला चलता रहा। बेटी के पहले रोजे की खुशी में न्याज और नजर का खास इंतजाम किया गया। खदीजा के वालिद अब्दुल सत्तार मुखिया और उनकी वालिदा शहनाज बी की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। अपनी लाडली को पहली बार रोजा रखते देख वालिद की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। दादा हाजी अबुल सलीम और दादी हज्जन मोमिना ने अपनी नातिन को दुआओं से नवाजते हुए उसकी लंबी उम्र और कामयाबी की दुआ की। वहीं चाचा अब्दुल कदीर, फूफा हाजी चांद बाबू समेत पूरे परिवार ने खदीजा नूर को पहला रोजा रखने पर दिली मुबारकबाद पेश की।

नन्ही खदीजा नूर की इस प्यारी पहल ने घर के माहौल को पूरी तरह से रूहानी बना दिया। परिवार और मोहल्ले के लोगों ने भी इस खास मौके पर बच्ची की हौसला अफजाई की और उसके उज्जवल भविष्य की दुआ की।

# सांसद छत्रपाल गंगवार ने बहेड़ी में खेली रंगों की होली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** होली के पावन पर्व पर छत्रपाल गंगवार ने बहेड़ी नगर में पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और शुभचिंतकों के साथ उत्साहपूर्वक होली मनाई। इस दौरान उन्होंने लोगों को गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं, और आपसी प्रेम, सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया।

सांसद छत्रपाल गंगवार ने नगर के नैनीताल रोड से मोहल्ला रामलीला मैदान, माथुर रोड होते हुए विभिन्न वार्डों में भ्रमण किया। जगह-जगह कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने उनका स्वागत किया। लोगों ने एक-दूसरे को रंग और अबीर लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल रहा।

सांसद ने कहा कि होली सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें मनमुटाव भुलाकर प्रेम के रंग में रंगने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से शांति और सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की।

होली के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस प्रशासन ने शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त बढ़ाने, प्रमुख चौराहों पर निगरानी और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

# साथ में शराब न पीने पर दबंग ने दलित युवक को मारी गोली, हालत गम्भीर


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर में एक दलित युवक को दबंग के साथ शराब न पीना जानलेवा साबित हो गया। गुस्साए दबंग ने दलित युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। गम्भीर हालत में उसे महानगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात करीब 12 बजे हेतराम का पुत्र रामबाबू गांव के बाहर श्मशान भूमि के निकट पुलिया के पास खड़ा था कि इसी दौरान गांव का दबंग हरिशंकर उर्फ गुड्डा अपनी बाइक से वहां आ गया। आरोप है कि हरिशंकर रामबाबू से साथ में शराब पीने के लिए दबाव डाल रहा था, उसके मना करते ही आक्रोश में आकर हरिशंकर उर्फ गुड्डा ने तमंचे और गोली चला दी जो उसके दाहिने पैर में लगी। गोली लगने से घायल युवक को तत्काल ही पहले सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां से उसे चिकित्सकों ने बरेली रेफर कर दिया। घटना की रिपोर्ट घायल दलित युवक के भाई पप्पू ने आरोपी हरिशंकर उर्फ खामपुर के खिलाफ दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

# गाजियाबाद पुलिस ने एंकाउंटर में दूसरे भाई को भी किया ढेर

## पांच दिन पहले छोटे भाई को पुलिस ने एंकाउंटर में मार गिराया था

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सैदनगली।** गाजियाबाद के यू ट्यूबर सलीम पर जानलेवा हमले के दूसरे सगे भाई को भी पुलिस ने एंकाउंटर में ढेर कर दिया। जबकि पांच दिन पहले छोटे भाई को पुलिस ने एंकाउंटर में मार गिराया था। कस्बे के दो भाईयों को गाजियाबाद पुलिस द्वारा एंकाउंटर में ढेर किये जाने से परिजनों में गम का माहौल है। कड़ी सुरक्षा के बीच बड़े भाई को हजारों नम आंखों के बीच सुपुर्दे खाक कर दिया गया।



जानकारी के अनुसार गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में यूट्यूबर सलीम वास्तव पर जान से मारने की नीयत से चाकू से करीब 14 बार हमला किया गया था। हमले में सलीम के गर्दन और पेट पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद उन्हें गंभीर हालत में दिल्ली के एक बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है और उनकी हालत अभी भी नाजुक बताई जा रही है। पुलिस द्वारा घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर सामने आया कि हमले को अंजाम देने वाले दो युवक हेलमेट पहनकर आए थे। जांच में उनकी पहचान सैद नगली निवासी जीशान और उसके बड़े भाई गुफरान के रूप में हुई। घटना के बाद गाजियाबाद पुलिस ने दोनों आरो. पियों की तलाश शुरू कर दी। तलाश के दौरान एक मार्च को पुलिस और जीशान के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से उसकी मौत हो गई। इसके बाद तीन मार्च को उसके बड़े भाई गुफरान की भी पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई। दोनों भाइयों की मौत की खबर जैसे ही उनके पैतृक कस्बे सैद नगली पहुंची तो पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने दोनों के शवों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। बताया जाता है कि जीशान ने सैद नगली के एक मदरसे में करीब तीन वर्ष तक तालीम हासिल की थी और वह अपने मजहबी स्वभाव के कारण क्षेत्र में पहचाना जाता था। घटना के बाद गाजियाबाद पुलिस सैद नगली थाना पुलिस को साथ लेकर आरोपियों के घर पहुंची और परिजनों से पूछताछ की। इस दौरान घर के बाहर खड़ी एक बाइक को भी पुलिस अपने साथ ले गई। थाना सैद नगली प्रभारी विकास कुमार सहरावत ने बताया कि दोनों युवकों के खिलाफ पहले से किसी प्रकार का कोई आपराधिक मुकदमा दर्ज

**■ गाजियाबाद के यू ट्यूबर सलीम पर जानलेवा हमले का मामला**

नहीं था और अपने क्षेत्र में उनकी छवि सामान्य थी। बताया जा रहा है कि यूट्यूबर सलीम वास्तव अपने फेसबुक और सोशल मीडिया माध्यमों पर इस्लाम धर्म से जुड़ी कुछ परंपराओं जैसे हलाला और तीन तलाक को लेकर वीडियो बनाता था, जिसको लेकर उसके ही समुदाय के कुछ लोगों ने विरोध भी दर्ज कराया था। बताया जा रहा है कि इसी बात को लेकर जीशान और उसके करीबी लोग उससे नाराज थे। मृतकों के पिता बुनियाद अली ने बताया कि उनके परिवार में पांच बेटियां और दो बेटे थे। बड़ा बेटा गुफरान पिछले करीब दस वर्षों से नोएडा में लकड़ी का काम करता था। छोटा बेटा जीशान मदरसे की पढ़ाई पूरी करने के बाद वर्ष 2021 में सैद नगली के इंटर कॉलेज से इंटर पास कर अपने बड़े भाई के पास नोएडा चला गया था और वहीं रह रहा था। पिता बुनियाद अली का कहना है कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि उनके बेटों से ऐसा कैसे हो गया। उनका कहना है कि उनके बेटे ऐसे नहीं थे और इस घटना में अन्य लोगों की भी संलिप्तता हो सकती है, जिन्होंने उनके बेटों को इसके लिए उकसाया होगा।

# बाइक की टक्कर के बाद किसान की संदिग्ध मौत

## हत्या का आरोप लगाकर परिजनों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रजबपुर।** होली की खुशियां कुछ ही देर में मातम में बदल गईं, जब बाइक की टक्कर के बाद एक किसान की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने बाइक सवार युवकों पर पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर कलां की है। यहां किसान सुरेंद्र सिंह का परिवार रहता है। वह स्वास्थ्य विभाग में 108 एंबुलेंस के चालक थे। परिवार में पत्नी व बच्चे भी हैं। कुछ समय पहले वह एंबुलेंस चालक की नौकरी छोड़ चुके थे। फिलहाल वह घर पर ही थे। बुधवार दोपहर तक उन्होंने परिजनों के साथ होली मनाई। इसके बाद वह अपने घर के सामने घूम रहे थे। आरोप है कि उसी एक बाइक ने उन्हें साइड मार दी। हादसे में वह घायल हो लेकिन उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए बाइक पर सवार दोनों युवकों के पीछे दौड़ पड़े। इसके बाद उनका कोई पता नहीं चला। लगभग आधा घंटा बाद रास्ते में सड़क किनारे उनका शव पड़ा मिला। गांव में खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। रोते बिलखते परिजन भी आ गए। उन्होंने बाइक सवार दोनों युवकों पर सुरेंद्र सिंह को पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया, मौके पर पहुंची पुलिस ने गुस्सा शांत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि गांव में व अन्य रास्तों पर लगे सीसी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है। आरोपियों की जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि, शुरआती जांच में बाइक पेड़ से टकराने की बात सामने आई है। पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# बालाजी मन्दिर में मिला बंदर का सिर

## कुत्ता अवशेष लेकर पहुंचा था परिसर, सीसीटीवी फुटेज के बाद स्थिति हुई साफ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के प्राचीन श्री राम जानकी बालाजी मंदिर में बुधवार को होली के दिन उस समय हलचल मच गई, जब मंदिर परिसर में बंदर का सिर जैसा अवशेष पड़ा मिला। इसकी जानकारी मिलते ही आसपास के लोग और विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए।

मामले की सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद एसडीएम विभा श्रीवास्तव और सीओ अंजलि कटारिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और पूरे मामले की जानकारी ली। मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली गई। जांच के दौरान पता चला कि एक कुत्ता कहीं से बंदर का अवशेष मुंह में दबाकर मंदिर परिसर में ले आया था। इसके बाद प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में अवशेष को जमीन में दबा दिया गया, जिससे मामला शांत हो गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने बताया कि बालाजी मंदिर में बंदर का अवशेष मिलने की सूचना पर संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे थे। बाद में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बताया कि कुत्ता अवशेष को मंदिर में लेकर आया था। घटना के बाद प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है।

# बच्चा चोरी के शक में महिला को खम्भे से बांधकर पीटा

## वीडियो वायरल होने से मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर कोतवाली क्षेत्र में आजाद मार्ग पर मंगलवार रात एक महिला को बच्चा चोर समझकर भीड़ ने बिजली के खंभे से बांध दिया। बेदर्दी से उसकी पिटाई की, भीड़ में ही शामिल किसी शख्स ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया। मानसिक रूप से विक्षिप्त दिख रही महिला को पुलिस ने बमुश्किल भीड़ के चंगुल से आजाद कराया।

घटना रात करीब दस बजे की है, भीड़ एक महिला को घेरे हुए खड़ी थी। उस पर आरोप लगाया जा रहा था कि वह मोहल्ले से एक बच्चे को चुरा कर ले जा रही थी। इसके बाद भारी शोर-शराबे के बीच भीड़ ने महिला को रस्सी से खंभे में बांधकर सरेआम पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान सैकड़ों लोग मौजूद थे, जो तमाशबीन बने वीडियो बनाते रहे। महिला लगातार चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन काफी देर तक किसी ने उसे बचाने का प्रयास नहीं किया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। घटना से जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस फिलहाल महिला से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की जांच में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने भीड़ में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही।

## एक नजर

### पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पुरानी रंजिश के चलते 2 पक्षों में हुई मारपीट के बाद पुलिस को दोनों और से तहरीर दे दी गई है। नगर के मोहल्ला कोट पूर्वी मीट मार्किट निवासी नरगिस पत्नी राशिद अब्दुल्ला कॉलोनी में अपने रिश्तेदार के घर गई थी। आरोप है कि महिला के देवर ने उसे देखते ही गंदी गंदी गालियां देनी शुरू कर दी। महिला की बेटी के साथ अश्लील हरकत भी की गई। वही दूसरे पक्ष की रुखसाना पत्नी अफसर का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने उन्हें गंदी गंदी गालियां देते हुए लात घूंसो से पिटाई पिटाई भी की गई। पीड़ित नरगिस का आरोप है कि पुलिस ने दबंगो से हमसाज होकर उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया है। नरगिस ने अपने साथ हुए अन्याय की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की है।

### पूर्व सभासद शहाबुद्दीन का इंतकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पूर्व सभासद शहाबुद्दीन सैफी का हार्ट अटैक आने के कारण इंतकाल हो गया। नगर के मोहल्ला कायस्थान आखून चौक निवासी पूर्व सभासद शहाबुद्दीन सैफी को बीती रात हार्ट अटैक आया था। परिजन उन्हें चिकित्सक के पास ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही उनका इंतक. ाल हो गया। बाद में गमजदा माहौल में पूर्व सभासद के जनाजे को सुपुर्द खाक कर दिया गया। पूर्व सभासद के इंतकाल की सूचना मिलते ही पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, सभासद मोहसिन खान, रालोद नेता मुजाहिद चौधरी, हाजी शहजाद खान, इक्तेदार खान, कांग्रेस नेता तारिक मोहम्मद खान, डॉक्टर अफसर अली, नुसरत सैफी, नजम खान, खुशी मोहम्मद खान, मृदुल अग्रवाल, साजिद खान, शाहनवाज अंसारी, हमजा अली आदि मौजूद थे।

### मीट विक्रेता से 40 हजार छीनने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** मुर्गा मीट विक्रेता ने 4 युवकों पर 40 हजार रुपये छीनने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। नगर के मोहल्ला कनेटा रोड मक्का वाली निवासी मोहम्मद सलीम पुत्र अब्दुल फकीरा ने प्रभारी निरीक्षक को पत्र देकर कहा है कि 4 मार्च को दोपहर गरीब 1:00 बजे मोहल्ला खेवान पूठ रोड पर 4 युवकों ने उसके चाकू लगाकर मुर्गे के मीट की बिक्री के 40हजार छीन लिया था जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पीड़ित का कहना है उसने डायल 112 को मौके पर बुलाया था। कोतवाल को पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

### डीआईपीएस स्कूल का डीवीआर चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** दिल्ली आइडियल पब्लिक स्कूल में चोरों ने कई कमरों के ताले कर सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर चोरी कर लिये। जबकि अन्य कमरों के भी ताले तोड़े गये। मालीखेड़ा उर्फ शाहबाजपुर स्थित दिल्ली आईडियल पब्लिक स्कूल में बीती रात चोर ताले तोड़कर अंदर घुस आये तथा यहां कार्यालय समेत कई कक्षों के ताले तोड़े गये। जबकि आफिस में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर चोर अपने साथ चोरी कर ले गये। सुबह जब स्कूल स्टाफ पहुंचा तो ताले टूटे देखकर घटना की जानकारी हुई। बताया जा रहा है कि करीब एक लाख रुपये से अधिक कीमत का डीवीआर चोरी हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आसपास लगे अन्य कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। स्कूल प्रबंधन ने घटना पर चिंता जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है।

### घरेलू विवाद में युवती ने पिया एसिड

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के एक गांव में घरेलू विवाद के चलते 19 वर्षीय युवती ने एसिड का सेवन कर लिया। घटना के बाद युवती की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों को जानकारी होने पर उन्होंने तुरंत युवती को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि घरेलू विवाद के कारण युवती ने यह कदम उठाया। फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार चल रहा है। मामले की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### होली मिलन में झलकी आपसी प्रेम की भावना



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** बुधवार को मोहल्ला महादेव स्थित थाना मार्ग पर अखिल भारतीय हिंदू परिषद के जिला कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मिलकर होली के गीत गाए और एक-दूसरे का मुंह मीठा कर त्योहार की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक ओपी गोला, मंडल संयोजक अतुल अग्रवाल, प्रदेश मंत्री रजत अग्रवाल सहित संगठन के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला संयोजक निर्मल चौधरी उर्फ कमल सिंह ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है। ऐसे कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं के बीच आपसी संबंध और मजबूत होते हैं तथा समाज में भी एकता का संदेश जाता है। उन्होंने सभी लोगों से मिलजुल कर शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की।

# बीडीओ आवास से इन्वर्टर व बैटरा चोरी

## गेट पर ताला ज्यों का त्यों लगा मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** खंड विकास अधिकारी के आवास से चोरों ने इन्वर्टर व बैटरा चोरी कर लिया। सबसे बड़ी बात यह रही कि आवास का ताला ज्यों का त्यों लगा हुआ मिला। बीडीओ ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों का पता लगाकर इन्वर्टर व बैटरा बरामद कराने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र पंचायत कार्यालय में खंड विकास अधिकारी के पद पर प्रतिभा अग्रवाल तैनात हैं। उनका विभागीय आवास नगर के पशु चिकित्सा अस्पताल के सामने बना हुआ है। प्रतिभा अग्रवाल होली के अवकाश पर अमरोहा स्थित निजी आवास पर गई थीं। गुरूवार को कार्यालय खुलने पर वह डयूटी के लिए आईं। पूर्वान्ह के समय जब वे विभागीय आवास पर पहुंचकर ताला खोला तो देखा कि भीतर से इन्वर्टर व बैटरा गायब था। यह देखकर बीडीओ अवाक रह गईं, क्योंकि गेट पर ताला ज्यों का त्यों लगा हुआ था लेकिन इसके बाद भी उनके आवास से इन्वर्टर व बैटरा चोरी हो गया। बीडीओ ने इस मामले की तहरीर पुलिस को सौंपकर चोरों का पता लगाकर इन्वर्टर व बैटरा बरामद कराने की मांग की है। बीडीओ ने बताया कि गुरूवार को जब वे आवास पर पहुंची तो घटना का पता चला। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

# डेढ़ सौ लोगों को कुत्ते व बंदरो ने बनाया शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** कुत्ते और बंदरो का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। तीन दिनों के भीतर नगर व देहात क्षेत्र में करीब डेढ़ सौ लोगों को कुत्ते और बंदरो ने अपना शिकार बनाया। गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

**■ 130 लोगों ने लगवाया सीएचसी एंटी रैबीज इंजेक्शन**

(सीएचसी) खुला तो एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। दिन भर में 130 लोगों ने एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाए।



बता दें कि गजरौला क्षेत्र में आवारा कुत्तों और बंदरो का काफी आतंक है। नगर पालिका द्वारा पिछले दिनों बंदरो को पकड़वाने का अभियान चलाया था मगर उसके बाद भी शहर में कई स्थानों पर बंदरो का उत्पात बाकी है। दो मार्च से पांच मार्च की सुबह तक नगर के साथ साथ देहात में स्थित गांव कुमराला, तिगरी, शहबाजपुर डोर, अहरौला आदि में करीब डेढ़ सौ लोगों को आवारा कुत्तों व बंदरों ने अपना शिकार बनाया। गुरूवार को जब सीएचसी खुला तो सुबह से ही एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने वाले लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। चिकित्साधीक्षक डॉ.पल्लवी गंगवार ने बताया कि सोमवार को सीएचसी में 130 लोगों ने एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाए। बताया कि सीएचसी में पर्याप्त मात्रा में एंटी रैबीज की वैक्सीन उपलब्ध है।

### हार्टअटैक से 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली करनपुर गांव निवासी 70 वर्षीय इनामुल जफर का बुधवार शाम अचानक हार्ट अटैक आने से निधन हो गया। बताया जाता है कि बुधवार की शाम उन्हें अचानक सांस लेने में दिक्कत होने लगी। उनकी हालत बिगड़ने पर परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को उनका सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में गांव के लोग और रिश्तेदार मौजूद रहे और दिवंगत की मगफिरत के लिए दुआ की गई।

# शेखपुर झकड़ी में हुआ होली वार्षिक मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव में होली वार्षिक मेले का आयोजन स्वामी राम प्रसाद उदासीन ट्रस्ट द्वारा

किया गया। मेले में दूरदराज से भारी संख्या में श्रद्धालु अपने वाहनों से पहुंचे। मेले का शुभारंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने फीता काटकर किया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगी। बता दें कि हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव शेखुपुर झकड़ी में स्थित मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को विशाल होली मेले का आयोजन हुआ। मेले का शुभारंभ हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के द्वारा फीता काटकर किया गया। मेले में आसपास के गांव के लोग अपने वाहन ट्रैक्टर ट्राली, कार, मोटरसाइकिल सहित अन्य वाहनों से पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मेले में पहुंचकर मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगी। इसके बाद महिलाओं ने मेले में सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुओं की खरीदारी की। वहीं,छोटे-छोटे बच्चों ने मेलों में लगे झूलों का आनंद लिया। सुरक्षा की दृष्टि से मेले में



भारी पुलिस बल मौजूद रहा। मंदिर के पुजारी महामंडलेश्वर कपिल मुनि ने बताया कि यहां पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल होली मेला लगा है। मेले में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर मंदिर में प्रसाद चढ़ाते हैं और मन्नतें मांगते हैं। जो पूरी होती है। इस अवसर पर कपिल मुनि महाराज , क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र खड़गवंशी, मंडल महामंत्री संजय राणा, मंडल प्रतिनिधि पवन राज जाटव, केशव मुनि जी, कृष्ण मुनि जी, विक्रम महंत, लवकेश महंत, वेद प्रकाश महंत, पूर्व प्रधान पीतम सिंह, राकेश चौहान, सुभाष सिंह, भरत मास्टर, सूरजचंद, सतबीर सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह, हरिओम सिंह लवकुश कुमार एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# हादसे में आयुर्वेदिक कम्पनी के डिस्ट्रीब्यूटर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर के मोहल्ला होलीवाला में उस समय कोहराम मच गया। जब त्योहार की खुशियों के बीच परिवार के मुखिया की सड़क दुर्घटना में जान चली गई। 45 वर्षीय जबर सिंह प्रजापति मंगलवार को किसी काम से अपनी बाइक द्वारा बाईपास की ओर जा रहे थे। तभी ताज गार्डन के समीप एक अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जबर सिंह सड़क पर गिर गए और मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। जबर सिंह एक आयुर्वेदिक कंपनी में डिस्ट्रीब्यूटर का कार्य करते थे। और अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। उनकी मृत्यु से पत्नी ओमवती और तीन बच्चों (दो बेटे व एक बेटी) के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया है। जो परिवार सुबह तक होली की तैयारियों में जुटा था, वहां अब केवल चीख-पुकार सुनाई दे रही है। त्योहार की



सारी खुशियां इस हादसे के बाद काफूर हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सड़क हादसे में बाइक सवार की मृत्यु हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मजलूमों की आवाज थे आयतुल्ला खामेनेई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ईरान के सुप्रीम लीडर एवं शिया धर्मगुरु अयातुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई की शहादत के बाद शहर में शोक का माहौल बना है। इस सिल. सिले में शोकसभाओं और मजलिसों का सिलसिला मंगलवार और बुधवार को भी जारी रहा। जिसमें सभी समुदाय के लोगों ने हिस्सा लेते हुए अमेरिका और इजरायल का विरोध जताया। एलिया सोसाइटी के संयोजन में मंगलवार को शहर के अजाखाना दरबार शाह विलायत में आयोजित

## अजाखानों में मजलिसों का सिलसिला जारी



मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना शादाब हुसैन ने कहा कि आयतुल्लाह खामेनेई मजलूमों की आवाज थे। उन्होंने हमेशा इंसानियत की भलाई की बात की। आरोप लगाया कि अमेरिका और इजरायल दहशतगर्द देश है, इन्हीं के कारण पूरी दुनिया में अशांति रहती है। इस दौरान खुर्शीद हैदर जैदी, वसीम जैदी, रफीकुल हसनैन, जहूरुल हसनैन, मुजम्मिल हसनैन, मोहसिन अमरोहवी, गयुर रजा, डॉ.चंदन नकवी आदि व अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं। इसी सिलसिले में शहर के मोहल्ला दानिशमंदान स्थित अजाखाना में भी मजलिस का आयोजन हुआ। जिसमें मुराद आरिफ, मौलाना रजा अली रजन ने भी विचार रखे।

# रंग और गुलाल में रंगी खाकी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद की जनता को सुरक्षित माहौल में होली का त्योहार मनाने की जिम्मेदारी निभाने के बाद गुरुवार को हापुड़ पुलिस ने भी पूरे उत्साह और उमंग के साथ होली का पर्व मनाया। रिजर्व पुलिस लाइन हापुड़ में आयोजित होली मिलन समारोह में अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और खुशियों के इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी अभिषेक पांडे और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह भी शामिल हुए। दोनों अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों के साथ होली खेली और उन्हें रंग-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पुलिस लाइन का माहौल पूरी तरह होली के रंग में रंगा नजर आया। ढोल-नगाड़ों और होली गीतों के बीच पुलिसकर्मी एक-दूसरे को गुलाल लगाते हुए खुशियां बांटते दिखाई दिए। एसपी ने कहा कि पुलिसकर्मी त्योहारों के दौरान अपनी ड्यूटी को सर्वोपरि रखते हुए दिन-रात मेहनत करते हैं, ताकि आम जनता सुरक्षित माहौल में अपने परिवार और मित्रों के साथ त्योहार मना सके। होली जैसे बड़े पर्व पर भी पुलिस ने पूरी मुस्तैदी के साथ कानून-व्यवस्था बनाए रखी और जनपद में शांति और सौहार्द का माहौल कायम रखा।

होली मिलन समारोह के दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में मौजूद सभी पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और मिलजुलकर त्योहार मनाने का संदेश दिया।

# प्रतिबंधित पशु कटान करने वाले दो गिरफ्तार, तमंचे बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध नियंत्रण और प्रतिबंधित पशु कटान पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना धौलाना पुलिस ने मसूरी नहर के किनारे कच्ची पटरी के पास से प्रतिबंधित पशु कटान करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पशु कटान में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों के साथ अवैध असलाह भी बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी के अनुसार जनपद में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर प्रतिबंधित पशु कटान करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना धौलाना पुलिस को सूचना मिली कि मसूरी नहर किनारे कच्ची पटरी के पास कुछ लोग प्रतिबंधित पशु कटान की गति. विधियों में संलिप्त हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दो आरोपियों को मौके से दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान खालिद पुत्र शौकत निवासी ग्राम शेखपुर खिचरा थाना धौलाना जनपद हापुड़ तथा अकरम पुत्र असलम निवासी कुरैशियान मोहल्ला डासना थाना वेव सिटी जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पशु कटान में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद किए हैं, जिनमें छुरी, गंडासा, कुल्हाड़ी और लकड़ी का गट्टा शामिल है। इसके अलावा दोनों अभियुक्तों के पास से दो तमंचे 315 बोर और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। थाना धौलाना पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बाइकों की आमने-सामने टक्कर में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। छिजारसी टोल के कट के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे दोनों बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही छिजारसी चौकी प्रभारी विवेक कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को तुरंत पिलखुवा के राम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अंकुर कांटीवाल पुत्र सुरेंद्र कांटीवाल निवासी छिजारसी के रूप में हुई है। अंकुर की उम्र करीब 28 वर्ष बताई जा रही है। वह पिलखुवा के राम हॉस्पिटल में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत था। बताया जा रहा है कि अंकुर होली खेलने के लिए पिलखुवा की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में



यह दर्दनाक हादसा हो गया। अंकुर अपने पीछे छोटा सा परिवार छोड़ गया है। उसके दो छोटे बच्चे हैं, जिनमें एक की उम्र करीब तीन साल और दूसरा महज तीन महीने का है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरे घायल युवक की हालत भी गंभीर बनी हुई है। चिकित्सकों ने उसे वेंटिलेटर पर रखा है और उसकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी और दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया गया। इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई है, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। पुलिस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

# किसान नेता देवेंद्र बाना पर हमला, मोरपुर मार्केट में रोककर की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में भारतीय किसान यूनियन (लोकहित) के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बाना पर कथित हमले का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ युवकों ने रास्ता रोककर उनके साथ अभद्रता और मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने दो नामजद समेत कई अज्ञात आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बताया गया कि यह घटना बुधवार देर शाम गांव मोरपुर स्थित मार्केट के पास हुई। गांव चितौली निवासी देवेंद्र बाना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बेटे और भतीजे के साथ मोरपुर से अपने घर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान मार्केट के पास पहले से मौजूद कुछ युवकों ने उन्हें रोक लिया। शिकायत के अनुसार गांव मोरपुर निवासी सोनू और सौरव अपने कुछ साथियों के साथ वहां खड़े थे। आरोप है कि इन लोगों ने रास्ता रोककर पहले गाली-गलौज शुरू कर दी। विरा. ध करने पर मामला बढ़ गया और आरोपियों ने मारपीट कर दी। अचानक हुए इस घटनाक्रम से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीर भी मौके पर जमा हो गए। भीड़ को इकट्ठा होता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी और पुलिस में शिकायत करने पर



गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। घटना के बाद देवेंद्र बाना सीधे थाना हाफिजपुर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए लिखित तहरीर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो नामजद समेत कई अज्ञात आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# डीसीएम ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, एक की मौत

## शहजादनगर थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में डीसीएम ने पीछे से ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन भी मौके पर आ गए। हादसा शहजादनगर थाना क्षेत्र में हुआ। मिलक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर निवासी सौरभ खेती किसानी करते थे। कल वह मटर बेचने के लिए भोट थाना क्षेत्र के ग्राम थूनापुर गया था। वहां से मटर बेचने के बाद वह ट्रैक्टर से वापस लौट रहा था। बताते हैं कि शहजादनगर थाना क्षेत्र में डीसीएम ने पीछे से ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। जिससे सौरभ नीचे गिर गया और उसकी मौके की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# ओवरलोड रेत डंपर खेत में पलटा, किसानों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** खनन चेकपोस्ट से बचने के लिए कच्चे रास्ते से गुजर रहा रेत से भरा ओवरलोड डंपर बुधवार को गेहूं के खेत में पलट गया, जिससे फसल को भारी नुकसान हुआ। घटना से नाराज किसानों ने खनन माफियाओं और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। बताया गया कि पट्टी कला कोसी नदी क्षेत्र से रेत भरकर कुछ डंपर मानपुर स्थित स्टोन क्रशर पर जा रहे थे। चेकपोस्ट से बचने के लिए खुशहाल. पुर तिराहे से खेतों के बीच कच्चा रास्ता



बना लिया गया, जिससे कई दिनों से डंपर गुजर रहे थे और किसानों की फसलें खराब हो रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर खेत में पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में किसान मौके पर पहुंच गए और नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की। किसानों का आरोप है कि खनन माफिया दबंगई के बल पर चकरोड चौड़ा कर डंपर निकाल रहे हैं, जिससे फसलें चौपट हो रही हैं और पानी के बोर भी रेत डालकर बंद कर दिए गए हैं। सूचना पर चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला और जिला पंचायत सदस्य रियासत हुसैन मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाकर मामला शांत कराया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि फिलहाल दोनों पक्षों में समझौता हो गया है और राजस्व विभाग की नापतोल के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# छह वर्षीय जैनब नूर ने रखा पहला रोजा

## परिवार ने इफ्तार का आयोजन कर मनाई खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सैदनगर।** खौद निवासी मोहम्मद आसिफ अली की छह वर्षीय बेटी जैनब नूर ने माहे रमजान के पवित्र महीने में अपना पहला रोजा रखा। इस दौरान जैनब नूर ने दिनभर अल्लाह की इबादत की। परिजनों ने बताया कि जैनब नूर शाम से ही रोजा रखने की जिद कर रही थी। जैनब नूर ने सुबह शहरी की नियत की और पूरे दिन रोजा मुकम्मल किया। जैनब नूर के पहले रोजे पर परिवार में खुशी का माहौल रहा। उनके पिता मोहम्मद आसिफ अली ने इफ्तार का विशेष इंतजाम किया। परिवार के सभी सदस्यों ने एक साथ बैठकर रोजा खोला और दुआएं मांगी। माहे रमजान को इबादत और बरकतों का महीना माना जाता है। इस दौरान बच्चे और बुजुर्ग रोजे रखते हैं, नमाज अदा करते हैं और कुरान शरीफ की तिलावत करते हैं।

# मिलक क्षेत्र में हुए हादसे में युवक की मौत

## डीजे पर जा रहा था काम करने को, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मिलक कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक की जान चली गई। मृतक दिहाड़ी मजदर था और कल डीजे पर काम करने के लिए जा रहा था लेकिन रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया



परिवार

हादसा मिलक कोतवाली क्षेत्र में हुआ था। मिलक के ग्राम हरदुआ निवासी मजदूरी करते थे। कल वह किसी डीजे के काम से जा रहे थे। परिजनों के अनुसार वह घर से बाइक से निकले थे। घर से कुछ दूरी पर ही किसी वाहन ने उनको टक्कर मार दी। जिससे वह वह मय बाइक काफी दूर तक घिसटते चले गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल भेजा लेकिन हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया। बरेली में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव पीएम को भेज दिया है।

# सैफनी थाने में पुलिसकर्मियों ने धूमधाम से मनाई होली

## इंस्पेक्टर अजय कुमार मिश्रा ने दी मुबारकबाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** होली के मुख्य पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहने वाली पुलिस ने गुरुवार को सैफनी थाने में उत्साह के साथ होली मनाई। सुबह से ही थाने में जश्न का माहौल रहा और पुलिसकर्मियों ने आपसी भेदभाव मिटाकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं।

इस अवसर पर थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा के साथ पुलिसकर्मियों की टोली ने मिलकर होली मनाई। डीजे की धुन पर पुलिसकर्मी झूमते नजर आए और थाना प्रभारी के साथ कदम से कदम मिलाकर डांस किया, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। ड्यूटी की थकान और अनुशासन की बंदिशों को कुछ देर के लिए किनारे रख पुलिसकर्मी होली के गीतों पर मस्ती करते दिखाई दिए। एक-दूसरे को रंगों से सराबोर करने का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। थाने में मौजूद सभी पुलिसकर्मियों में होली को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और सभी ने मिलकर त्योहार की खुशियां मनाई



# होली की खुशियां मातम में बदली: रंग खेलते समय बिगड़ी तबीयत, युवक की मौत से कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** होली का पर्व जहां एक ओर रंग और उमंग लेकर आया, वहीं सैफनी क्षेत्र के भुर्जियों वाला कुआं मोहल्ले में यह त्यौहार एक परिवार के लिए पहाड़ बनकर टूट पड़ा। होली खेलते समय 21 वर्षीय युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे उपचार के लिए मुरादाबाद ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुजीत चंदा (21) पुत्र राममिनोर निवासी मोहल्ला भुर्जियों वाला कुआं, होली के मौके पर दोस्तों और परिजनों के साथ होली खेल रहा था। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई और घबराए परिजन तुरंत उसे मुरादाबाद ले गए, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद डॉक्टर उसे बचा नहीं सके।युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में को. हराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहल्ले में भी शोक की लहर दौड़ गई और होली की खुशियां मातम में बदल गई।स्थानीय लोगों ने बताया कि सुजीत मिलनसार और हंसमुख स्वभाव का युवक था। उसकी असमय मृत्यु से हर कोई स्तब्ध है।होली के दिन हुई इस दुखद घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया।



# दूध पीते हुए बच्ची को लगा अचानक फंदा मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला वेदान निवासी स्कूल प्रबंधक शावेज हुसैन उर्फ छोटे अहमद के भाई की पुत्री का विवाह मिलक में हुआ था, छोटे अहमद की भतीजी अपने मायके में अपने पिता के पास ही रह रही थी,छोटे अहमद की भतीजी ने दो माह पूर्व एक पुत्री ने जन्म लिया था प्राप्त जानकारी के अनुसार शिशु के आहार नली में कोई गांठ बताई गई थी जिसके कारण उसका उपचार मुरादाबाद के निजी अस्पताल में चल रहा था, बुधवार को अचानक बच्ची को दूध पीते समय फंदा लग गया। फंदा लगने के बाद बच्ची की सांस रुक गई और उसकी मौत हो गई,दो माह की मासूम बच्ची की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। जैसे ही मासूम बच्ची के मौत का समाचार उसके पिता को मिला तुरंत पिता मिलक से आकर बच्ची के शव को ले गए और उसका अंतिम संस्कार मिलक में किया।



# चुनावी रंजिश में घर में घुसकर हमला, युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद के अलीगंज बेनजीर गांव में पुरानी चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। आरोप है कि 20ख्25 लोगों ने एक घर में घुसकर लोहे की पट्टी से हमला कर दिया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित पक्ष के विजय सिंह ने बताया कि चुनावी रंजिश के चलते दूसरे पक्ष के करीब 20 से 25 लोग जबरन उनके घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने लोहे की पट्टी से हमला कर उन्हें घायल कर दिया, जबकि घर के चार अन्य सदस्यों को भी मामूली चोटें आई हैं।

विजय सिंह के अनुसार हमले में अरविंद सिंह, भूप सिंह, नेत्र राम, अंकित, महेंद्र पाल, किशन लाल और नरेश समेत कई लोग शामिल थे। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने नगर कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# नीलामी के विरोध में उतरे डीसीडीएफ के चेयरमैन

## सीएम को पत्र भेजकर कहा कि मनमाने तरीके से हुई है नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** डीसीडीएफ की संपत्ति के नीलामी के विरोध में चेयरमैन उतर आए हैं। उनका कहना है कि नीलामी प्रक्रिया अधिकारियों ने साठगांठ करके कर दी है।

# रजा इंटर कॉलेज टीचर आरिफ मियां का इंतिकाल, ज्यारत खुरमा कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक

## मरहूम सहाफी होश निजामी के बेटे थे आरिफ मियां परिवार में बीबी और एक बेटी शामिल

**रामपुर:** शहर में शैक्षिक माहौल को गमगीन कर देने वाली खबर ने सबको गमजदा कर दिया। मरहूम आरिफ मियां, जो रजा इंटर कॉलेज में शिक्षक थे और अपने शहर में एक सम्मानित शखि्सयत के तौर पर जाने जाते थे, बीमारी के चलते इस दुनिया से रुखि्सत हो गए। उनके परिवार में एक बेटी मौजूद है। जुमेरात को खुरमा वाली ज्यारत कब्रिस्तान में जनाजे की नमाज अदा की गई। इस मौके पर सज्जादा फहद मियां ने नमाज अदा कराई। इसके बाद तीन बजे मरहूम को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस गमगीन मोके पर शहर के कई गणमान्य लोग और समाजसेवी मौजूद रहे। इसमें चेयरमैन पति समाजसेवी मामून शाह खां, डॉक्टर मेंहदी हसन, गुलफाम मियां, रफी अहमद, वका मियां, नाजिम खां, मुजाहिद गुलफाम मियां, वसीम खां, बॉबी खां, नजमी फैसल, मुमताज, नईम नजमी आदि रहे।



# सना मामून और समाजसेवी पति मामून शाह खां ने नेक्सॉ शोरूम में इलेक्ट्रिक विटारा का उद्घाटन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर: शहर में वाहन प्रेमियों के लिए आज एक खास अवसर आया जब चेयरपर्सन सना मामून और समा. जसेवी पति मामून शाह खां ने नेक्सॉ शोरूम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने शोरूम का फीता काटते हुए इलेक्ट्रिक विटारा की लॉन्चिंग की। चेयरपर्सन सना मामून ने कहा, हर फैमिली का सपना होता है खुद की गाड़ी हो। अब आम लोगों का यह सपना साकार होगा। उन्होंने आगे बताया कि आज के समय में पर्यावरण और आधुनिकता को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग तेजी से बढ़ रही है।



शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# रंग, रिश्ते और रौनक कूचा देवी दास में मिसाल बनी सामूहिक होली

## पूरे मोहल्ले ने एक परिवार बनकर मनाया रंगोत्सव





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शहर के मोहल्ला कूचा देवी दास में इस वर्ष होली का पर्व केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सामा. जिक एकता और आपसी सौहार्द का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। सुबह की पहली किरण के साथ ही पूरे मोहल्ले में उत्साह और उमंग की ऐसी लहर दौड़ी कि हर चेहरा रंगों और मुस्कान से खिल उठा।

सुबह लगभग 10 बजे मोहल्ले की समस्त महिलाएं अंदर चौक में एकत्रित हुईं। पारंपरिक होली गीतों, हंसी-ठिठोली और मनोरंजक खेलों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विभिन्न गेम्स में विजयी प्रतिभागियों और आकर्षक कपल को सम्मानित कर सुंदर उपहार भेंट किए गए, जिससे माहौल में और अधिक उत्साह भर गया। इसके पश्चात सामूहिक होली का आयोजन हुआ। गुलाल और अबीर की खुशबू से पूरा वातावरण महक उठा। पानी की फुहारों और रंगों की बरसात के बीच महिलाएं, पुरुष और बच्चे सभी ने एक-दूसरे को रंगों से सराबोर कर दिया। डीजे की धुनों पर युवाओं ने जोश के साथ नृत्य किया, वहीं बुजुर्गों ने तालियों और मुस्कुराहट के साथ आयोजन की रौनक बढ़ाई। उत्सव के बीच स्वादिष्ट व्यंजनों ने भी सबका मन मोह लिया। गुझिया, नमकीन और पारंपरिक पकवानों का आनंद लेते हुए लोग एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। बाहर से आए मेहमानों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि कूचा देवी दास में आज भी पुरानी परंपराओं और पारिवारिक माहौल की खूबसूरत झलक दिखाई देती है। सबसे खास बात यह रही कि पूरे कार्यक्रम में मर्यादा, सम्मान और भाईचारे की भावना सर्वोपरि रही। यहां होली केवल रंगों तक सीमित नहीं रही, बल्कि प्रेम, अपनत्व और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर उभरी। कूचा देवी दास की यह सामूहिक होली इस बात का प्रमाण है कि जब समाज एकजुट होकर त्योहार मनाता है, तो हर पर्व रिश्तों को और मजबूत करने का माध्यम बन जाता है।

# होली मिलन समारोह में कांग्रेसियों ने दी बधाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** होली के पावन अवसर पर किला परिसर, रामपुर में परम्परागत होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कांग्रेस कैंप में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते हुए प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह आपसी भेदभाव मिटाकर समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करने का पर्व है। उन्होंने कहा कि आज के दिन दलगत, जाति और धर्म के भेद पीछे छूट जाते हैं और सभी लोग एक-दूसरे को गले लगाकर खुशियां बांटते हैं। यही हमारे प्यारे हिंदुस्तान की असली पहचान है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह आपसी भेदभाव मिटाकर लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का पावन अवसर है। उन्होंने कहा कि आज के दिन दलगत राजनीति, जाति और धर्म के भेदभाव पीछे छूट जाते हैं और सभी लोग एक-दूसरे को गले लगाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश देते हैं। यही हमारे प्यारे हिंदुस्तान की असली पहचान है।

निक्कू पंडित ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी साथियों और क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के स्नेह, सम्मान और अपार प्रेम के लिए मैं हृदय से आभारी हूँ। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि के रंग सदा बने रहें। इस अवसर पर पूर्व विधायक संजय कपूर, ।प्ब्ब सदस्य मुतिउर रहमान खान, बाकर अली खान, साहिर रजा खान, शारीब अली खान, नोमान मुमताज खान, राजेश लोधी, शकील मंसूरी, मोहम्मद जकी, चितरंजन प्रसाद, ताहिर अंजुम, जितेंद्र लोधी, गुड्डू सिंह, सलीम, अजान गुड्डू खान आदि मौजूद रहे।

## कार पेड़ से टकराई युवक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** बुधवार भीषण सड़क हादसे में तराबीह की नमाज पढ़ कर महेंद्रा कार से स्वार की ओर जा रहे युवक की कार पेड़ से टकराने से निजी अस्पताल में मौत।मंगलवार की रात्रि गांव रजा नगर निवासी मो0शान पुत्र इरशाद अपने दोस्तों के साथ गांव में तराबीह की नमाज पढ़ कार से दोस्तो के साथ स्वार की ओर जा रहा था स्वार बिलासपुर मार्ग पर पेट्रोल पम्प के पास अचानक कार पर से उसने अपना संतुलन खो दिया कार आन्तरित होकर रोड किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई।जिसमे मो0शान गम्भीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों की मदद से उसे घायल अवस्था मे स्वार निजी चिकित्सक के यहाँ ले गए जहाँ डॉ से उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पर रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुच गए।

## मोटर फूंकने से आमजन परेशान : राकिम खां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुरः** तोपखाना फिजिकल कॉलेज के पम्प की 6 हॉर्स पावर मोटर लगभग 45 दिन से फुकी हुई है, जिससे क्षेत्र में पानी की सप्लाई बाधित हो गई है। आम जनता के घरों में पानी नहीं आने से लोगों को भारी असुविधा हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद राकिम खां ने जिलाधिकारी, रामपुर को शिकायत प्रार्थना पत्र भेजकर पम्प की मोटर बदलने और पाइपलाइन की लीकेज तुरंत ठीक करने की मांग की है। राकिम खां ने बताया कि समस्या त्यौहारों के समय और भी गंभीर हो गई है।

## रामपुर में जेठ ने बहू को पीटा, महिला गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुरः** शहजादनगर थाना क्षेत्र के तुमड़िया गांव में नशे के लिए रुपए न देने पर एक जेठ ने अपनी बहू अफसाना को बेरहमी से पीट दिया। गंभीर चोटों के कारण पीड़िता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जेठ फरमान ने उससे पैसे मांगे, जब उसने इनकार किया तो गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। अफसाना के देवर उस्मान ने बताया कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने बहन को जिला अस्पताल पहुँचाया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने अफसाना को सर्जिकल वार्ड में भर्ती कर उसका उपचार शुरू किया है। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत फिलहाल स्थिर है। पुलिस ने आरोपी फरमान के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पेट्रोल-डीजल के लिए पंपों पर लगी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी ।** अमेरिका-ईरान युद्ध की चर्चाओं के बीच क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल को लेकर अफरातफरी का माहौल बन गया। कई पेट्रोल पंप बंद रहने से वाहन चालकों को ईंधन के लिए लंबी कतारों में लगना पड़ा।

बुधवार को नरपत नगर, मसवासी और मानपुर-महाराजपुर के पेट्रोल पंप अधिकतर समय बंद रहे, जिससे वाहन स्वामियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। पंपों के बाहर दूर-दूर तक वाहनों की लाइन लग गई। कई लोग पेट्रोल-डीजल लेने के लिए बड़ी-बड़ी केन लेकर पहुंचे, लेकिन पंप बंद होने के कारण उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। कुछ लोगों का कहना है कि होली के चलते पंप कर्मचारियों के अवकाश पर होने की वजह से ईंधन की आपूर्ति प्रभावित हुई। वहीं पंप संचालकों ने किसी भी प्रकार की किल्लत से इनकार किया है। गुरुवार को भी कुछ पंपों पर पेट्रोल-डीजल के लिए भीड़ और मारामारी का माहौल बना रहा।

## अज्ञात कारणों से युवती ने लगाई फांसी



**शाह टाइम्स संवाददाता।**

शाहबाद। थाना क्षेत्र के रुस्तमपुर गांव में एक युवती का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता देख परिजनों में होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के रुस्तमपुर गांव में ई रिक्शा चालक की बेटी का शव उस वक्त घर के कमरे में फंदे पर झूलता मिला जब युवती की मां गांव में होली मिलने गई थी जबकि घर पर पिता भी मौजूद नहीं थे। भाई ने बहन का शव घर के कमरे में फंदे पर झूलता देखा तो उसके होश उड़ गए। पुलिस को सूचना दी गई। मौके कर पहुंचे कोतवाल प्रदीप कुमार ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। ग्रामीणों के अनुसार युवती ने इसी वर्ष दसवीं के पेपर दिए थे। युवती के पिता ई रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते है। युवती के दो छोटे भाई है।

# ईरान कल्चर हाउस में सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने दी श्रद्धांजलि, हमले की निंदा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली/रामपुर।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खघमेनेई के निधन के बाद उत्पन्न परिस्थितियों के बीच रामपुर से समाजवादी पार्टी के सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने दिल्ली स्थित ईरान कल्चर हाउस पहुंचकर खिराज-ए-अकीदत पेश की। इस अवसर पर उन्होंने ईरान पर हुए हालिया हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे इंसानियत के खिलाफ बताया। सांसद ने कहा कि मासूमों, महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाना बेहद शर्मनाक है और यह मानवाधिकारों व कानून व्यवस्था का खुला उल्लंघन है। उन्होंने भारत और ईरान के ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देशों के रिश्ते सदियों पुराने हैं। साथ ही अमे. रिका और इजराइल की नीतियों की आलोचना करते हुए उन्होंने शांति और न्याय के पक्ष में आवाज उठाई। सांसद नदवी ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा न्याय और सामाजिक समानता के साथ खड़ी रही है और इसी भावना से वह अपना समर्थन दर्ज कराने पहुंचे हैं। अंत में उन्होंने वैश्विक स्तर पर शांति की अपील की। यह जानकारी सांसद प्रतिनिधि महबूब अली पाशा एडवोकेट ने दी।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने जहर खाया, हालत गंभीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शहर की काशीराम कॉलोनी में घरेलू विवाद के बाद एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय सुनील का अपनी पत्नी से पिछले करीब छह महीनों से विवाद चल रहा था। होली से पहले वह पत्नी को लेने ससुराल गया था, लेकिन पत्नी उसके साथ नहीं आई। इससे आहत होकर गुरुवार सुबह करीब नौ बजे उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती कर लिया। अस्पताल के सीएमएस डॉ. बी. सी. सक्सेना के अनुसार मरीज को गंभीर अवस्था में लाया गया था और उसकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। वहीं सुनील की मां पुष्पा देवी ने आरोप लगाया कि दो दिन पहले बेटे को ससुराल में मारपीट कर भगा दिया गया था, जिससे वह मान. सिक तनाव में था। सुनील के दो बेटियां और एक बेटा हैं। घटना के बाद परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है।

# रामपुर पहुंचे बॉलीवुड अभिनेता जावेद जाफरी सलमान मियां और समी खां से की मुलाकात

## अमेरिका और ईरान के चल रहे युद्ध पर जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** फिल्मी दुनिया मे रॉक एंड रोल का खिताब हासिल करने वाले बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और डांसर जावेद जाफरी की रामपुर मे करीबीयों से खास मुलाकात की। अमेरिका ईरान के बीच हुए युद्ध मे खामनेई की शहादत पर दुख जाहिर कर,कौम के लिए की दुआ की। साथ ही रामपूर के इतिहास,संस्कृति संस्कार और विश्व प्रसिद्ध रजा लाब्रेरी की तारीफ की। बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के अभिनेता व मशहूर कोरियोग्राफर डांसर जावेद जाफरी ने रामपुर मे शहजादा सलमान मियां के आवास पर उनसे मुलाकात करने पहुंचे।

अभिनेता ने नैनीताल से लौटते वक्त रामपुर मे अपने करीबी के यहां एक खास लम्हा बिताया और रोजा इफ्तार भी किया। उन्होंने ईरान और अमेरिका के युद्ध पर चर्चा करते हुए सुप्रीम लीडर आयतुल्ला सैय्यद अली खामनेई की मौत पर गहरा दुख जाहिर किया। वह नैनीताल में एक शूटिंग करने के बाद लौट रहे थे। उन्होंने कहा कि ईरान ने जो इतिहास लिखा है उसे सदियां याद रखेंगी। इस खास मुलाक. ात पर जावेद जाफरी ने अपने करीबी शजादा सलमान मियां और ग्रीन सोसायटी के चेयरमैन समी खां से रामपुर की गंगा जमुनी तहजीब यहां की संस्कृति इतिहासिक ईमारत के साथ मशहूर रामपूरी चाकू का भी जिक्र करते हुए सभी की सराहना की। यहां बहुत से करीबीयों ने नृत्य कलाकर जावेद जाफरके साथ यादगार तस्वीर के रूप मे मोबाइल से खूब सेल्फियां व ग्रुप फोटो कैद किये। शजादा सलमान मियां ने अभिनेता जावेद जाफरी के रामपुर आगमन पर उनका आभार व्यक्त करते हुए खास बात चीत के दौरान शहर रामपुर की विशेष चीजों रामपूरी चाकू,टोपी,लजीज व्यंजनों और हस्तशिल्प कला,ईमामबाड़ों के अलावा इतिहासिक विश्व प्रसिद्ध रजा लाइब्रेरी की भव्य खूबसूरत ईमारत और पुस्तकिये आदी एंटीक चीजो के साथ हजरत अली के हाथ से लिखें कुरान के बारे मे भी खास जानकारी दी। मुलाकात की देर शाम यहां काफी समय बिताकर जावेद जाफरी मुंबई के लिए रवाना हो गए।

# एसपी विद्यासागर मिश्र की मौजूदगी में रिजर्व पुलिस लाइन में धूमधाम से हुआ होली मिलन समारोह




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** रंगों के पर्व होली के अवसर पर गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने एक साथ मिलकर होली का त्योहार मनाया। समारोह में पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, जिलाधिकारी रामपुर तथा अपर पुलिस अधीक्षक समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने कहा कि होली मिलन समारोह का उद्देश्य पुलिस परिवारों के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत बनाना तथा खुशियों का वातावरण तैयार करना है। ऐसे आयोजन पुलिस बल में एकता, सहयोग और पारिवारिक भावना को बढ़ावा देते हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और उनके परिवारजन शामिल हुए। सभी ने मिलकर रंग खेला, एक-दूसरे को बधाई दी और होली पर्व की खुशियां साझा कीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान रिजर्व पुलिस लाइन का माहौल रंगों और उत्साह से सराबोर नजर आया।

# किला परिसर में नवेद मियां ने मनाई होली, गले मिलकर दी मुबारकबाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** पूर्व विधायक नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने किला परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह में शिरकत कर लोगों को होली की बधाई दी। इस मौके पर शहर के विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद रहे।

समारोह के दौरान नवेद मियां ने लोगों से गले मिलकर रंगों के इस त्योहार की मुबारकबाद पेश की। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि आपसी मोहब्बत, भाईचारे और सौहार्द का पैगाम देने वाला पर्व है। उन्होंने रामपुर की गंगा-जमुनी तहजीब का जिक्र करते हुए कहा कि यहां हिंदू और मुस्लिम समुदाय हमेशा से मिलजुल कर सभी त्योहार मनाते आए हैं। होली का त्योहार मनमुटाव भुलाकर एक-दूसरे के करीब आने और मोहब्बत बढ़ाने का संदेश देता है। नवेद मियां ने बताया कि रामपुर रियासत के आखिरी शासक नवाब रजा अली खां ने होली पर गीत और चारबैत भी लिखी थीं और उसी दौर से किला परिसर में होली मिलन की यह परंपरा चली आ रही है। रियासत के भारतीय गणराज्य में विलय के बाद भी यह परंपरा लगातार जारी है। कार्यक्रम में लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पूरे समारोह में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा।

# सीढ़ियों से गिरकर वृद्ध की मौत, परिवार में शोक का माहौल

## होली की खुशियां मातम में बदली



**शाह टाइम्स संवाददाता/ जहीर खान**

**शाहबाद** सीढ़ियों से गिरने के एक 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। यह घटना बुधवार सुबह हुई। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद परिवार में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार, शाहबाद थाना क्षेत्र के मीरापुर निवासी धर्म सिंह (60) सुबह अपनी छत से नीचे उतर रहे थे। इसी दौरान सीढ़ियों से उनका पैर फिसल गया और वे नीचे गिर गए।परिजनों ने घायल धर्म सिंह को तुरंत शाहबाद के एक निजी चिकित्सक के पास उपचार के लिए पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उन्हें घर वापस ले गए।घर लौटने के कुछ घंटों बाद धर्म सिंह की हालत अचानक बिगड़ गई। परिजन उन्हें दोबारा सीएचसी शाहबाद लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। धर्म सिंह की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और होली की खुशियां मातम में बदल गईं।

## सहकारी बैंक चेयरमैन मोहनलाल सैनी ने होली पर दी मुबारकबाद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहनलाल सैनी ने होली के अवसर पर आयोजित विभिन्न होली मिलन कार्यक्रमों में शिरकत कर लोगों को मुबा. रकबाद दी। उन्होंने किले के मैदान में आयोजित समारोह में पहुंचकर जनता से मुलाकात की और सभी को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान मोहनलाल सैनी ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी मिलजुलकर त्योहार मनाएं और समाज में एकता व सद्भाव बनाए रखें। किले के मैदान में आयोजित होली मिलन समारोह में उन्होंने बड़ी संख्या में मौजूद लोगों से गले मिलकर बधाई दी। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और भाईचारे का माहौल देखने को मिला।

# रामपुर में सीबीएसई मनोविज्ञान परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 31 छात्र हुए शामिल



शाह टाइम्स संवाददाता

रामपुरः बृहस्पतिवार को रामपुर में सीबीएसई बोर्ड की मनोविज्ञान विषय की परीक्षा सभी निर्धारित केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी निगरानी के बीच संपन्न हुई। होली चाइल्ड स्कूल, आरएएन पब्लिक स्कूल और सेंट एंथोनी स्कूल में पंजीकृत सभी 31 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल रहे।

परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों की सघन तलाशी के बाद प्रवेश सुनिश्चित किया गया और अनुचित गति. विधियों को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी गई। परीक्षा के दौरान सचल दल भी सक्रिय रहा और विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सिटी कोऑर्डिनेटर एन.के. तिवारी ने बताया कि बोर्ड के निर्देशानुसार सतर्कता और परीक्षा की शुचिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी केंद्र पर लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित व्यवस्थापक के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस तरह रामपुर में मनोविज्ञान परीक्षा ने सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होकर विद्यार्थियों और शिक्षकों को संतुष्टि प्रदान की।

# न्यूजीलैंड के ओपनर फिन एलन का फोकस अब फाइनल पर



● फिन एलन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेन्स टी-20 विश्व कप के इतिहास में सबसे तेज शतक बनाया

● जीत के बाद आईसीसी ने एलन के हवाले से कहा कि रविवार को उन पर जीत हासिल करना हमारे लिए बहुत बड़ा कॉन्फिडेंस बूस्टर है

**कोलकाता, वार्ता।** सेंचुरी बनाने वाले फिन एलन ने रिकॉर्ड तोड़ पारी खेलकर न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका पर नौ विकेट से शानदार जीत दिलाने के बाद तुरंत अपना फोकस टी 20 वर्ल्ड कप के रविवार के फाइनल पर कर लिया। एलन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास का सबसे तेज शतक बनाया।

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सिर्फ 33 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जिससे क्रिस गेल का 47 गेंदों में बनाया गया पिछला रिकॉर्ड टूट गया। इस धमाकेदार ओपनर ने 10 चौके और आठ छक्के लगाए, और टिम सीफर्ट (58) के साथ जबरदस्त पार्टनरशिप की, जिससे न्यूजीलैंड ने 13 ओवर से कम समय में 170 रन का टारगेट हासिल कर लिया। इस शानदार जीत ने ब्लैक कैप्स को 2021 के बाद पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचाया और रविवार के टाइटल मैच से पहले टीम का कॉन्फडिंस बढ़ा दिया। जीत के बाद आईसीसी ने एलन के हवाले से कहा कि रविवार को उन पर एक जीत हासिल करना हमारे लिए बहुत बड़ा कॉन्फिडेंस बूस्टर है। वे पूरे टूर्नामेंट में इन-फॉर्म टीम रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि एक ग्रुप के तौर पर, रविवार को वह जीत हासिल करना हमारे लिए बहुत बड़ी बात है, लेकिन आपको रविवार को फिर से शुरुआत करनी होगी। यह एक नई विरोधी टीम है, अलग हालात हैं, और यह सब। उन्होंने आगे कहा कि हमारे लिए, हम बस इस गेम से पॉजिटव बातें निकालना चाहते हैं और कल अहमदाबाद के लिए फ्लाइट लेकर फिर से शुरुआत करना चाहते हैं। जबकि एलन और सीफर्ट ने चेज में दबदबा बनाया, न्यूजीलैंड के बॉलर्स ने पहले ही नींव रख दी थी। मैट हेनरी, रचिन रवींद्र और कोल मैककॉन्ची ने दो-दो विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका की मजबूत बैटिंग लाइनअप को रोक दिया। एलन ने कैप्टन मिशेल सेंटनर के टॉस जीतने के बाद टोन सेट करने का क्रेडिट बॉलर्स को दिया। एलन ने कहा कि उन्होंने बॉल से हमारे लिए शुरुआती विकेट लेकर इसे सेट किया, जिसे हमने बहुत अच्छा बैटिंग विकेट माना था। न्यूजीलैंड अब रविवार के फाइनल में अपने अपोनेंट्स को जानने के लिए इंडिया और इंग्लैंड के बीच दूसरे सेमीफाइनल के रिजल्ट का इंतजार करेगा। एलन ने कहा कि मुझे लगता है कि हम किसी से भी खुश हैं। अगर हम अपना बेस्ट क्रिकेट खेलते हैं, तो हम किसी को भी हरा सकते हैं।

# फाइनल में चुनौती अलग होंगी: सैंटनर



● कहा : उनकी पूरी कोशिश होगी कि फाइनल में इसी तरह के प्रदर्शन को दोहराया जाए

**कोलकाता, वार्ता।** टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली बड़ी जीत के बाद अब मिचेल सैंटनर की नजर अहमदाबाद में होने वाले फाइनल पर है। सेमीफाइनल में उनकी टीम ने 170 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 12.3 ओवरों में हासिल कर लिया।

इस जीत के बाद सैंटनर ने कहा है कि उनकी पूरी कोशिश होगी कि फाइनल में भी इसी तरह के प्रदर्शन को दोहराया जाए, लेकिन उन्हें यह भी पता है कि फाइनल की पिच और परिस्थितियां बिल्कुल अलग होंगी। ईडन गार्डन्स के मैदान पर न्यूजीलैंड की टीम ने मैच की शुरुआत से ही दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बनाए रखा। पावरप्ले में ही उनके गेंदबाजों ने क्विटन डी कॉक और रायन रिकलटन का विकेट गिरा दिया था। इसके बाद जब न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी की बारी आई तो फनि एलन और टिम साइफर्ट ने पावरप्ले में ही 84 रन बना कर 170 के लक्ष्य को काफी छोटा बना दिया। सैंटनर ने मैच के बाद कहा कि अगर हम पावरप्ले में विकेट गंवा देते तो मुकाबला थोड़ा मुश्किल हो सकता था। लेकिन फनि और साइफर्ट ने शुरुआत से ही आक्रमण जारी रखा। विकेट गिरने के बाद भी फनि ने वही लय बनाए रखी। गें. दबाजी में हमने पहले दो ओवर के लिए एक योजना बना कर रखी थी, जहां हमने मकौंकी का इस्तेमाल करते हुए विकेट हासिल किए। इसके बाद हमने सोचा था कि मैच जैसा चलेगा, हम उसी हिंसाब से फैसले लेंगे। सैंटनर की बात से दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम भी सहमत नजर आए। उन्होंने एलन की पारी का जिक्र करते हुए कहा कि जब कोई बल्लेबाज उस तरह की पारी खेल देता है तो अक्सर मैच आपके पक्ष में नहीं जाता। ऐसे में 170 तक पहुंचना भी ईमानदारी से कहूं तो अच्छी कोशिश थी। टी-20 क्रिकेट में अक्सर ऐसा होता है कि अगर पावरप्ले में टीम तेज शुरुआत कर ले तो मैच का रुख वहीं तय हो जाता है। फिन एलन की पारी और टिम साइफर्ट की पारी को बहुत बड़ा श्रेय जाता है। उन्होंने बहुत जल्दी मैच को हमारे हाथ से निकाल दिया। एलन का यह शतक पुरुष टी-20 विश्व कप इतिहास के नॉकआउट में पहला शतक है। पुरुष टी-20 इतिहास में यह संयुक्त तौर पर तीसरा सबसे तेज शतक भी था। इसके अलावा साइफर्ट और एलन की जोड़ी किसी पुरुष टी-20 सीरीज या टूर्नामेंट में सर्वाधिक रनों की साझेदारी की।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दूसरे सेमीफानइल से पहले ब्रिटिश उच्चायोग ने क्रिकेट का जश्न मनाया

**मुंबई, वार्ता।** भारत में ब्रिटिश उच्चायोग ने गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल से पहले क्रिकेट के लिए एक जैसे जुनून को दिखाया। एक्स पर एक पोस्ट में, ब्रिटिश उच्चायोग ने कहा कि क्रिकेट सिर्फ एक खेल से कहीं ज्यादा है और उन फैन्स का जश्न मनाया जो इस खेल में जान डालते हैं, साथ ही इस बड़े मुकाबले से पहले दोनों टीमों को शुभकामनाएं दीं। न्यूजीलैंड ने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर नौ विकेट से जबरदस्त जीत के बाद फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

### रणजी ट्रॉफी में ऐतिहासिक दर्ज करने वाली जम्मू-कश्मीर टीम की सराहना की

**जम्मू, वार्ता।** बीसीसीआई ने गुरुवार को रणजी ट्रॉफी में ऐतिहा. सिक जीत के बाद जम्मू और कश्मीर को बधाई देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में यह क्रिकेट के लिए एक गर्व की बात है। बीसीसीआई ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि रणजी ट्रॉफी में जम्मू और कश्मीर की ऐतिहासिक जीत इस क्षेत्र में क्रिकेट के लिए एक गर्व की बात रहेगी। अपनी यादगार जीत के बाद, खिलाड़ियों ने आईसीसी के चेयरमैन जय शाह से मिलने और उनके साथ यह खास पल साझा करने की दिली इच्छा जताई और बीसीसीआई सेक्रेटरी के तौर पर उनके कार्यकाल के दौरान जम्मू और कश्मीर में क्रिकेट को मजबूत करने में उनके नेतृत्व की भूमिका को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि हम टीम से मिलने के लिए समय निकालने व इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाते हुए खिलाड़ियों के साथ हौसला बढ़ाया है।

# ऑल इंग्लैंड ओपन में सात्विक चिराग पहले ही राउंड में बाहर



सात्विक-चिराग ने अच्छी शुरुआत की और शुरुआती गेम के इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली थी

**बर्मिंघम, वार्ता।** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया के कांग खाई जिग और एरॉन ताई से सीधे गेम में हारने के बाद ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पहले ही राउंड में बाहर हो गई। यूटिलिटा एरिना बर्मिंघम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में चौथी रैंक वाली भारतीय जोड़ी दुनिया की 33वें नंबर की मलेशियाई जोड़ी से 23-21, 21-12 से हार गई। सात्विक-चिराग ने अच्छी शुरुआत की और शुरुआती गेम के इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली, जिसके बाद मलेशियाई जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। 2024 के जूनियर वर्ल्ड चैंपियन कांग और एरॉन फिर आगे निकल गए और भारतीयों जोड़ी के दो मैच पॉइंट बचाने के बावजूद, आखिरकार टाई-ब्रेक में गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी इसी मोमेंटम को जारी रखते हुए, मलेशियाई जोड़ी ने गेम पर अपना दबदबा बनाया। और सिर्फ पांच और पॉइंट देकर मैच आराम से जीत लिया। इस हार के साथ ही इस मशहूर टूर्नामेंट में भारत का पुरुष युगल में अभियान भी समाप्त हो गया। एक अन्य मुकाबले में भारत के रोहन कपूर और रुथविका गड्डे मिश्रित युगल स्पर्धा में फ्रांस की पांचवीं सीडेड जोड़ी थॉम गिक्वेल और डेल्फिन डेलरू से 21-12, 21-15 से हार गए। इस बीच, 2025 यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी इंडोनेशिया के वर्ल्ड नंबर 14 अल्वी फरहान से 21-19, 9-21, 17-21 से हारकर पुरुष एकल ड्रॉ से बाहर हो गए।

# विंडीज टीम के फंसने पर सैमी ने की अपील

● विंडीज के हेड कोच डैरेन सैमी ने एक्स पर एक पोस्ट की जिसमें कहा गया है कि मैं बस घर जाना चाहता हूं

**कोलकाता, वार्ता।** वेस्ट इंडीज को उनके ट्रैवल शेड्यूल के बारे में कोई ऑफिशियल अपडेट नहीं दिया गया है, लेकिन जिम्बाब्वे टीम के सदस्यों का पहला बैच अब घर के लिए निकल चुका है 2026 टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के चार दिन बाद भी जब वेस्टइंडीज कोलकाता में फंसा हुआ है, तो उनके हेड कोच डैरेन सैमी ने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें कहा गया है कि मैं बस घर जाना चाहता हूं। पश्चिम एशिया में संकट के चलते वेस्टइंडीज उन टीमों में से एक है जो भारत में फंसी हुई हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि शुरू में, आईसीसी ने वेस्ट इंडीज को बताया था कि टीम को लंदन के लिए एक चार्टर फ्लाइट से कैरिबियन वापस लाने की को. शिश की जा रही है।

माना जा रहा है कि प्लान यह था कि वेस्ट इंडीज हफ्ते के बीच में भारत से फ्लाइट ले ले, हालांकि कोई पक्की तारीख नहीं बताई गई थी। हालांकि, वेस्ट इंडीज कोलकाता में ही है, जहां वे 1 मार्च को सुपर आठ के फाइनल मैच में भारत से हार गए थे। पिछले वीकेंड शुरू हुए इस संकट की वजह से आम एयरस्पेस कॉरिडोर बंद होने से, आईसीसी को टीमों के लिए वापसी की फ्लाइट का इंतजाम करने में एक बड़ी लॉजिस्टक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, बुधवार को जिम्बाब्वे के लिए अच्छी खबर आई, जब आईसीसी द्वारा उनके ट्रैवल इंतजामों में बदलाव करने के बाद उनकी टीम के सदस्यों का पहला बैच दिल्ली से घर के लिए रवाना हो गया। वेस्ट इंडीज की तरह, जिम्बाब्वे ने भी टी-20 वर्ल्ड कप में अपना आखिरी मैच 1 मार्च को दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका से खेला था जिसमें वह हार गया था। जिम्बाब्वे को पहले 2 मार्च को निकलना था, लेकिन वह प्लान कैंसिल कर दिया गया। उनकी टीम के बाकी सदस्यों के ट्रैवल प्लान के बारे में कोई ऑफशियल जानकारी नहीं है। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने बुधवार को एक बयान में कहा कि जिम्बाब्वे क्रिकेट कन्फर्म करता है कि आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेने वाली जिम्बाब्वे की सीनियर मेन्स टीम भारत से घर लौट रही है। हाल ही में आई दिक्कतों के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने दूसरे ट्रैवल अरेंजमेंट कर लिए हैं। फ्लाइट की उपलब्धता और बदले हुए रूट की वजह से, टीम बैच में हरारे लौटेगी। जिम्बाब्वे का ओरिजनल ट्रैवल रूट दुबई से एमिरेट्स फ्लाइट से था, लेकिन इसे बदलना पड़ा। पता चला है कि जिम्बाब्वे अब अदीस अबाबा, इथियोपिया होते हुए हरारे जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका बुधवार रात को न्यूजीलैंड से सेमीफाइनल में हार गया।

# न्यूजीलैंड ने हमें बुरी तरह हरा दिया : कॉनराड



**कोलकाता, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के हेड कोच शुकरी कॉनराड ने माना कि उनकी टीम को टी 20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने बुरी तरह हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट में सात मैचों से बिना हारे नॉकआउट मुकाबले में उतरी थी, लेकिन ओपनर फिन एलन की रिकॉर्ड तोड़ सेंचुरी ने न्यूजीलैंड को जबरदस्त जीत दिलाई और फाइनल में जगह दिलाई। जब पूछा गया कि क्या दक्षिण अफ्रीका ने एक बार फिर एक अहम नॉकआउट गेम में ष्चोकष किया, तो कॉनराड ने इस बात को खारिज कर दिया, और कहा कि उनकी टीम बस हार गई। आईसीसी ने कॉनराड के हवाले से कहा कि मुझे नहीं पता कि आज रात चोक था या नहीं। मुझे लगा कि यह एक जबरदस्त हार थी। हमारी बुरी तरह पिटाई हुई। मुझे लगता है कि अगर आप हार मान लेते हैं, तो गेम में आपको थोड़ी सी भी उम्मीद होनी चाहिए। हमें कोई उम्मीद नहीं थी। दक्षिण अफ्रीका में, हम कहते हैं कि हम हार जाएंगे। आज रात, हमारी अच्छी खासी हार हुई। भारी हार के बावजूद, कोच ने कहा कि टूर्नामेंट में प्रोटियाज के लिए कई अच्छी बातें भी रहीं। कैप्टन एडेन मार्करम ने अपनी टीम के लिए 286 रन बनाकर बैटिंग चार्ट में सबसे ज्यादा रन बनाए, जबकि पेसर लुंगी एनगिडी (12 विकेट), कॉर्बिन बॉश और मार्को यानसन (हर एक ने 11 विकेट) टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में शामिल थे। कॉनराड ने कहा कि कॉम्पिटिशन से पहले खराब फॉर्म के बावजूद टीम ने उम्मीदों से बढ़कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बहुत से लोग इस बैंडवैगन में शामिल होंगे। लेकिन हमने बहुत सी खास चीजें कीं। मुझे इन लोगों पर बहुत गर्व है। मुझे नहीं लगता कि जब हम यहां से गए थे, तो बहुत से लोगों ने हमें सेमीफाइनल में पहुंचने का भी ज्यादा मौका दिया था। हालांकि, कॉनराड ने माना कि हार के बाद आलोचना होगी।

# एलिसा हीली को जीत के साथ विदाई देने उतरेगी ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम

**पर्थ, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज पक्की करने के लिए वसा में सिर्फ ड्रॉ की जरूरत है, लेकिन वे अपने कैप्टन को जीत के साथ विदा करने के लिए मोटिवेटेड होंगे। यह वह मैच है जो एलिसा हीली के इंटरनेशनल करियर का अंत करेगा, लेकिन यह एक ऐसा मुक. ाबला है जहां भारत को पूरी दौड़ लगानी होगी।

ऑस्ट्रेलिया को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज पक्की करने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत है, जिसने वनडे सीरीज के आखिर में 8-4 की बढ़त ले ली थी। भारत को हिसाब बराबर करने के लिए चार पॉइंट्स की जीत चाहिए, हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में आखिरी बार खेली गई ट्रॉफी पहले ही अपने पास रख ली है, क्योंकि भारत में पिछली सीरीज इंडिविजुअल फॉर्मेट के आधार पर तय हुई थी। महिलाओं के खेल में टेस्ट कम ही होते हैं। ऑस्ट्रेलिया को इस महीने के आखिर में वेस्ट इंडीज में एक और टेस्ट खेलना था,



● ऑस्ट्रेलिया को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज पक्की करने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरुरत

लेकिन इसे शेड्यूल से हटा दिया गया है। हालांकि ए दोनों टीमें ज्यादातर टीमों से ज्यादा खेलती हैं, इसलिए उनके पास कुछ अनुभव है। वाका में लाइट्स में चार दिन का क्रिकेट मैच खेल को नैचुरली खेलने के लिए काफी समय देता है, लेकिन अगर ऐसा होता है कि भारत को जीत का चांस बनाने के लिए टेम्पो बढ़ाना पड़े, तो यह देखना दिलचस्प होगा कि वे कितना एग्रेसिव खेलते हैं। मेहमान टीम ने शानदार खेलकर टी-20 सीरीज 2-1 से जीत ली - टी-20 वर्ल्ड कप वाले साल में यह उनके लिए एक अच्छी बात है - लेकिन वे पिछले साल वर्ल्ड चैंपियन बनी टीम से बहुत पीछे रह गए, इसके बाद हुई वनडे सीरीज में तीनों गेम एकतरफा रहे, और आखिर में वे 400 से ज्यादा रन पर आउट हो गए।

उन्हें स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर की लीडरशिप में बैटिंग ऑर्डर से अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत होगी, क्योंकि पर्थ के हालात के हिंसाब से बॉलिग थोड़ी कमजोर लग रही है, खासकर रेणुका सिंह के चोटिल होने के बाद। ऑस्ट्रेलिया को भी चोटों की दिक्कतें रही हैं, किम गार्थ और सोफी मोलिनक्स बाहर हो गई हैं, हालांकि उनकी गैरमौजूदगी से मुश्किल सिलेक्शन का फैसला आसान हो सकता है, जबकि एलिस पेरी भी क्वाड स्ट्रेन के कारण वनडे सीरीज से बाहर हो गईं। हालांकि, घरेलू टीम के पास बैटिंग का खजाना है।

## टॉप इंडियन राइफल व पिस्टल शूटर नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स 3 को तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2026 में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन के बाद, जहां इंडिया ने 39 गोल्ड, 18 सिल्वर और 19 ब्रॉन्ज सहित 76 मेडल जीतकर मेडल टैली में टॉप किया था, टॉप इंडियन राइफल और पिस्टल शूटर अब अपना ध्यान नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स 3 (ग्रुप ए) पर लगाएंगे, जो अगले महीने शुरू होने वाले बिजी इंटरनेशनल और डोमेस्टिक कैलेंडर से पहले 06-10 मार्च, 2026 के बीच दिल्ली के डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में होगा।

भारत के लगभग सभी टॉप शूटर 10 इवेंट्स में हिस्सा लेंगे, जिसमें सभी आठ ओलंपिक इवेंट्स के साथ-साथ पुरुषों और महिलाओं के लिए राइफल प्रोन कॉम्पिटिशन भी शामिल हैं। एथलीट साल के दूसरे हाफ में इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन के लिए नेशनल स्क्वॉड में सिलेक्शन का अपना दावा मजबूत करने के लिए स्कोर पक्का करने की कोशिश करेंगे। ग्रुप बी एथलीट के लिए राइफल/पिस्टल सिलेक्शन ट्रायल 3 और 4 भी कल से शुरू होंगे, जो 06-22 मार्च, 2026 तक भोपाल में एम-पी-स्टेट शूटिग एकेडमी में होंगे। सिलेक्शन ट्रायल पूरे होने के बाद, नेशनल स्क्वाड एथलीट 10-21 मार्च, 2026 तक नई दिल्ली में अपना कोचिग कैंप शुरू करेंगे।

# मांडविया ने एशियाई खेलों की तैयारियों का रिव्यू किया



● ये गेम्स 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले हैं

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) हेडक्वार्टर में एक हाई-लेवल मीटिग की अध्यक्षता की, जिसमें 2026 एशियन गेम्स के लिए भारत की तैयारियों का रिव्यू किया गया।

ये गेम्स 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले हैं। युवा मामले और खेल मंत्रालय, साई और दूसरे स्टेकहोल्डर्स के सीनियर अधिकारियों ने डा. मांडविया को इवेंट से पहले देश की तैयारियों के बारे में जानकारी दी, और यह पक्का किया कि एथलीटों को कॉन्टिनेंटल शोपीस में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए हर मुमकिन सपोर्ट मिले। एशियन गेम्स 2026 की तैयारियों के रिव्यू के लिए 15 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई है, जिसमें युवा मामले और खेल मंत्रालय के सेक्रेटरी हरि रंजन राव, इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की प्रेसिडेंट पीटी उषा, एशियन गेम्स के शेफ डी मिशन सहदेव यादव, डिप्टी शेफ डी मिशन शरत कमल और दूसरे लोग दिसम्बर 2025 से अब तक ट्रेनिग, लॉजिस्टक्स, एथलीट वेलफेयर और कॉम्पिटिशन की तैयारी की प्लानिग को आसान बनाने के लिए चार मीटिग कर चुके हैं। यह कमेटी गेम्स में भारत के कैंपेन के लिए स्ट्रेटेजिक रोडमैप की देखरेख कर रही है। मीटिंग के दौरान, डा. मनसुख मांडविया ने एथलीट वेलफेयर और परफॉर्मेंस के लिए सरकार के कमिटमेंट को दोहराया।

हमारे एथलीट हमारी टॉप प्रायोरिटी हैं। ट्रेनिग और स्पोर्ट्स साइंस से लेकर लॉजिस्टक्स, किट सपोर्ट, फूड सपोर्ट और मेडिकल केयर तक, हर मुमकिन सपोर्ट दिया जाएगा ताकि वे बिना किसी रुकावट के तैयारी कर सकें और एशियन गेम्स में अपना बेस्ट दे सकें। हमारा मकसद उन्हें किसी भी कीमत पर परेशान नहीं करना है और यह पक्का करना है कि वे कॉम्पिटिशन में हमारे मेडल टैली को बढ़ाने पर फोकस्ड रहें। केंद्रीय मंत्री ने सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच मिलकर कोशिश करने की जरूरत पर भी जोर दिया, और कहा कि स्ट्रक्चर्ड तैयारी, मजबूत सपोर्ट सिस्टम और समय पर प्लानिग 2026 एशियन गेम्स में भारत को नए माइलस्टोन हासिल करने में मदद करने में अहम भूमिका निभाएगी।

तैयारियों के हिस्से के तौर पर, हर एनएसएफ ने एशियन गेम्स टेक्निकल हैंडबुक के लिए नोडल ऑफिसर बनाया है ताकि वे अपने-अपने एनएसएफ खिलाड़ियों, कोच और सपोर्ट स्टाफ को खेलों में सबसे अच्छा परफॉर्मेंस पक्का करने के लिए डिसिप्लिन के हिंसाब से टेक्निकल डिटेलिग के बारे में समझा सकें और उन्हें जानकारी दे सकें। टीमों को काफी पहले फाइनल कर दिया जाएगा ताकि एथलीटों को फोकस्ड तैयारी के लिए काफी समय मिल सके और मेडिकल टीमों सहित सपोर्ट स्टाफ की क्षमता को मजबूत करने की भी कोशिश की जा रही है, साथ ही लॉजिस्टक सुविधा के लिए विदेशों में भारतीय दूतावासों के साथ आसान तालमेल पक्का किया जा सके। फेडरेशन को एक्सपोजर टूर और कॉम्पिटिशन शेड्यूल पहले से प्लान करने की आजादी दी गई है। जिन डिसिप्लिन में ऑपरेशनल प्लानिग ज्यादा मुश्किल है, उनके लिए कई जगहों पर सपोर्ट का इंतजाम किया जाएगा।

# शापोवालोव को सितसिपास को हराने के लिए पूरी जान लगानी पड़ी

**इंडियन वेल्स, वार्ता।** डेनिस शापोवालोव के रिएक्शन ने बुधवार शाम इंडियन वेल्स में सब कुछ कह दिया। कनाडा के खिलाड़ी यूनान के स्टेफानोस सितसिपास को 6-2, 3-6, 6-4 से हराकर परीबा ओपन के दूसरे राउंड में पहुंचने के बाद बहुत खुश थे। मैच के बाद अपने इंटरव्यू में शापोवालोव ने कहा कि स्टेफानो जैसे खिलाड़ी से पहले राउंड में मुकाबला करना कभी आसान नहीं होता।

मुझे लगता है कि हम दोनों के लिए यह बहुत मुश्किल मुकाबला था। ष्मुझे पता था कि मुझे बाहर आकर अपना 'ए गेम' खेलना है और जोरदार प्रदर्शन करना है। पहले राउंड में ऐसा करना कभी आसान नहीं होता, लेकिन किस्मत से मैं आज ऐसा कर पाया। जीत से मैं वाकई बहुत खुश हूं। लेफ्टी खिलाड़ी प्राइमटाइम में कोर्ट पर उतरे, जब उनके पास एटीपी रैंकिंग में पहले नंबर 3 खिलाड़ी के खिलाफ 4-2 की बढ़त थी, जो 2018 के बाद सिनसिनाटी में पहली बार एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में बिना सीड के थे। शापा. ेवालोव ने 6-2 की बढ़त बनाई और दूसरे सेट में तुरंत सितसिपास की सर्विस तोड़ दी। ग्रीक खिलाड़ी ने दिखाया कि वह तीन बार के मास्टर्स 1000 चैंपियन क्यों हैं, उन्होंने वापसी करते हुए दूसरा सेट जीत लिया। लेकिन मोमेंटम बदलने के साथ, शापा. ेवालोव पॉइंट्स पर फिर से कंट्रोल पाने में कामयाब रहे और 29वें सीड टॉमस मार्टिन एचेवेरी के साथ दूसरे राउंड में मुकाबला तय कर लिया। शापोवालोव ने कहा कि यह मुश्किल है।

## भारतीय अंडर-20 महिला टीम ने मैत्री मैच में अल्व्सजो एआईके को हराया

**लिडिगो, वार्ता।** भारतीय अंडर-20 महिला राष्ट्रीय टीम ने गुरुवार सुबह स्वीडन के बोसोन नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में एक मैत्री मुकाबले में स्वीडिश क्लब अल्व्सजो एआईके को 5-2 से हरा दिया। यहां खेले गए मुकाबले में लहिगडेइकिम ने पहले मिनट, 20वें मिनट (पेनल्टी) और 59वें मिनट में गोल करके हैट्रिक बनाई। वहीं सिडी ने (34वें) और सुलंजना राउल ने (90वें) मिनट में भारतीय टीम के लिए एक-एक गोल किया। भारतीय टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने इस मैच के लिए टी में दो बदलाव किए। गोलकीपर मोनालिशा देवी और विगर भूमिका देवी को एकादश में शामिल किया गया।

## मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में साह, गुप्ता की जोड़ी ने जीता स्वर्ण

**रामनगर, वार्ता।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में रामनगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है।

40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की युगल स्पर्धा में डा. मानस साह और पवन गुप्ता की जोड़ी ने जीत दर्ज कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। रामनगर के इन खिलाड़ियों ने एक बार फिर खेल के मैदान में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अब उनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हो गया है। हल्द्वानी के मिनी स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की युगल स्पर्धा में रामनगर के खिलाड़ी डा. मानस साह और पवन गुप्ता की जोड़ी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 6 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# आफत का दौर

ईरान पर हुए अमेरिकी-इजरायली हमले को पश्चिमी देशों द्वारा तार्किक बताया जा रहा है। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला खामेनेई तथा उनके परिजनों समेत कई लोगों की मौत को किसी भी तरह न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता। यह समय वैश्विक कानून-व्यवस्था के भंग होने और अमेरिका के साम्राज्यवादी मंसूबों के सिरे चढ़ने का है। जब से ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, उन्होंने वैश्विक संप्रभुता और संयुक्त राष्ट्र समेत दुनिया की तमाम नियामक संस्थाओं को बेबस बना दिया है। वेनेजुएला में हमला करके राष्ट्रपति निकोलेस मादुरो को गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाने के बाद अब खामेनेई की परिवार समेत हत्या ने दर्शा दिया है कि दुनिया फिर जंगल-राज की तरफ बढ़ रही है। शक्ति बंदूक की नोक से निकलती दिख रही है। छोटे राष्ट्रों की संप्रभुता संकट में है। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण, वेनेजुएला व ईरान पर अमेरिकी हमला बता रहा है कि आने वाले दिनों में ताइवान जैसे अन्य संकटग्रस्त देशों के सामने अस्तित्व बनाए रखने की चुनौती होगी। पूरी दुनिया में आपूर्ति श्रंखला में आए व्यवधान तथा ट्रंप के टैरिफ आतंकवाद से दुनिया की अर्थव्यवस्था पहले ही चरमरा रही है। रोजगार के अवसर कम हुए हैं और लोगों को भारी महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले की प्रतिक्रिया मध्यपूर्व के अलावा पश्चिमी देशों में आने वाले समय में दिखाई देगी। जिसकी असली कीमत मानवता को ही चुकानी होगी। नि:संदेह, आने वाले दिनों में भारत को ईरान-अमेरिकी संघर्ष की कीमत चुकानी होगी। इससे भारत की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। भारत के लिए मुश्किल यह भी है कि ईरान पर हमला प्रधानमंत्री की इजरायल यात्रा के तुरंत बाद हुआ है, जिससे भारत के लिए मध्यपूर्व को लेकर विदेश नीति में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। इससे हार्मुज स्ट्रेट रूट से भारत को होने वाली कच्चे तेल की आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होगी। वहीं दूसरी ओर मध्यपूर्व में कार्यरत नब्बे लाख से अधिक भारतीयों पर प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव पड़ेगा और उनके द्वारा भारत भेजी जाने वाली धनराशि भी प्रभावित होगी। भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल की पचास फीसदी आपूर्ति होर्मुज स्ट्रेट रूट से होती है। रूसी तेल खरीदने पर अमेरिकी दबाव के चलते भी इस रूट से भारतीय आपूर्ति बढ़ी है। इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने का सीधा असर भारत में कच्चे तेलों के दामों पर पड़ेगा। भविष्य में भारतीयों को तेल कीमतों में वृद्धि का सामना करना पड़ेगा। वहीं लाल सागर से होने वाली तेल आपूर्ति भी ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों की धमकी से प्रभावित होगी। कूटनीतिक स्तर पर भी भारत को असहज स्थिति का सामना करना पड़ेगा। भारत इस समय ग्लोबल साउथ के नेतृत्व का दावा करता है और फिलहाल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है, ईरान भी पिछले साल ब्रिक्स का सदस्य बन चुका है। ऐसे में क्या भारत इस हमले का विरोध करने की स्थिति में है? भारत ईरान से पुराने संबंधों के चलते क्या अमेरिका से दूरी बना सकता है।

## यह एक और विश्व युद्ध का कारण...



अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहा संघर्ष पर चिंता का सबब बनता जा रहा है, अगर स्थिति को सावधानीपूर्वक नहीं संभाला गया, तो बढ़ते तनाव से एक व्यापक वैश्विक संघर्ष भी शुरू हो सकता है, केंद्र सरकार को इस मामले पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि इसी तरह के हस्तक्षेप अन्य देशों में भी हो चुके हैं, वैश्विक स्तर पर वर्तमान संघर्ष के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और अगर तनाव बढ़ता रहा ,तो यह एक और विश्व युद्ध का कारण बन सकता है, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय तनाव कम करने की दिशा में काम करे, अमेरिका द्वारा संप्रभु देश ईरान पर हमला करना गलत है।

**-डा. फारूक अब्दुल्ला, पूर्व मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# बंद होते हवाई अड्डे, हवा हवाई होती हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा






**निर्मल रानी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में सूरत में पहली बार कहा था कि सरकार का लक्ष्य है कि श्हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा करेश। मोदी ने अक्टूबर 2025 में नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट उद्घाटन पर भी यही दोहराया कि 2014 से उनका सपना था कि श्हवाई चप्पल वाला भी हवाई सफर करेश। बेशक प्रधानमंत्री का यह वक्तव्य गरीबों को हवाई यात्रा मुहैया कराने की सोच को दर्शाता है। इसी मकसद से ष्उड़ानष योजना की शुरुआत की गई थी।श्न्क।छ अर्थात उड़े देश का आम नागरिक। इस योजना का उद्देश्य छोटे शहरों, टियर-2 और टियर-3 इलाकों को हवाई संपर्क से जोड़ना और हवाई यात्रा को सस्ता बनाना था।

आंकड़ों के मुताबिक 2014 में भारत में लगभग 74 सक्रिय हवाई अड्डे थे जिनकी संख्या 2026 के प्रारंभ तक बढ़कर 160-162 तक हो गई। इनमें से उड़ान योजना के अंतर्गत एयरपोर्ट, हेलीपोर्ट और वॉटर एयरोड्रोम सहित 93 हवाई अड्डे या तो नए विकसित किए गए या फिर उन्हें पुनर्जीवित किया गया। इनमें से अधिकांश नए या अपग्रेडेड हवाई अड्डे देश के अनेक छोटे शहरों में हैं। गोया कुल मिलाकर गत 10-12 वर्षों में 90 से अधिक नए अथवा सक्रिय हवाई अड्डे जोड़े गए हैं। बताया जा रहा है कि सरकार का लक्ष्य 2047 तक देश भर में 400 से अधिक हवाई अड्डे बनाना है ताकि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा कर सके अर्थात गरीबों का सस्ती हवाई यात्रा का सपना साकार किया जा सके परंतु पिछले दिनों देश के केवल एक ही राज्य उत्तर प्रदेश से प्राप्त खबरों के अनुसार 2021 के बाद श्उड़ान योजनाश के अंतर्गत शुरू किए गए 7 नए हवाई अड्डों में से 6 पर नियमित कामर्शियल उड़ानें बंद हो चुकी हैं।

धार्मिक पर्यटन के चलते इस समय केवल अयोध्या स्थित महर्षि बाल्मीकि अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा ही सक्रिय है। हालांकि अयोध्या का यह हवाई अड्डा भी आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा तो जरूर घोषित किया गया है परन्तु अंतर्राष्ट्रीय शब्द केवल नाम तक ही सीमित है। वास्तव में अयोध्या का यह महर्षि बाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा वर्तमान में केवल भारत के भीतर सीमित घरेलू उड़ानें ही संचालित करता है और अभी तक किसी दूसरे देश के लिए यहां से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू नहीं हुई हैं। अलबत्ता यहां से संचालित कुछ स्वदेशी मार्गों जैसे कोलकाता, पटना आदि की उड़ानें भी अस्थाई रूप से बंद जरूर हो चुकी हैं। केवल उत्तर प्रदेश देश में जिन हवाई अड्डों से उड़ानों का संचालन फिलहाल बंद हो चुका है उनमें कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट,आजमगढ़ एयरपोर्ट, चित्रकूट एयरपोर्ट, श्रावस्ती एयरपोर्ट, मुरादाबाद एयरपोर्ट तथा अलीगढ़ एयरपोर्ट के नाम उल्लेखनीय हैं। इसी तरह पंजाब में पठानकोट व लुधियाना, सिक्किम में पेक्यांग,गुजरात के भावनगर,छत्तीसगढ़ का अंबिकापुर, ओड़ीसा का राउरकेला,मध्य प्रदेश का दतिया, कर्नाटक का कलबुर्गी व हिमाचल के शिमला के हवाई अड्डों के बंद होने की खबरें हैं। सैकड़ों करोड़ की लागत से बनाए गए यह हवाई अड्डे कहीं कम पैसेंजर ट्रैफिक के कारण अर्थात यात्रियों की कमी के चलते बंद करने पड़े तो कहीं खराब .श्यता , इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की कमी या एयरलाइंस कंपनियों की संचालन में रुचि न होने के कारण बंद करने पड़े। कहीं पास के बड़े हवाई अड्डों के कारण यात्री न मिलने की वजह से बंद कर दिए गए तो कुछ तकनीकी व इंफ्रास्ट्रक्चर समस्याओं जैसे छोटे एयरपोर्ट पर हैंगर, फ्यूल, स्टाफ की कमी के कारण भी बंद हुए।

एक अनुमान के अनुसार UDAN के अंतर्गत बिना किसी उड़ान के ही इन 15 नॉन-ऑपरेशनल एयरपोर्ट्स के रखरखाव और सिक्योरिटी पर पिछले 8 वर्षों में लगभग 878-900 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हुए हैं जबकि कुल न्क।छ एयरपोर्ट्स के विकास पर 4,600 करोड़ से भी अधिक खर्च होने का अनुमान है। परन्तु सरकार को इससे कोई लाभ नहीं हुआ। इसी तरह एयर पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया ।।ए्के 81 एयरपोर्ट्स पर पिछले 10 वर्षों में 10,853 करोड़ के कुल घाटे का अनुमान है। कहना गलत नहीं होगा कि इससे योजना की सफलता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या बंद होने वाले हवाई अड्डों या घाटे में चलने वाले हवाई अड्डों को शुरू करते समय या इनकी योजना बनाते वक्त क्या इस बात का सही आंकलन नहीं किया गया कि यह हवाई अड्डे भविष्य में सुचारु रूप से संचालित हो सकेंगे या नहीं? क्या वजह है कि कल की यह लोकलुभावन योजनाएं आज मात्र श्सफेद हाथी श बनकर रह गई हैं ? एक सवाल यह भी है कि हवाई चप्पल वाले हवाई यात्रा करें जैसी लोकलुभावन बातें कर इस तरह की योजनाएं केवल चुनावी लाभ लेने के कारण बनाई गई थीं? साथ ही एक सवाल यह भी कि जिस देश में रेल व बस जैसी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं में सुधार की भारी जरूरत हो,जहां अभी तक ट्रेन में यात्रियों को समय पर आरक्षित सीटें उपलब्ध न हो पाती हों,हद तो यह है कि अनेक दूरगामी ट्रेन्स में पैर रखने,खड़े होने यहां तक कि यात्रियों के डिब्बों में घुस पाने तक की जगह न मिल पाती हो, जहां आज भी यात्री ट्रेन्स में लटककर और अपनी जान को जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हों वहां इस तरह की शर्मसार कर देने वाली सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं में सुधार करने व इन्हें व्यवस्थित करने के बजाए ऐसे नए हवाई अड्डे बनाना जोकि शीघ्र ही बंद भी करने पड़ जाएं,क्या ऐसा कदम जनता के पैसों की बर्बादी नहीं है ? इन सबके अतिरिक्त यह भी माना जा रहा है कि बिना जरुरत के नए हवाई अड्डे शुरू करने के पीछे का एक मकसद इनके संचालन से सत्ता के नजदीकी समझे जाने वाले उद्योगपतियों व कार्पोरेट्स को आर्थिक लाभ पहुंचाना भी है।

बहरहाल देश में लगातार बंद होते जा रहे नव सांचालित हवाई अड्डे इस निष्कर्ष पर तो पहुंचने के लिए काफी हैं कि हवाई चप्पल वालों को हवाई यात्रा करने का जो लोकलुभावन ढिंढोरा पीटा जा रहा था वह फिलहाल हवा हवाई साबित होता जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# तंत्रिकाएं करती हैं खास ट्यूमर की मदद

**जिन कैंसर कोशिकाओं से तंत्रिकाएं नदारद होती हैं, उनकी सामान्य प्रक्रियाएं गड़बड़ हो जाती हैं। साउथ अलाबामा विश्वविद्यालय के साइमन ग्रेलेट ने सोचा कि कहीं उधार के माइटोकॉण्ड्रिया का स्रोत कट जाने का तो यह परिणाम नहीं है। ग्रेलेट, आयला और उनके दल ने देखा कि तश्तरियों में रखने पर स्तन कैंसर की कोशिकाओं और तंत्रिका कोशिकाओं के बीच सेतु बनने लगते हैं। जब उन्होंने तंत्रिकाओं के माइटोकॉण्ड्रिया को एक हरे प्रोटीन की मदद से शिनाख्त योग्य बना दिया तो देखा गया कि यह उपांग सेतुओं के जरिए कैंसर कोशिकाओं में जा रहे हैं।**

हाल में किए गए एक अध्ययन से उजागर हुआ है कि कुछ कैंसर कोशिकाएं अपनी पड़ोसी स्वस्थ कोशिकाओं की मदद से अधिक विनाशकारी शक्ति हासिल कर लेती हैं। एक अनुसंधान दल ने पाया है कि तंत्रिकाएं अपनी पड़ोस की मैलिग्नेंट (दुर्दम) कोशिकाओं को अपना माइटोकॉण्ड्रिया दान दे देती हैं।

गौरतलब है कि माइटोकॉण्ड्रिया कोशिकाओं का एक उपांग होता है जो कोशिकाओं के कामकाज के लिए जरूरी ऊर्जा उपलब्ध कराता है। यह अवलोकन इस बात की व्याख्या कर देता है कि क्यों तंत्रिकाओं की उपस्थिति में ट्यूमर ज्यादा तेजी से बढ़ते हैं और तो और कैंसर कोशिकाओं को अतिरिक्त माइटोकॉण्ड्रिया मिल जाने पर उनकी शरीर के अन्य हिस्सों में फैलने (मेटास्टेसिस) की क्षमता भी बढ़ जाती है।

पहले माना जाता था कि कोशिकाएं अपने माइटोकॉण्ड्रिया सहेजकर रखती हैं, लेकिन पिछले 20 वर्षों में हुए अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि कोशिकाएं इन उपांगों का खूब लेन-देन करती हैं। कैंसर कोशिकाएं दाता भी हो सकती हैं और प्राप्तकर्ता भी। जैसे, हाल ही में जापान के शोधकर्ताओं ने बताया था कि कैंसर कोशिकाएं और प्रतिरक्षा टी-कोशिकाएं कभी-कभी माइटोकॉण्ड्रिया का विनिमय करती हैं। इस दौरान, कैंसर कोशिकाएं अपने दोषपूर्ण उपांग टी-कोशिकाओं को देकर उन्हें कमजोर भी कर सकती हैं। कुछ सर्वथा अलग तरह के अध्ययनों में पता चला है कि तंत्रिकाएं अपने आसपास के ट्यूमर्स की वृद्धि को बढ़ावा देती हैं। उदाहरण के लिए टेक्सास हेल्थ साइन्स सेंटर के गुस्तावो आयला की टीम ने देखा था कि जब प्रयोगशाला के जंतुओं की प्रोस्टेट ग्रंथि को पहुंचने वाली तंत्रिकाओं को काट दिया गया या बोटॉक्स इंजेक्शन देकर खामोश कर दिया गया, तो प्रोस्टेट कैंसर सिकुड़ गया। ट्यूमर-ग्रस्त मनुष्यों में भी बोटॉक्स इंजेक्शन देने पर कैंसर कोशिकाओं की मृत्यु दर बढ़ गई थी।

यह भी पता चला है कि जिन कैंसर कोशिकाओं से तंत्रिकाएं नदारद होती हैं, उनकी सामान्य प्रक्रियाएं गड़बड़ हो जाती हैं। साउथ अलाबामा विश्वविद्यालय के साइमन ग्रेलेट ने सोचा कि कहीं उधार के माइटोकॉण्ड्रिया का स्रोत कट जाने का तो यह परिणाम नहीं है। ग्रेलेट, आयला और उनके दल ने देखा कि तश्तरियों में रखने पर स्तन कैंसर की कोशिकाओं और तंत्रिका कोशिकाओं के बीच सेतु बनने लगते हैं। जब उन्होंने तंत्रिकाओं के माइटोकॉण्ड्रिया को एक हरे प्रोटीन की मदद से शिनाख्त योग्य बना दिया तो देखा गया कि यह उपांग सेतुओं के जरिए कैंसर कोशिकाओं में जा रहे हैं।

शोधकर्ताओं ने यह भी दर्शाया कि यदि माइटोकॉण्ड्रिया रहित कैंसर कोशिकाएं तैयार करके उन्हें यह उपांग बाहर से दिया जाए तो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ावा मिलता है। ऐसी माइटोकॉण्ट्रिया रहित कोशिकाएं विभाजित नहीं होतीं और उनकी ऑक्सीजन खपत भी कम रहती है, लेकिन जब इन्हें तंत्रिका कोशिकाओं के साथ रखा गया, तो 5 दिन में इनकी चयापचय क्रियाएं बहाल हो गईं और इनमें विभाजन भी होने लगा। शायद पड़ोसियों से मिले माइटोकॉण्ड्रिया के दम पर। इसी प्रयोग को आगे करने पर पता चला कि यह असर लंबे समय के लिए होता है। शोधकर्ताओं ने यह जांच भी की कि क्या ऐसी पुनः सक्रिय हुई कैंसर कोशिकाओं के अन्य स्थानों/अंगों में फैलने (मेटास्टेसिस) की संभावना भी ज्यादा होती है।

इसकी जांच करने के लिए उन्होंने चूहों की तंत्रिका व कैंसर कोशिकाओं को साथ-साथ रखकर विकसित किया और फिर उन्हें मादा चूहे के उदर की वसा में डाल दिया। देखा गया पेट में ट्यूमर बना और जल्दी ही वह फेफड़ों तथा मस्तिष्क में फैल गया। यह भी देखा गया कि मूल ट्यूमर में तो मात्र 5 प्रतिशत कोशिकाओं ने तंत्रिकाओं से माइटोकॉण्ड्रिया हासिल किए थे लेकिन फेफड़े में पहुंची 27 प्रतिशत तथा मस्तिष्क में पहुंची 46 प्रतिशत कैंसर कोशिकाओं में आयातित माइट्कॉण्ड्रिया थे अर्थात आयातित माइटोकॉण्ड्रिया मेटास्टेसिस को बढ़ावा देते हैं। जब प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित व्यक्तियों के ट्यूमर की कोशिकाओं का विश्लेषण किया गया तो पता चला कि तंत्रिकाओं के नजदीक की कोशिकाओं में ज़्यादा माइटोकॉण्ड्रिया थे।

यह अनुसंधान कैंसर से निपटने का एक सर्वथा नया रास्ता सुझाता है। शोधकर्ता कहते हैं कि कैंसर से निपटने के लिए उसके आसपास की तंत्रिकाओं पर ध्यान देना उपयोगी होगा।

# कैरियर पिजन सर्विस : संचार का प्राचीन तरीका



**रजनीश कपूर**

आज के डिजिटल युग में जहां व्हाट्सएप, वीडियो कॉल, इंटरनेट और सैटेलाइट फोन से पल भर में संदेश दुनिया के किसी भी कोने में पहुंच जाते हैं, वहां एक प्राचीन संचार माध्यम अभी भी जीवित है . 'कैरियर पिजन सर्विस'। यह कोई काल्पनिक कहानी नहीं, बल्कि वास्तविकता है। ओडिशा पुलिस की कैरियर पिजन सर्विस दुनिया की एकमात्र ऐसी पुलिस फोर्स है जो इस विरासत को आज भी संरक्षित रखे हुए है। यह सेवा न सिर्फ इतिहास की याद दिलाती है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं में जब आधुनिक संचार व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है, तब एक विश्वसनीय बैकअप के रूप में काम आती है। एक ऐसा माध्यम जो हजारों वर्षों से मानव सभ्यता का अभिन्न अंग रहा है।

'कैरियर पिजन' या 'होमिंग पिजन' का इतिहास प्राचीन काल से जुड़ा है। मिस्र में लगभग 3000 ईसा पूर्व से ही कबूतरों को संदेशवाहक के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। फारस, यूनान और रोमन साम्राज्य में इनकी व्यापक उपयोगिता थी। यूनानियों ने ओलंपिक खेलों के परिणाम इन कबूतरों के जरिए शहर-दर-शहर पहुंचाए। चंगेज खान ने अपने विशाल साम्राज्य में 'पिजन नेटवर्क' स्थापित किया। मध्यकाल में यूरोप के युद्धों और मध्य पूर्व के व्यापारियों ने इनका सहारा लिया। भारत में भी यह परंपरा बहुत पुरानी है। चंद्रगुप्त मौर्य के काल में फारसी प्रभाव से 'पिजन पोस्ट' शुरू हुई थी। मुगल और ब्रिटिश काल में पुलिस और सेना दोनों ने इसका इस्तेमाल किया। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में 'कैरियर पिजनों' ने जान भी बचाई, फ्रांस में श्चेर आमीश नामक कबूतर ने 194 अमेरिकी सैनिकों की जान बचाई थी। भारत में भी ब्रिटिश काल से पुलिस स्टेशनों के बीच संचार के लिए 'पिजन सर्विस' चली आ रही थी, लेकिन आज की बात करें तो ओडिशा पुलिस की यह सेवा अनूठी है। 1946 में, द्वितीय विश्व युद्ध के ठीक बाद, ओडिशा पुलिस ने इसे शुरू किया। सबसे पहले नक्सल प्रभावित कोरापुट जिले में प्रयोग किया गया। धीरे-धीरे यह 38 स्थानों द्धजिलों, सब-डिवीजनों, सर्कलों और पुलिस स्टेशनोंऋ तक फैल गई। इस सेवा के चरम पर 19 'पिजन लॉफ्ट' सक्रिय थे, जहां 1500 से अधिक प्रशिक्षित कबूतर तैनात थे। हर लॉफ्ट पर एक इंस्पेक्टर, तीन सब-इंस्पेक्टर, एक सहायक सब-इंस्पेक्टर और 35 कांस्टेबल तैनात थे। यह सेवा न सिर्फ सामान्य संचार, बल्कि चुनावों और आपदाओं में भी काम आई। 1976-77 के चुनावों और 1982 के 'फ्लैश फ्लड्स' में जब सड़कें-ब्रिज बह गए और वायरलेस-टेलीफोन फेल हो गए, तब इन कबूतरों ने सरकारी संदेश पहुंचाए।

सबसे रोचक घटना 13 अप्रैल 1948 की है। तब भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू संबलपुर, ओडिशा में थे। उन्हें 265 किलोमीटर दूरकटक में तत्काल निर्देश भेजने थे, सुबह 6 बजे नेहरू का हस्तलिखित संदेश लेकर एक 'कैरियर पिजन' उड़ा। ठीक 11रू20 पर, यानी महज 5 घंटे 20 मिनट में, वह कटक पहुंच गया। जब नेहरू खुद कटक पहुंचे तो अपना मूल संदेश और वही कबूतर देखकर दंग रह गए, वे हैरान और प्रसन्न थे। यह घटना ओडिशा पुलिस की



'पिजन सर्विस' की विश्वसनीयता का जीवंत प्रमाण है।

1954 में दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय डाक प्रदर्शनी में इन कबूतरों का प्रदर्शन किया गया। 1989 में तत्कालीन राष्ट्रपति आर। वेंकटरामन जब कटक आए तो इन कबूतरों को देखकर मुग्ध हो गए। 1999 के 'सुपर साइक्लोन' में जब तटीय इलाकों में संचार लाइनें पूरी तरह ठप हो गईं, तब इन कबूतरों ने लाज रखी। इनकी गति औसतन 55 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा होती है। ए एक बार में 400-500 किलोमीटर उड़ने की क्षमता रखते हैं। 'बेल्जियन होमर' नस्ल के ए कबूतर चुंबकीय क्षेत्र का पता लगाकर अपने घोंसले तक आसानी से पहुंच जाते हैं। 2008 में आधुनिक संचार के चलते इसे औपचारिक रूप से बंद कर दिया गया। लेकिन ओडिशा पुलिस ने इसे पूरी तरह खत्म नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के आदेश पर दो 'लॉफ्ट'अभी भी बरकरार रखे गए, एक कटक में ओडिशा पुलिस मुख्यालय पर 105 'बेल्जियन होमर पिजन' और दूसरा अंगुल के पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज पर 44 पिजन। कुल लगभग 150 प्रशिक्षित कबूतर आज भी सेवा में हैं। अब इन्हें सिर्फ सांस्कृतिक और औपचारिक उपयोग के लिए रखा गया है। ए कबूतर गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस की परेड में शांति, प्रेम और स्वतंत्रता का संदेश लेकर उड़ते हैं। हाल ही में भुवनेश्वर में 25 कबूतरों ने 30 किलोमीटर की दूरी मात्र 29 मिनट में तय की। आज जब साइबर हमले, प्राकृतिक आपदाएं और इमरजेंसी में मोबाइल नेटवर्क फेल हो जाते हैं, तब यह सेवा सिर्फ विरासत नहीं, बल्कि सुरक्षा की गारंटी है। ओडिशा पुलिस के स्पेशल डीजी द्धकम्युनिकेशंसऋ अरुण रे के अनुसार, ह्यह भारत का सबसे अच्छा रखा गया राज है। गौरतलब है कि सीएजी ने इसकी लागत पर आपत्ति जताई थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने साफ कहा, हविरासत को बचाओ। यह सेवा हमें सिखाती है कि प्रगति का मतलब पुरानी चीजों को फेंकना नहीं, बल्कि उन्हें संभालकर रखना है। आज युवा पीढ़ी स्मार्टफोन पर जीती है, लेकिन जब वे इन कबूतरों को उड़ते देखते हैं तो इतिहास जीवंत हो उठता है। ऐसे में यदि स्कूलों-कॉलेजों व अन्य कार्यकर्मों में इनका प्रदर्शन करवाया जाए, तो न सिर्फ नई पीढ़ी को बरसों पुरानी विरासत जानने का मौका मिलेगा बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिले। ड्रोन और सैटेलाइट के युग में भी ए पंख वाले डाकिया हमें याद दिलाते हैं कि प्रकृति की शक्ति आज भी अजेय है। ओडिशा पुलिस की यह पहल दुनिया के लिए मिसाल है। अमेरिका, यूरोप या एशिया की कोई अन्य पुलिस फोर्स आज ऐसा नहीं कर रही। यह सिर्फ ओडिशा का गौरव नहीं, बल्कि पूरे भारत की सांस्कृतिक विरासत है। हमें इसे और मजबूत करना चाहिए। ज्यादा 'लॉफ्ट', ज्यादा प्रशिक्षण, ज्यादा जागरूकता किया जाए। क्योंकि संचार सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि विश्वास और विश्वसनीयता का मामला है। जब आधुनिक दुनिया इंस्टेंट मैसेजिंग पर निर्भर है, तब यह उड़नहार संदेशवाहक हमें सिखाते हैं कुछ चीजें कभी पुरानी नहीं होतीं, वे सिर्फ विरासत बन जाती हैं। ओडिशा पुलिस की 'कैरियर पिजन सर्विस' इसी विरासत का जीवंत प्रतीक है। इसे बचाए रखना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन पंखों की उड़ान में इतिहास को महसूस कर सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



काठमांडू। संसदीय चुनाव के लिए वोट डालने के लिए कतार में इंतजार करते लोग।

## खाड़ी देशों को वायु रक्षा सहायता देने की योजना बना रहा है इटली

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने गुरुवार को कहा कि वह ईरानी हमलों को देखते हुए खाड़ी देशों को वायु रक्षा सहायता भेजने पर विचार कर रही हैं। सुमेलोनी ने रेडियो स्टेशन आरटीएल 102.5 के साथ बातचीत में कहा कि ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी की तरह इटली भी खाड़ी देशों को रक्षा एवं वायु रक्षा के क्षेत्र में सहायता भेजने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं है क्योंकि उनके साथ हमारे संबंध मैत्रीपूर्ण हैं, बल्कि इसलिए भी है क्योंकि इस क्षेत्र में हजारों इतालवी लोग रहते हैं और दो हजार इतालवी सैनिक वहां तैनात हैं।

# अमेरिका ने डूम्सडे बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण



■ यह हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से 20 गुना ज्यादा शक्तिशाली परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता रखती है

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अमेरिका ने मंगलवार रात कैलिफोर्निया तट पर अपनी 'डूम्सडे' बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। 'मिनटमैन III' नाम की यह मिसाइल बेहद घातक है।

यह हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से 20 गुना ज्यादा शक्तिशाली परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता रखती है। इसे सांता बारबरा के पास वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से रात 11 बजे लान्च किया गया। अमेरिकी स्पेस फोर्स ने जानकारी दी कि 'जीटी 254' नाम का यह राकेट बिना किसी हथियार के छोड़ा गया था। इसने प्रशांत महासागर में मार्शल आइलैंड्स के पास अपने तय लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। एयर फोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड ने बताया कि इस मिसाइल को इसकी सटीकता और तैयारी को परखने के लिए दागा गया था। 576वें फ्लाइट टेस्ट स्क्वाड्रन के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल कैरी रे ने एक प्रेस रिलीज में कहा कि इस टेस्ट से मिसाइल सिस्टम के अलग-अलग हिस्सों की कार्यक्षमता का अंदाजा लगाने में मदद मिली। उन्होंने बताया कि ऐसे परीक्षणों से देश की परमाणु शक्ति के जमीनी हिस्से को और भी मजबूत और तैयार रखा जा सकता है। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और इजरायल ने हाल ही में ईरान पर हमला किया था। उस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी, जिससे पूरे इलाके में जंग छिड़ गई है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान पर हमले तेज करने चेतावनी दी है और कहा है कि एक बड़ा हमला होने वाला है। हालांकि, एयर फोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड ने यह भी साफ किया कि मंगलवार का यह परीक्षण रूटीन था और इसकी योजना वर्षों पहले ही बना ली गई थी।

### रिपब्लिकन सांसदों ने खारिज किया जंग रोकने वाला प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट में बुधवार को एक महत्वपूर्ण मतदान में रिपब्लिकन सांसदों ने उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया जिसका उद्देश्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान के खिलाफ चल रहे युद्ध को रोकना था। यह प्रस्ताव 47 के मुकाबले 53 वोटों से गिर गया। यह प्रस्ताव श्वार पावर्स रेजोल्यूशनश के रूप में पेश किया गया था, जिसके तहत आगे किसी भी सैन्य कार्रवाई से पहले कांग्रेस की मंजूरी अनिवार्य करने की मांग की गई थी। वोटिंग लगभग पार्टी लाइन के अनुसार हुई, हालांकि कुछ सांसदों ने अलग रुख भी अपनाया। रिपब्लिकन सीनेटर रैंड पाल ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि डेमोक्रेटिक सीनेटर जान फेटरमैन ने इसके खिलाफ वोट दिया। मतदान से पहले सीनेट में माहौल काफी गंभीर रहा। कई डेमोक्रेटिक सांसद अपनी सीटों पर बैठे रहे और पूरे समय बहस में शामिल रहे। सीनेट में डेमोक्रेटिक नेता चक शूमर ने कहा कि यह वोट तय करेगा कि सांसद अमेरिकी जनता के साथ खड़े हैं या ट्रम्प प्रशासन के साथ। उनके मुताबिक अमेरिका के लोग मध्य पूर्व के लंबे युद्धों से थक चुके हैं और अब एक और बड़े युद्ध की जरूरत नहीं है। रिपब्लिकन सांसदों ने डेमोक्रेट्स के आरोपों को खारिज किया। रिपब्लिकन नेता जान बरासो ने कहा कि डेमोक्रेट्स ट्रम्प का विरोध करने में ज्यादा रुचि रखते हैं, जबकि असली मुद्दा ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान से 200 अफगान कैदी रिहा होकर स्वदेश पहुंचे

**काबुल।** पाकिस्तान के हिरासत केंद्रों में बंद 200 अफगान कैदियों के समूह को पिछले सप्ताह रिहा कर दिए जाने के बाद स्वदेश वापस लाया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने गुरुवार को कहा यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार विभिन्न आरोपों में एक दिन से लेकर दो महीने तक पाकिस्तान के कई जेलों में बंद कैदी दक्षिणी कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक सीमा के माध्यम से अफगानिस्तान पहुंचे। इन लोगों को उनके गृह क्षेत्रों में भेजने से पहले उनकी बुनियादी जरूरतों के लिए त्वरित सहायता प्रदान की गई।

### खदान ढहने से 200 से ज्यादा लोगों की मौत: अधिकारी

**किशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में मंगलवार को एक खदान के ढहने से 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। डीआरसी सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। डीआरसी के खनन मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, यह घटना नॉर्थ किवु प्रांत में रुबाया खदान पर हुई, जो कोल्टन संसाधन के लिए जानी जाती है। यह दुर्घटना बहुत ज्यादा भारी बारिश के कारण हुई। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार इस हादसे में करीब 70 नाबालिगों सहित 200 से ज्यादा लोगों की जान चली गई।

### चीन का प्रमुख एआई उद्योग 2025 में लगभग 173.9 अरब डॉलर रहा

**बीजिंग।** चीन के प्रमुख आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उद्योग का मूल्य 2025 में 1-2 लाख करोड़ युआन (लगभग 173.9 अरब डॉलर) से अधिक रहा। उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ली लेचेंग ने गुरुवार को नेशनल पीपल्स कांग्रेस (संसद) के वार्षिक सत्र से इतर बताया कि पिछले साल देश में एआई कंपनियों की संख्या 6200 से अधिक हो गई।

### ईरानी युद्धपोत पर श्रीलंका में हमले को लेकर तेहरान के तेवर उग्र

# अमेरिका को होगा डेना पर हमले का पछतावा: अराघची

**तेहरान/कोलंबो।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका को भारतीय नौसेना की मेहमान युद्धपोत डेना पर हमला करने का बहुत पछतावा होने वाला है। अराघची ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि अमेरिका ने ईरान के तट से 2000 मील दूर समंदर में एक क्रूर कृत्य को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि करीब 130 नौसैनिकों के साथ भारतीय नौसेना की मेहमान फ्रिगेट डेना पर बिना चेतावनी के अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में हमला किया गया। मेरे शब्द लिख लो, अमेरिका को अपने इस कृत्य पर बहुत पछतावा होगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिका की एक पनडुब्बी ने युद्धपोत डेना पर तारपीडो से हमला किया, जिससे वह समंदर की सतह में डूब गई। श्रीलंकाई मीडिया के अनुसार, जब युद्धपोत पर हमला हुआ तब वह एक पूर्वी भारतीय बंदरगाह से ईरान लौट रहा था। उल्लेखनीय है कि आइरिस डेना ने भारत की 'मिलन' नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लिया था। श्रीलंका के उप विदेश मंत्री अरुण हेमचंद्र ने कहा कि देश के दक्षिणी तट पर अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी युद्धपोत पर किए गए हमले के बाद कम से कम 80 लोग मारे गए। वहीं श्रीलंका के मुख्य सरकारी सचेतक नलिडा जयतिस्सा ने गुरुवार को कहा कि श्रीलंका के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में ईरान का एक और जहाज है। डेली मिरर की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने यह बात विपक्ष के नेता सजित प्रेमदासा के उठाए गए एक सवाल का जवाब देते हुए कही कि क्या सरकार को श्रीलंका के जलक्षेत्र में एक और ईरानी जहाज के होने की जानकारी है। जयतिस्सा ने कहा कि राष्ट्रपति, सुरक्षा परिषद और सरकार को इस मामले की जानकारी है और सरकार जहाज में मौजूद लोगों के मामले में ज्यादा से ज्यादा दखल दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मामले की जानकारी है। हम इस मामले को सुलझाने, जान के खतरे को कम करने और इलाके की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी दखल दे रहे हैं। यह जहाज हमारे इलाके के पानी में नहीं है। यह विशेष आर्थिक क्षेत्र के अंदर है। फिर भी, हम लोगों के जीवन की सुरक्षा के मामले में ज्यादा से ज्यादा दखल दे रहे हैं। हम संसद के समक्ष पूरी रिपोर्ट रखेंगे। इसी बीच ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने गुरुवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग केवल अमेरिका, इजरायल, यूरोप और अन्य पश्चिमी सहयोगियों के जहाजों के लिए बंद है। दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य युद्ध शुरू होने के बाद से ही ठप हो गया है। ईरान के सरकारी प्रसारक आईआरआईबी के अनुसार, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि हमने पहले भी कहा था कि अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और प्रस्तावों के आधार पर, युद्ध के समय में ईरान के पास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले मार्ग को नियंत्रित करने का अधिकार होगा। आईआरजीसी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका, इजरायल, यूरोप 'और उनके समर्थकों' से संबंधित जहाज देखे गए, तो 'निश्चित रूप से उन पर हमला किया जाएगा।' ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल द्वारा शनिवार को संयुक्त अभियान शुरू किए जाने के बाद से यह जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद है, जिससे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है और वैश्विक अर्थव्यवस्था के चरमराने का खतरा पैदा हो गया है।



■ अमेरिका ने ईरान के तट से 2000 मील दूर समंदर में एक क्रूर कृत्य को अंजाम दिया-ईरानी विदेश मंत्री
■ होर्मुज केवल अमेरिका इजरायल, यूरोप एवं उनके अन्य सहयोगियों के लिए बंद: रिवोल्यूशनरी गार्ड्स

## आईरिस डेना हमले में मारे गए नाविकों के शव सौंपने का ईरान का अनुरोध

**कोलंबो।** ईरान ने श्रीलंका के पास हिंद महासागर में हुए हमले में डूबे ईरानी नौसैनिक पोत आईरिस डेना पर मारे गए नाविकों के सभी शव उसे सौंपे जाने का अनुरोध किया है, ताकि उन्हें अंतिम संस्कार के लिए स्वदेश ले जाया जा सके। श्रीलंकाई मीडिया डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा किए गए टॉरपीडो हमले के बाद जहाज के डूबने से मारे गए करीब 90 नाविकों के शवों को गाले स्थित राष्ट्रीय अस्पताल करापिटिया लाया गया है। बताया गया है कि आगे की व्यवस्था होने तक इन शवों को अस्पताल के कोल्ड रूम में रखा जाएगा। श्रीलंका के उप स्वास्थ्य मंत्री हंसका विजेमुनी ने कहा कि ईरान ने शवों को अपने देश ले जाने का अनुरोध किया है, लेकिन मौजूदा सैन्य स्थिति के कारण यह प्रक्रिया तुरंत संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि अंतिम व्यवस्था होने तक शव अस्पताल के शीतगृह में सुरक्षित रखे जाएंगे। विजेमुनी के अनुसार, बुधवार रात तक करापिटिया अस्पताल में करीब 90 शव पहुंच चुके थे और यह संख्या बढ़ सकती है। श्रीलंका की ओर से मानक पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## पश्चिम एशिया को अस्थिर कर रहे हैं अमेरिका और इजरायल: फतहाली

**नई दिल्ली।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने गुरुवार को अमेरिका और इजरायल पर पश्चिम एशिया क्षेत्र को अस्थिर करने तथा वार्ता के बीच युद्ध भड़काने का आरोप लगाया। ईरानी राजदूत की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब ईरान और अमेरिका-इजरायल गठबंधन के बीच तनाव तेजी से बढ़ रहा है। हाल ही में हिंद महासागर में ईरानी नौसेना के फ्रिगेट आईरिस डेना के डूबने की घटना को ईरान ने 'समुद्र में किया गया अत्याचार' बताया है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान अमेरिका और इजरायल को संघर्ष के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि दोनों देश ईरान की रणनीतिक एवं भौगोलिक स्थिति से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने इजरायल को 'जायनिस्ट शासन' बताते हुए आरोप लगाया कि उसका उद्देश्य पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र को अस्थिर करना है। उन्होंने कहा कि उन्हें अच्छी तरह पता है कि ईरान कहां है और उसकी स्थिति क्या है, लेकिन दुर्भाग्य से जायनिस्ट शासन पूरे क्षेत्र को नष्ट और अशांत करना चाहता है। ईरान अपने पड़ोसियों पर हमला नहीं करता, लेकिन वे अपने ठिकाने उपलब्ध कराते हैं। हमने अपने पड़ोसी देशों को पहले ही सूचित कर दिया था कि हम अमेरिका के ठिकानों को निशाना बनाएंगे। भारत के साथ किसी प्रकार की कूटनीतिक बातचीत के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर फिलहाल ईरान और भारत के बीच कोई वार्ता या संदेश का आदान-प्रदान नहीं हुआ है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उठी चिंताओं पर फतहाली ने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अमेरिका और इजरायल ने पहले हमला किया है और ईरान अपनी प्रतिक्रिया देगा।

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव के लिए दो और उम्मीदवारों का नामांकन

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष की आधिकारिक वेबसाइट पर बुधवार को जारी दस्तावेजों के मुताबिक, अगले संयुक्त राष्ट्र महासचिव के पद के लिए दो और उम्मीदवारों को नामांकित किया गया है। अफ्रीकी संघ के मौजूदा चेयर बुरुंडी ने सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी सैल का नाम इस पद के लिए दिया है, जबकि कोस्टा रिका ने अर्थशास्त्री और कोस्टा रिका की पूर्व उपराष्ट्रपति रेबेका ग्रिनस्पैन को इस पद के लिए आगे किया है। नए नामांकन के साथ, इस पद के लिए अभी चार उम्मीदवार दौड़ में हैं। बाकी दो उम्मीदवार चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बैचेलेट हैं, जिन्हें चिली, ब्राजील और मैक्सिको ने नामांकित किया है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के मौजूदा महानिदेशक राफेल ग्रॉसी को अर्जेंटीना ने नामांकित किया है। संरा महासभा के अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक ने बुधवार को संरा के सदस्य देशों को लिखे एक पत्र में 20 अप्रैल वाले हफ्ते में उम्मीदवारों के साथ होने वाली बातचीत के तरीकों के बारे में बताया। यह बातचीत संरा के तीन स्तंभों यानी शांति एवं सुरक्षा, मानवाधिकार और विकास के आस-पास होगी। पत्र के मुताबिक, हर उम्मीदवार अपना विजन साझा करेगा, जिसके बाद सदस्य देशों से सवाल पूछे जाएंगे और बातचीत होगी। पत्र में कहा गया है कि उम्मीदवोरं को हिस्सा लेने के लिए बातचीत से पहले और एक अप्रैल के बाद नामांकन जमा करने होंगे।

## ड्रोन हमले के बाद साइप्रस की ओर नौसेना भेजेंगे यूरोपीय देश

**रोम।** स्पेन, फ्रांस और नीदरलैंड्स के बाद अब इटली ने भी ईरान के ड्रोन हमलों के मद्देनजर आने वाले दिनों में साइप्रस की सुरक्षा के लिए द्वीप पर अपनी नौसेना भेजने का फैसला किया है। इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने गुरुवार को संसद को यह जानकारी दी। पश्चिमी एशिया को सैन्य मदद भेजने पर संसद में मतदान से पहले उन्होंने प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के पहले के सुझावों की पुष्टि की। क्रोसेटो ने कहा, हम अकेले देश नहीं हैं जो इस स्थिति का सामना कर रहे हैं और हम सभी को मदद के लिए निवेदन मिला है। उन्होंने कहा कि हम मिलकर जांच कर रहे हैं, जिसमें जम्मिेदारी कैसे बांटनी है, यह भी शामिल है।

# ईरान-अमेरिका के बीच मध्यस्थता को तैयार हैं: रूस

### अमेरिका ने यह साफ कर दिया है कि उसे मध्यस्थता की जरूरत नहीं है: रूसी राजनयिक

**मास्को।** रूस अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष को रूकवाने के वास्ते मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। वियना स्थित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में रूस के स्थाई प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो रूस ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता में मध्यस्थ बनने के लिए तैयार है।

उन्होंने रूसी अखबार इजवेस्टिया से कहा कि बेशक अगर जरूरत पड़ी तो रूस मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हालांकि अभी अमेरिका-ईरान के बीच दोबारा बातचीत शुरू होना मुश्किल लग रहा है, लेकिन दोनों तरफ के मुख्य मकसद सैन्य बल से हासिल नहीं किए जा सकते। उल्यानोव के मुताबिक ईरान रूस की मध्यस्थता का स्वागत करेगा। रूसी राजनयिक ने कहा कि अमेरिका ने यह साफ कर दिया है कि उसे मध्यस्थता की जरूरत नहीं है, क्योंकि उसका मानना है कि वह खुद हालात संभाल सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी असल में इसे बहुत खराब तरीके से संभाल कर रहे हैं।

## रूस जल्द रोक सकता है ईयू को गैस आपूर्ति: पुतिन



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस वाणिज्यिक फायदे के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) के देशों को उम्मीद से पहले प्राकृतिक गैस की आपूर्ति रोक सकता है। पुतिन ने बुधवार को एक साक्षात्कार में कहा कि ईयू देश एक महीने में रूसी गैस की खरीद पर नई रोक लगाने और एक साल में उन्हें पूरी तरह से बैन करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे बाजार अब खुल रहे हैं। शायद हमारे लिए अभी यूरोपीय बाजार में आपूर्ति रोकना और नई दिशाओं में निर्यात स्थापित करना ज्यादा फायदेमंद होगा। इसमें कोई राजनीतिक मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ 'खुलकर सोचे गए विचार' हैं। अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। ईयू की परिषद ने जनवरी में ईयू में रूसी पाइपलाइन गैस और लिक्विफाइड प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात पर प्रतिबंध को मंजूरी दी। इसके तहत एलएनजी के लिए जनवरी 2027 से और पाइपलाइन गैस के लिए 2027 के पतझड़ से पूरा प्रतिबंध लागू होगा। परिषद के मुताबिक, पाइपलाइन गैस और एलएनजी को मिलाकर, 2025 में कुल ईयू गैस आयात में रूस का हिस्सा लगभग 13 प्रतिशत था।

# नेपाल के आम चुनाव में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान

### 6500 + प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में कैद



**काठमांडो।** पड़ोसी देश नेपाल में आज आम चुनाव के लिए मतदान किया गया। साल 2025 में जेन-जी के विरोध प्रदर्शन के बाद नेपाल की तत्कालीन केपी शर्मा ओली सरकार गिर गई थी। 275 सीटों के लिए मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक चला।

प्रतिनिधि सभा की काठमांडू जिले की सभी 10 सीटों पर गुरुवार को मतदान खत्म होने के बाद अब वोटों की गिनती की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी चूरामण खड़का ने बताया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर शाम पांच बजे तक शांतिपूर्ण तरीके से वोटिंग पूरी हो गई। शुरुआती अनुमान के मुताबिक काठमांडू में करीब 60 से 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। खड़का ने कहा कि कुल कितने वोट पड़े हैं, इसका सही आंकड़ा आने में अभी कुछ समय लगेगा। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों से मत पत्र करीब दो घंटे के भीतर संबंधित निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालयों में पहुंचा दिए जाएंगे, जिसके बाद मतगणना शुरू की जाएगी। नेपाल के संसदीय चुनाव के लिए आधिकारिक तौर पर शाम पांच बजे मतदान समाप्त हो चुका है। शुरुआती अनुमान के मुताबिक काठमांडू में करीब 60 से 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। कार्यवाहक मुख्य चुनाव आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने मतदान के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस बार मतदान 65 प्रतिशत से अधिक रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सुबह से ही उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों के एक दर्जन से ज्यादा जिलों के प्रतिनिधियों से बात की है और वहां भी मतदान जारी है। मौसम भी अनुकूल बना हुआ है। हालांकि ऐसा लगता है कि पिछले चुनावों के करीब पांच प्रतिशत वोट इस बार अमान्य हो गए हैं। नेपाल के अखबार 'हिमालयन' ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

## ईरान के हवाई क्षेत्र पर जल्द होगा अमेरिका का कब्जा: व्हाइट हाउस

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि अगले कुछ घंटों में ईरानी हवाई क्षेत्र में उसकी वायु सेना का पूरा दबदबा होगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को यह जानकारी दी है। सुलेविट ने व्हाइट हाउस की दैनिक प्रेस वार्ता में कहा कि हमें उम्मीद है कि आने वाले घंटों में ईरानी एयरस्पेस पर हमारा पूरा दबदबा होगा। उन्होंने कहा कि ईरान में अमेरिका के सैनिकों को तैनात करने की अभी कोई योजना नहीं है, हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले कहा था कि वह भविष्य में इस विकल्प के लिए तैयार हैं। दिन की शुरुआत में अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने पेंटागन में संवाददाताओं से कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल सैन्य अभियान अभी शुरुआती चरण में है।

## अजरबैजान का आरोप, ईरान से ड्रोन उसके इलाके में उतरे

**बाकू।** अजरबैजान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ईरान ने कई ड्रोन भेजकर उसकी सरजमीन पर हमला किया है। यह पश्चिमी एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच अजरबैजान पर पहला हमला है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि ईरान के हवाई हमलों में नखचिवान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की एक टर्मिनल इमारत को निशाना बनाया गया, जबकि एक अन्य ड्रोन हमला शकराबाद गांव की एक स्कूली इमारत के करीब हुआ। मंत्रालय ने कहा कि हवाई अड्डे पर हुए हमले में दो लोग घायल हो गए। बयान में कहा गया कि हम ईरानी क्षेत्र से किए गए इन ड्रोन हमलों की घोर निंदा करते हैं। इन हमलों में हवाई अड्डे की इमारत को नुकसान हुआ है और दो लोग घायल हुए हैं। इस बीच, मंत्रालय ने कहा कि उसने अपना विरोध जाहिर करने के लिए अजरबैजान में ईरान के राजदूत को तलब किया है। मंत्रालय ने कहा कि यह हमला अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। उसने मांग की कि ईरान स्थिति पर स्पष्टीकरण जारी करे और सुनिश्चित करे कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। मंत्रालय ने कहा कि अजरबैजान के पास उपयुक्त जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108